You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-119 ❒ शनिवार, 31 मई 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



बिहार में बीते 20 साल के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार में बहुत काम हुआ है। नीतीश कुमार ने कहा कि जब 24 नवम्बर 2005 को राजग की सरकार बनी, जिसमें भाजपा और जदयू शामिल रही, उसके पहले जो सरकारें थी, उन्होंने राज्य में कोई काम नहीं किया था।
नीतीश कुमार

प्रधानमंत्री आज को भोपाल में देवी अहिल्याबाई महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन में करेंगे शिरकत 11

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने परिवार संग बाबा केदारनाथ के किए दर्शन 12

## प्रधानमंत्री ने बटन दबाकर 47 हजार 600 करोड़ रुपए की 15 विकास परियोजनाओं का दिया उपहार

# ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ : मोदी

एजेंसी

कानपुर। पाकिस्तान स्थित आतंकवादी ठिकानो पर सैन्य बलों की कार्रवाई की सराहना करते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक बार फिर पड़ोसी देश को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो दुश्मन गिड़गिड़ा रहा था वह किसी धोखे में ना रहेए ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। कानपुर में शुक्रवार को हजारों करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करते हुए श्री मोदी ने कहा भारत में आतंक के खिलाफ अपनी लड़ाई में तीन सूत्र स्पष्ट रूप से तय कर दिए हैं। पहला भारत हर आतंकी हमले का करारा जवाब देगा। उसका समयए जवाब देने का तरीका और जवाब देने की शर्तें हमारी सेनाएं खुद तय करेंगी। दूसरा भारत अब एटम बम की गीदड़ भभकी से नहीं डरेगा और ना ही उसके आधार पर कोई फैसला लेगा। तीसराए आतंक के आका और आतंक परस्त सरकार को भारत एक ही नजर से देखेगा। पाकिस्तान का स्टेट और नॉन स्टेट एक्टर का खेल अब नहीं चलने वाला है। अगर मैं सीधे.सीधे कनपुरिया भाषा में कहूं तो दुश्मन कहीं भी होए हौंक दिया जाएगा।

इस दौरान प्रधानमंत्री ने बटन दबाकर 47 हजार 600 करोड़ रुपए की 15 विकास परियोजनाओं का उपहार दिया। श्री मोदी ने चुन्नीगंज मेट्रो स्टेशन पर सजकर खड़ी मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ट्रेन में वंचित वर्ग के बच्चों ने सफर तय किया। इस दौरान उन्होने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक भी वितरण किया।

उन्होने कहा कानपुर में विकास का यह कार्यक्रम 24 अप्रैल को होने वाला था लेकिन पहलगाम हमले के कारण मुझे अपना कानपुर द्वारा रद करना पड़ा। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में हमारे कानपुर के बेटे शुभम द्विवेदी भी इस बर्बरता का शिकार हुए। उनके परिवार की पीड़ाए कष्ट और आक्रोश हम सब महसूस कर सकते हैं। हमारी बेटियों बहनों का वही आक्रोश ऑपरेशन सिंदूर के रूप में पूरी दुनिया ने देखा है। हमने पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकानों को घर में घुसकरए सैकड़ो मील अंदर जाकर तबाह कर दिया। हमारी सेना ने ऐसा पराक्रम किया कि पाकिस्तान सेना को गिड़गिड़ा कर युद्ध रोकने की मांग करने पर मजबूर होना पड़ा। स्वतंत्रता संग्राम की धरती से सेना के शौर्य को बार-बार सैल्यूट करता हूं। मैं फिर कहना चाहता हूं ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो दुश्मन गिड़गिड़ा रहा था वह किसी धोखे में ना रहे ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है।

श्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने भारत के स्वदेशी हथियारों और मेक इन इंडिया की ताकत भी देखी है। हमारे भारतीय हथियारों ने ब्रह्मोस मिसाइल ने दुश्मन के घर में घुसकर तबाही मचाई है। जहां टारगेट तय किया वहां धमाके किए। यह ताकत हमें आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से ● शेष पेज 11 पर



उपहार

- ❒ भारत अब एटमबम की धमकी से डरने वाला नहीं : मोदी
- ❒ दुश्मन कहीं भी रहे हौंक दिया जायेगा: मोदी
- ❒ आतंकवाद के खिलाफ आपरेशन सिंदूर न थमा है और न खत्म हुआ: प्रधानमंत्री
- ❒ प्रधानमंत्री ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गये शुभम के परिजनों से की मुलाकात
- ❒ गिड़गिड़ाने वाला दुश्मन धोखे में ना रहे

### बिहार में बोले प्रधानमंत्री मोदी- आतंकवाद हो या नक्सलवाद, अब माफी नहीं सीधा जवाब मिलेगा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के काराकाट में आयोजित जनसभा में देश की सुरक्षा, बिहार के विकास और पिछली सरकार की नीतियों पर खुल कर हमला बोला। आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ सरकार की निर्णायक रणनीति का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई न रुकी है, न थमी है। आतंक का फन अगर फिर उठेगा, तो भारत उसे बिल से खींच कर कुचल देगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार के लोग इस बदलाव के गवाह हैं कि कैसे नक्सल प्रभावित इलाकों में शांति लौट रही है। कभी जिन गांवों में स्कूल जलाए जाते थे, सड़क बनाने वालों को मारा जाता था, आज

## आत्मनिर्भर भारत की सफलता का उदाहरण है ऑपरेशन सिंदूर: योगी

एजेंसी

कानपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में भारत के शौर्य और पराक्रम के कारण आज पूरी दुनिया भारत के शक्ति और सामर्थ्य को एक उदाहरण के रूप में मान रही है। भारत की न्यू डिफेंस पॉलिसी के अंतर्गत दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम को नष्ट कर भारतीय सेना ने जिस शौर्य और पराक्रम का परिचय दिया है, वह प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्ष पूर्व प्रारंभ किए गए मेड इन इंडिया परिणाम है। ऑपरेशन सिंदूर आत्मनिर्भर भारत की सफलता का भी एक बेहतरीन उदाहरण है।

मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को कानुपर में प्रधानमंत्री मोदी के हाथों प्रदेश के कई स्थानों के लिए 47,600 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने के बाद संबोधित कर रहे थे। योगी ने भारतीय सेना के पराक्रम को सलाम करते हुए कहा कि भारत की न्यू डिफेंस पॉलिसी के अंतर्गत दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम को नष्ट कर भारतीय सेना ने जिस शौर्य और पराक्रम का परिचय दिया है, वह प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्ष पूर्व प्रारंभ किए गए मेड इन इंडिया की ताकत का एहसास है। इस बार ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत की ताकत को दुनिया ने देखा है। यह आत्मनिर्भर भारत की सफलता का भी एक बेहतरीन उदाहरण है। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में भारत के शौर्य और पराक्रम के कारण आज पूरी दुनिया भारत के शक्ति और सामर्थ्य को एक उदाहरण के रूप में मान रही है।

47,600 करोड़ की परियोजनाएं विकसित भारत की नींवमुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश को मिली 47,600 करोड़ की परियोजनाएं विकसित भारत की नींव है। योगी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के उपरांत प्रधानमंत्री का उत्तर प्रदेश की धरती पर यह प्रथम आगमन है। मैं प्रदेशवासियों की ओर से उनका हृदय से स्वागत करता हूं। यह धरती कभी औद्योगिक क्रांति की अग्रदूत रही है और आज विकास की नई गाथा लिखने जा रही है।योगी ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत की सैन्य शक्ति और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताते हुए कहा कि पहले सर्जिकल स्ट्राइक, फिर एयर स्ट्राइक और अब ऑपरेशन सिंदूर, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने दुनिया को दिखा दिया कि भारत अब जवाब देने में नहीं, जवाब देने की शैली भी तय करने में यकीन रखता है। यह मेड इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की सशक्त मिसाल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का कार्यक्रम उत्तर प्रदेश को विकसित भारत के 'ग्रोथ इंजन' के रूप में आगे बढ़ाने का एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 में मोदी के हाथों से शुरू हुई कानपुर मेट्रो के पहले चरण के बाद अब दूसरे चरण का लोकार्पण हुआ है, जिससे शहर का पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम आधुनिक और सुविधाजनक बनेगा। ● शेष पेज 11 पर



सफलता

❒ कानपुर में कई करोड़ की परियोजनाओं के शिलान्यास व उदघाटन समारोह को योगी ने किया संबोधित

## संक्षेप

### प्रधानमंत्री ने गोवा के लोगों को राज्य दिवस पर बधाई दी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गोवा के लोगों को राज्य दिवस के अवसर पर बधाई दी है। मोदी ने कहा कि गोवा की अनूठी संस्कृति भारत का गौरव है। गोवा के लोगों ने विविध क्षेत्रों में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। यह राज्य हमेशा से दुनिया भर के लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता रहा है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, ल्गोवा की अनूठी संस्कृति भारत का गौरव है। गोवा के लोगों ने विविध क्षेत्रों में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। यह राज्य हमेशा से दुनिया भर से लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता रहा है। पिछले एक दशक में बहुत से ऐसे काम हुए हैं जो गोवा की प्रगति को आगे बढ़ा रहे हैं। आशा है कि आने वाले समय में राज्य विकास की नई ऊंचाइयों को छूता रहेगा ।

### भाजपा का कांग्रेस पर हमला- ऑपरेशन सिंदूर से सबूत गैंग खुश नहीं

नई दिल्ली । ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर विवादित टिप्पणियों को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी, जयराम रमेश और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी घिरते नजर आ रहे हैं। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा कि पहले दिन से राहुल गांधी, जयराम रमेश और उनके लोगों ने भारतीय सेना, भारत के शौर्य पर सवाल उठाया, ये 'सबूत गैंग' खुश नहीं है। संबित पात्रा शुक्रवार को नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि जयराम रमेश ने अपने बयान में कहा कि यहां आतंकवादी घूम रहे हैं, वहां सांसद घूम रहे हैं। एक ही सांस में आपने सांसदों और आतंकवादियों को समान कर दिया? सांसद घूमने नहीं गए हैं, वे भारत के पक्ष को विश्व के सामने रखने गए हैं, उसमें आपके भी सांसद हैं। अमेरिका के एक बड़े मिलिट्री एक्सपर्ट जॉन स्पेंसर के एक आलेख का हवाला देते हुए संबित पात्रा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने न केवल पाकिस्तान को सैन्य रूप से हराया, बल्कि एक बड़ी तकनीकी जीत भी हासिल की, क्योंकि पाकिस्तान ने बड़े पैमाने पर चीन के प्रॉक्सी के रूप में काम किया, जो चीनी प्रणालियों पर बहुत अधिक निर्भर था। भारत के बारे में वैश्विक धारणा तेजी से सकारात्मक हुई है। उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक दल, विशेष रूप से कांग्रेस, भारतीय सशस्त्र बलों पर लगातार

मौलाना अरशद मदनी की अपील

## बकरीद पर प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी और वीडियो साझा करने से बचें

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली । ईद-उल-अज़हा के मौके पर भारत के मुसलमानों के नाम अपने एक संदेश में जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा है कि इस्लाम में क़ुर्बानी का कोई विकल्प नहीं है, यह एक धार्मिक कर्तव्य है जिसकी अदायगी हर सक्षम मुसलमान पर वाजिब है। इसलिए जिस व्यक्ति पर क़ुर्बानी वाजिब है, उसे हर हाल में यह फ़र्ज़ अदा करना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने वर्तमान हालात के मद्देनज़र मुसलमानों से कई तरह कीसावधानी बरतने की भी अपील की है। मौलाना मदनी ने यह भी सलाह दी कि मुसलमान क़ुर्बानी करते समय सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन करें। प्रतिबंधित जानवरों की क़ुरबानी से बचें। चूंकि, धर्म में इसके बदले काले जानवर की क़ुरबानी भी जायज़ है, इसलिए किसी भी फसाद से बचने के लिए उसी पर इक्तिफाक (संतोष) करना बेहतर होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर किसी जगह शरारती तत्व काले जानवर की क़ुरबानी से भी रोकते हैं, तो समझदार और प्रभावशाली लोगों के माध्यम से स्थानीय प्रशासन को विश्वास में लेकर क़ुर्बानी की जाए। अगर फिर भी, ख़ुदा न ख़्वास्ता, इस धार्मिक फ़र्ज़ की अदायगी का कोई रास्ता न निकले तो पास के किसी ऐसे इलाक़े में क़ुर्बानी कर दी जाए, जहां कोई परेशानी न हो। हालांकि, जहां पर क़ुर्बानी होती आई है और इस समय ● शेष पेज 11 पर




❒ इस्लाम में क़ुर्बानी का कोई विकल्प नहीं है, यह एक धार्मिक कर्तव्य है जिसकी अदायगी हर सक्षम मुसलमान पर वाजिब है।

## पाकिस्तानी गोलाबारी में क्षतिग्रस्त घरों, व्यवसायों और धार्मिक स्थलों के लिए केंद्र का पैकेज जल्द : शाह

एजेंसी

पुंछ । केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सीमा पार से पुंछ में की गई गोलाबारी से पीड़ितों के क्षतिग्रस्त घरों, व्यवसायों और धार्मिक स्थलों के लिए केंद्र सरकार जल्द ही एक पैकेज की घोषणा करेगी। शुक्रवार को पुंछ पहुंचने के तुरंत बाद शाह ने गुरुद्वारा सिंह सभा का दौरा किया, जो पाकिस्तानी गोलाबारी में क्षतिग्रस्त हो गया था। उन्होंने गोलाबारी प्रभावित क्षेत्रों में ऐसे अन्य स्थानों का भी दौरा किया और लोगों से बातचीत की। अपने दौरे के दौरान शाह ने उन निवासियों और परिवारों से मुलाकात की, जिन्होंने गोलाबारी में अपने प्रियजनों को खो दिया और उनकी संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचा है।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और दिल्ली के मंत्री मजिंदर सिंह सिरसा के साथ शाह ने शहर में गोलाबारी प्रभावित स्थानों का दौरा किया। उनका स्वागत भारत माता की जय के नारे के साथ किया गया। शाह ने प्रभावित दुकानदारों से भी मुलाकात की। पुंछ में लोगों से शाह ने कहा कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती इलाकों, खास तौर पर पुंछ में भारी गोलाबारी करके बेहद निंदनीय कृत्य किया है। उन्होंने कहा कि भारत ने सीमा पार आतंकी ढांचे को निशाना बनाकर जवाब दिया है, लेकिन किसी ● शेष पेज 11 पर



❒ उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और दिल्ली के मंत्री मजिंदर सिंह सिरसा के साथ शाह ने शहर में गोलाबारी प्रभावित स्थानों का दौरा किया।

### पुंछ में अमित शाह ने कहा- जम्मू-कश्मीर का विकास न रुकेगा, न थमेगा

पुंछ । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में पाकिस्तानी गोलाबारी से प्रभावित परिवारों से मिलने के लिए शुक्रवार को पुंछ का दौरा किया। उन्होंने यहां के बाशिंदों को भरोसा दिलाया कि जम्मू-कश्मीर का विकास न रुकेगा, न थमेगा। उन्होंने कह कि हर आतंकी हमले का जवाब देना हमारी नीति है। पहलगाम का हमला कायराना था, इसलिए इस हरकत की दुनियाभर में निंदा की गई। पुंछ के लोगों ने बहादुरी का परिचय दिया है। उन्होंने हमले में मारे गए पुंछ के नागरिकों के परिजनों को नियुक्ति प्रमाण पत्र भी दिए । शाह ने पाकिस्तान की कार्रवाई की निंदा करते हुए कहा कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाया और पुंछ में सबसे अधिक नुकसान हुआ। आजादी के बाद पहली बार पुंछ ● शेष पेज 11 पर

### सीआईके ने कश्मीर में कई स्थानों पर छापे मारे, आपत्तिजनक सामग्री और डिजिटल डिवाइस जब्त

श्रीनगर । काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) ने शुक्रवार को आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े एक मामले में कश्मीर घाटी में कई स्थानों पर छापे मारे। तलाशी के दौरान सिम कार्ड, मोबाइल फोन, टैबलेट और अन्य डिजिटल डिवाइस सहित आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई है। सीआईके ने बयान में कहा गया है कि छापेमारी के दौरान बरामद सिम कार्ड, मोबाइल फोन, टैबलेट और अन्य डिजिटल उपकरणों के डेटा का विश्लेषण किया जाएगा और जो सुराग सामने आएंगे, वे आगे की जांच का आधार बनेंगे। बयान में कहा गया है कि इस अभियान का उद्देश्य महत्वपूर्ण साक्ष्यों को उजागर करना, अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाना, मोबाइल फोन जैसे संचार उपकरणों के दुरुपयोग को रोकना और आतंकवाद का समर्थन करने वाले और उसे बढ़ावा देने वाले आतंकवादी सहयोगियों की पहचान करके जम्मू-कश्मीर में आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र को खत्म करना है।

रक्षा मंत्री ने आईएनएस विक्रांत पर सवार नौसैनिकों से बातचीत कर उनका हौसला बढ़ाया

## भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर अपनी शर्तों पर रोका : राजनाथ

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। दो दिनों की गोवा यात्रा पर गए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को आईएनएस विक्रांत पर सवार भारत के बहादुर नौसैनिकों के साथ बातचीत करके उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि जब तक राष्ट्र की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा आपके मजबूत हाथों में है, तब तक भारत को कोई तिरछी निगाहों से देख नहीं सकता। उन्होंने पहली बार खुलासा किया कि भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन 'सिंदूर' अपनी शर्तों पर रोका है, किसी के दबाव में नहीं। ऑपरेशन के दौरान भारतीय सेनाओं ने न केवल आतंकवादियों बल्कि उन्हें पालने-पोसने वाले सरपरस्तों को भी स्पष्ट संदेश दे दिया है कि भारत अब सहन नहीं करता, बल्कि अब सीधा जवाब देता है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बलों को ऑपरेशन 'सिंदूर' की सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए हमने महज कुछ ही समय में पाकिस्तान के आतंकी अड्डे और उसके इरादों को ध्वस्त कर दिया। हमारा प्रहार इतना तगड़ा था कि पाकिस्तान पूरी दुनिया से भारत को रोकने की गुहार लगाने लग गया। अंत में हमने अपनी शर्तों पर, मैं फिर दोहरा रहा हूं कि हमने अपनी शर्तों पर अपने सैन्य एक्शन को रोका है। अभी तो हमारी सेनाओं ने अपनी आस्तीनें पूरी मोड़ी भी नहीं थी, अभी तो हमने अपना पराक्रम दिखाना शुरू भी नहीं किया था। इस पूरे एकीकृत ऑपरेशन में नौसेना की भूमिका गौरवशाली रही है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन के दौरान अरब सागर में आपकी आक्रामक भूमिका, बेजोड़ समुद्री डोमेन जागरुकता और समुद्री वर्चस्व ने पाकिस्तानी नेवी को उसके ही तटों के पास सीमित कर दिया। वे खुले समुद्र में आने का साहस तक नहीं जुटा सके। समुद्र में हमारे पश्चिमी बेड़े के जहाजों ने आतंकवादी हमले के 96 घंटे के भीतर पश्चिमी और पूर्वी तट पर सतह से सतह और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों ● शेष पेज 11 पर



हौसला

- ❒ ऑपरेशन के दौरान भारतीय सेनाओं ने न केवल आतंकवादियों बल्कि उन्हें पालने-पोसने वाले सरपरस्तों को भी स्पष्ट संदेश दे दिया है
- ❒ पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए हमने महज कुछ ही समय में पाकिस्तान के आतंकी अड्डे और उसके इरादों को ध्वस्त कर दिया।

## अंकिता हत्याकांड में मुख्य आरोपी पुलकित आर्य समेत तीनों को उम्र कैद की सजा

एजेसी

कोटद्वार । उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता हत्याकांड में आखिरकार अदालत ने शुक्रवार को सजा का एलान करते हुए मुख्य आरोपी पुलकित आर्य समेत तीनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्र कैद की सजा सुनायी। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीना नेगी की अदालत ने आज सजा का एलान किया। भाजपा के पूर्व नेता विनोद आर्या के पुत्र एवं ऋषिकेश के वनंतरा रिसॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य को भारतीय दंड संहिता की धारा 302ए 201 और 354 के तहत दोषी करार देते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जबकि रिसॉर्ट के प्रबंधक सौरभ भाष्कर और अंकित गुप्ता को साक्ष्य मिटाने के मामले में भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 302 और 201 के तहत दोषी ठहराते हुए दोनों को भी आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता अवनीश नेगी के अनुसार तीनों को हत्या का दोषी करार दिया गया है और उम्रकैद की सजा सुनाई गयी है।



❒ अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीना नेगी की अदालत ने आज सजा का एलान किया

उल्लेखनीय कि वर्ष 2022 में अंकिता हत्याकांड सामने आया था। अंकिता ऋषिकेश के पास वनंतरा रिसॉर्ट में रिसेप्सनिष्ट के पद पर तैनात थी। वह 18 सितम्बरए 2022 को यकायक लापता हो गयी थी। दो दिन बाद 24 सितम्बर को उसका शव चीला बैराज से बरामद हुआ था। हत्या का आरोप वनंतरा रिसॉर्ट के मालिक पुलकित आर्यए सौरभ भाष्कर और अंकित गुप्ता पर लगा था। इस घटना के बाद पूरे प्रदेश में लोगों ने रोष व्यक्त किया था। प्रदेश सरकार ने भी मामले को विशेष जांच दल एसआईटी को सौंप दिया था। एसआईटी ● शेष पेज 11 पर

# चिलचिलाती धूप, झुलसता शरीर, मगर सेवा में अडिग: सलाम लखनऊ की ट्रैफिक पुलिस को

**ना छांव, ना पानी, ना आराम, फिर भी शहर के चौराहों पर डटे हैं ट्रैफिक कर्मी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी लखनऊ का पारा दोपहर में करीब 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला जाय और लोग एयर कंडीशनर और शीतल पेयों का सहारा ले रहे हैं। तब लखनऊ की ट्रैफिक पुलिस झुलसाती गर्मी में चौराहों पर ट्रैफिक व्यवस्था संभालने में जुटी है। न छांव है, न पीने का पानी, न ही विश्राम की कोई व्यवस्था। इसके बावजूद ट्रैफिक कर्मी पूरी निष्ठा से ड्यूटी पर तैनात हैं।

### न सुविधाएं, न राहत—फिर भी सेवा अविराम

शहर के व्यस्ततम चौराहों जैसे पिकैडली, पुरानी चुंगी, केशव नगर मोड़, साई दाता मोड़, ग्वारी चौराहा और सुशीला स्मृति वाटिका पर पुलिसकर्मी खुले आसमान के नीचे घंटों खड़े रहते हैं।इन स्थलों पर अधिकांश स्थानों पर कोई स्थायी शेड, बूथ या कूलिंग सुविधा उपलब्ध नहीं है। कुछ निजी संस्थाओं ने बीते वर्षों में वाटर कूलर या छाते जैसे अस्थायी प्रबंध किए थे। मगर सरकारी स्तर पर कोई स्थायी समाधान अब तक नहीं किया गया है।

### कर्तव्य निभाते, निजी जीवन से समझौता करते

इन वर्दीधारी कर्मचारियों का भी निजी जीवन है – कोई पिता है, जो बेटी की प्रस्तुति में शामिल नहीं हो पाता, कोई बेटा है, जो बीमार माँ से महीनों नहीं मिल पाता। फिर भी वे सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक लगातार ड्यूटी निभाते हैं। यह कर्तव्यनिष्ठा समाज के लिए एक मिसाल है।

### व्यवस्था को चुनौती देते हम स्वयं

जहाँ एक ओर ये पुलिसकर्मी अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर आम नागरिकों द्वारा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन उनकी ड्यूटी को और अधिक कठिन बना देता है।रेड लाइट जम्प करना, बिना हेलमेट के बाइक चलाना, या गलत दिशा में वाहन ले जाना – यह सब ट्रैफिक पुलिस के कार्यभार को कई गुना बढ़ा देता है।

### अब सिर्फ सहानुभूति नहीं, समाधान चाहिए

सरकार और प्रशासन से अपील है कि इन कर्मियों के लिए निम्नलिखित सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराई जाएं: हर प्रमुख चौराहे पर स्थायी शेड की व्यवस्था,पीने योग्य स्वच्छ जल की उपलब्धता, बैठने की सुविधा और प्राथमिक उपचार किट , गर्मी से राहत देने वाले उपकरण जैसे एयर मिस्ट फैन या कूलर,

### नियम पालन ही सच्चा सम्मान

आम जनता से भी अनुरोध है कि ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन कर इन कर्मियों की ड्यूटी को कुछ आसान बनाएं।ये सिर्फ कानूनी पालन नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है।हम धूप में खड़े हैं, ताकि आप छांव में रह सकें। कृपया नियमों का पालन करें।

# तंबाकू का सेवन केवल एक आदत नहीं, जैविक स्तर पर एक विध्वंस है : डॉ. हिमांगी दुबे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। ओरल हेल्थ एक्सपर्ट, संस्थापक, होप डेंटल हॉस्पिटल एंड वेलनेस सेंटर, लखनऊ एवं मुख्य दंत परामर्शदाता अजन्ता हॉस्पिटल, लखनऊ की डॉ. हिमांगी दुबे ने कहा कि 31 मई को मनाया जाने वाला वर्ल्ड नो टोबैको डे केवल एक तारीख नहीं, बल्कि एक वैश्विक चेतावनी है। एक ऐसा अलार्म जो हमें याद दिलाता है कि तंबाकू का सेवन केवल एक आदत नहीं, बल्कि जैविक स्तर पर एक विध्वंस है, जो आपके डीएनए तक को बदल देता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार, तंबाकू धूम्रपान व चबाने वाले दोनों रूपों में कम से कम 70 ऐसे रसायन उत्पन्न करता है जो सिद्ध रूप से कैंसरकारी हैं। क्या करें? 1. तंबाकू छोड़ने की योजना बनाएं – किसी डॉक्टर या काउंसलर की मदद लें। 2. साल में एक बार ओरल कैंसर स्क्रीनिंग जरूर कराएं, खासकर अगर आपने कभी तंबाकू सेवन किया हो। 3. बच्चों और किशोरों को सही वैज्ञानिक जानकारी दें ऽ डराने के बजाय समझाने के तरीके अपनाएं। 4. अपने समुदाय में तंबाकू विरोधी जागरूकता फैलाने में सक्रिय भाग लें।

### दस दिवसीय ग्रीष्म शिविर का हुआ सफल आयोजन

लखनऊ । दिल्ली पब्लिक स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन जूनियर तथा सीनियर शाखा में 10 दिवसीय ग्रीष्म शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारना, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना तथा उन्हें रचनात्मक और आनंद-दायक गतिविधियों के माध्यम से सीखने का अवसर प्रदान करना था।

## विधायक ने आकाशीय बिजली गिरने से मृतक युवक के परिजनों को बढ़ाया ढांढस



चौरी चौरा, गोरखपुर । चौरी चौरा विधायक ई. सरवन निषाद ने मंगलवार को छबैला टोला मुहम्मदपुर निवासी सूरज सिंह के परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया और परिवार को सांत्वना दिलाते हुए अधिकारियों से वार्ता करके हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया और कहा कि नौजवान की मौत जो सेना की तैयारी कर रहा था वह बेहद ही दुखद है । सोमवार को भोर में आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौत हो गया था। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार के साथ पूरी कटिबद्धता के साथ खड़ा हूं और शासन स्तर से परिवार की मदद करवाऊंगा। चौरी चौरा विधानसभा के लोगों का दुख मेरा दुख है। नगर पंचायत अध्यक्ष सन्नी जायसवाल ,बलदेव निषाद प्रधान , सुनिल निषाद प्रधान , रामदयागर निषाद विधायक प्रतिनिधि, तारकेश्वर जायसवाल मंडल अध्यक्ष, अवध नारायन , अमित जयसवाल सहित तमाम लोग मौजूद रहें।

# लूट का दूसरा आरोपित गिरफ्तार,भेजा गया जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। गुलरिहा क्षेत्र में पांच मई की रात शादी से फोटो शूट कर घर लौट रहे युवक के साथ कैमरा व मोबाइल की लूट हुई थी। लुट का साजिशकर्ता मुकेश साहनी को गुलरिहा पुलिस 10 मई को गिरफ्तार कर जेल भेज दी । जिसमें शामिल दूसरे आरोपित शनि निषाद को पुलिस ने शुक्रवार की सुबह हरसेवकपुर नंबर दो आम के बगीचे से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। आरोपित के पास से पुलिस को एक चाकू भी बरामद हुआ है। महराजगंज जिले के पनियरा क्षेत्र के सोनबरसा निवासी अंकित गुप्ता महंगे कैमरे से शादी समारोह में फोटो शूट करता है। एक शादी में फोटो शूट के दौरान गुलरिहा क्षेत्र के हरसेवकपुर नंबर दो नरिया टोला निवासी मुकेश साहनी से मुलाकात हुई थी। मुकेश किराए पर कैमरा लेकर चलता था। मुकेश को लगा कि उसके कैमरे से फोटो अच्छी नहीं आती। जिसपर उसने अधिक मुनाफ़े के साथ कैमरा मालिक बनने के लिए अंकित का महंगा कैमरा लूटने की योजना बनाने लगा। जिसके लिए अंकित से पहले दोस्ती बनाई और जैसे ही सोमवार की रात शाहपुर के बिछिया कालोनी में एक शादी समारोह दोनों की मुलातात हुई तो मुकेश साहनी ने घटना को अंजाम देने के लिए फोटो शूट खत्म होने के बाद अंकित को शराब पीने के लिए राजी कर लिया। जैसे ही गांव के पास पहुंचा तो मुकेश अपना कैमरा घर में रखकर गांव के सचिन व उसके साथी को फोन कर दिया। कहा कि जब हम दोनों शराब पीने लगेंगे तो आकर मुझे मारकर अंकित का बैग लेकर भाग जाना। योजना के अनुसार जब मुकेश और अंकित शराब पीने लगे तो उसी समय दो नकाबपोश बदमाश बाइक से आए और मुकेश को दो थप्पड़ मारकर नकली पिस्टल सटा दिए तथा अंकित का बैग छीनकर फरार हो गए थे।

# तम्बाकू है अभिशाप, छोड़ें इसका साथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। तम्बाकू का सेवन शारीरिक, पारिवारिक, आर्थिक और मानसिक रूप से हानिकारक है। बलरामपुर अस्पताल के कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेंद्र चौधरी ने बताया कि तम्बाकू से कैंसर, टीबी, फ़ेफड़ों और सांस की गंभीर बीमारियां होती हैं। उन्होंने कहा, तम्बाकू से जान का जोखिम बढ़ता है जिसका खामियाजा परिवार भुगतता है। डॉ. चौधरी के मुताबिक, तम्बाकू के सभी रूपों- हुक्का, पान मसाला, बीड़ी, सिगरेट, गुल में 4,000 से अधिक विषैले तत्व होते हैं, जो मुंह का कैंसर (85-90% मामले) और अन्य कैंसर का कारण बनते हैं। गर्भवती महिलाओं में धूम्रपान से मृत बच्चे का जन्म या समय पूर्व प्रसव हो सकता है। किशोरों में नपुंसकता और मानसिक स्वास्थ्य पर असर पड़ता है। तम्बाकू छोड़ने के फायदे तम्बाकू छोड़ने से हृदय की धड़कन, रक्तचाप सामान्य होता है, कार्बन मोनोऑक्साइड का स्तर घटता है, रक्त संचार, फ़ेफड़ों का कार्य बेहतर होता है, हार्ट अटैक और कैंसर का जोखिम कम होता है। शंकाओं के लिए टोल-फ्री नंबर 1800-11-2356 पर संपर्क करें। उन्होंने बताया की कानूनी प्रावधान कोटपा अधिनियम, 2003 के तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान अपराध है। तम्बाकू विज्ञापन, 18 वर्ष से कम आयु के लिए बिक्री, और स्कूलों के 100 गज के दायरे में बिक्री प्रतिबंधित है। उल्लंघन पर जुर्माना या कारावास हो सकता है। डॉ. रजनी ने बताया कि बलरामपुर अस्पताल में 2015 से तंबाकू उन्मूलन केंद्र निःशुल्क जागरूकता और सहायता दे रहा है। अब तक 25,000 लोगों को सेवा दी गई, जिसमें 2024-25 में 8,000 लाभार्थी और 1,000 को दवाएं मिलीं। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस तम्बाकू के नुकसान के प्रति जागरूकता के लिए मनाया जाता है।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्रों ने दिखायी प्रतिभा, आज होंगे सम्मानित

लखनऊ । डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में शुक्रवार को महारानी अहिल्याबाई होल्कर तीन सौवीं जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न तरह की प्रतियोगिता आयोजित की गयी। कुलपति प्रो0 जेपी पाण्डेय के निर्देशन में भाषण, निबंध, पेंटिंग और रंगोली प्रतियोगिता में सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज, फॉर्मेसी विभाग और प्रबंधन विभाग के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छात्रों ने भाषण प्रतियोगिता में जहां किसी भी विषय पर अपनी अच्छी समझ का परिचय दिया तो वहीं निबंध में विषय की गहरायी, पेंटिंग और रंगोली प्रतियोगिता में अपनी कला की प्रतिभा दिखाया। जूरी मेंबर्स ने छात्रों का मूल्यांकन किया। विजेता छात्रों को महारानी होल्कर की जयंती के अवसर पर 31 मई को सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता का निर्देशन डॉ0 अनुज कुमार शर्मा ने किया जबकि समन्वय डॉ0 वर्षा शुक्ला, डॉ0 जयबीर सिंह समेत अन्य लोग करेगे।

# खजनी क्षेत्र में युवक की संदिग्ध कारण से हुई मौत,पुलिस जांच में जुटी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

खजनी, गोरखपुर। खजनी थाना क्षेत्र के नन्दापार में एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। जानकारी के अनुसार एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाया गया, जिसकी पहचान रुद्रपुर खजनी निवासी त्रिवेणी शंकर त्रिपाठी पुत्र ओमप्रकाश त्रिपाठी के रूप में हुई है। उम्र 35 वर्ष मृतक की शादी नहीं हुई थी परिजनों ने सनसनी खेज आरोप लगाया है कि उनकी जमीन को बैनामा जैतपुर के नन्दापार मे करवाने के बाद उनकी हत्या कर दी गई। बताते हैं कि त्रिवेणी शंकर त्रिपाठी शराब पीने का आदी था और आए दिन शराब पीकर झगड़ा मारपीट किया करता था। पुलिस इस घटना में दो लोगों से पुछताछ कर थाने लाया गया है।इस घटना ने स्थानीय लोगों में आक्रोश और दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। परन्तु पुलिस जांच में जुटी हुई है। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद खुलासा हो सकेगा।

### ट्रक, ट्रेलर की टक्कर में ट्रेलर चालक की मौत

बड़हलगंज, गोरखपुर। क्षेत्र के कोहड़ाभावर गांव के सामने रामजानकी मार्ग पर गुरुवार की रात 12 बजे ट्रेलर-ट्रक की टक्कर में ट्रेलर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि ट्रेलर के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद सड़क के दोनों तरफ लंबा जाम लगा गया। हादसे के लगभग सात घंटे बाद थानाध्यक्ष चन्द्रभान सिंह ने जेसीबी से दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर को हटवाकर जाम खुलवाया।जानकारी के मुताबिक कुशीनगर जिले के सुधियांनी भरसार गांव निवासी दिनेश कुमार (40) देवरिया से ट्रेलर लेकर बड़हलगंज की तरफ आ रहा था। कोहड़ाभावर गांव के सामने बड़हलगंज की तरफ से आ रहे ट्रक से उसके ट्रेलर की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में ट्रेलर चालक दिनेश कुमार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए भेज दिया। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया।

### बड़हलगंज मे दिव्यांग की ट्रक से कुचल कर मौत

बड़हलगंज,गोरखपुर। कस्बे के पटना चौराहे पर गुरुवार की रात 01 बजे दिव्यांग (गूंगा-बहरा) अमन पांडेय (20) पुत्र कनक पांडेय निवासी बराव, थाना मदनपुर, देवरिया की ट्रक से कुचल कर दर्दनाक मौत हो गई। मृतक अपने पिता के साथ 10 वर्षो से पटना रोड पर स्थित छात्रावास के सामने किराये के मकान मे रहता था। पिता ठेले पर फल की दुकान लगाकर अपने परिवार का गुजर बसर करते थे। अमन गूंगा-बहरा होने के बावजूद काफी जागरूक था। क्षेत्र में घटना-दुर्घटना होने पर पुलिस से पहले पहुंच कर अपने मोबाइल से विडियो के माध्यम से पुलिस को सूचना देता था। अमन दो भाई व दो बहनो में सबसे छोटा था।गुरुवार की रात एक बजे अमन बड़हलगंज पटना चौराहे से अपने घर की तरफ जा रहा था कि इस बीच दोहरीघाट की तरफ से आ रहे ट्रक ने देवरिया की तरफ मुड़ते हुए अपने साइड से जा रहे अमन को कुचल दिया और ट्रक लेकर भाग चला।

# मंडलायुक्त ने आढ़तियों को अस्थायी आम मंडी हटाने की दी चेतावनी

**कहने के बाद भी अगर नहीं हटाएंगे अस्थाई मंडी तो होगी सख्त कार्रवाई–मंडलायुक्त**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मलिहाबाद/लखनऊ। लखनऊ मंडलायुक्त डॉ.रौशन जैकब ने मलिहाबाद स्थित वातानुकूलित मंडी का औचक निरीक्षक किया। इस दौरान व्यापारियों ने एनएचआई किनारे में लगने वाले अस्थाई मंडी को हटाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंप कर अस्थायी आम मंडी को हटाए जाने की मांग की है। उसके बाद मंडलायुक्त ने अस्थाई आम मंडी पहुंचकर आढ़तियों को जल्द से जल्द मंडी हटाने और धर्मकांटा संचालकों को आढ़तियों के ट्रकों की नाप-तौल करने भी मना किया है। दरअसल, शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे मंडलायुक्त डॉ. रौशन जैकब मलिहाबाद तहसील की नवीन उप मंडी ( वातानुकूलित मंडी ) का निरीक्षक करने पहुंची। इस दौरान आम व्यापारी ने उन्हें एक ज्ञापन सौंप कर बताया कि वर्ष 2022 से अब तक वातानुकूलित मंडी में नीलामी प्रक्रिया के तहत 67 दुकानें व्यापारियों को आंवटित की गई, लेकिन मलिहाबाद चौराहे पर अस्थाई मंडी की वजह से व्यापारी अपना कारोबार नहीं कर पा रहे हैं। जिससे मंडी परिषद और व्यापारियों को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। व्यापारियों ने बताया कि अस्थाई मंडी की वजह से मलिहाबाद चौराहे पर आए दिन जाम की समस्या होती है। जिससे बच्चों को स्कूल, मरीजों की एम्बुलेंस तथा वाहनों का आवागन के साथ ही दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। इस दौरान व्यापारियों ने अस्थाई मंडी को हटाने की मांग की है। उन्होंने कहाकि अस्थाई मंडी नहीं हटती है तब व्यापारी मंडी प्रशासन को अपने दुकानों की चाभी सौंपकर कारोबार नहीं करेंगें। इसके बाद मंडलायुक्त अस्थाई मंडी पर पहुंची और आढ़तियों को मंडी हटाने की सख्त हिदायत दी। मंडलायुक्त ने मंडी को अवैध बताते हुए एनएचआई से दुकानें हटाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही मंडलायुक्त ने एसडीएम मलिहाबाद को फटकार लगाते हुए धर्मकांटा संचालकों को आढ़तियों के ट्रैकों की नाप-तौल न करना का निर्देश दिया है। इसके बाद मंडलायुक्त ने व्यापारियों की समस्याओं को लेकर डीएम लखनऊ से वार्ता करने की भी बात की है।


# घघसरा में मनाई गयी अहिल्याबाई होल्कर की शताब्दी समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पाली, गोरखपुर। नगर पंचायत घघसरा में शुक्रवार को अध्यक्ष प्रभाकर दुबे की अध्यक्षता में आयोजित महारानी अहिल्याबाई होल्कर की त्रि शताब्दी समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें ''महिला सशक्तीकरण'' पर जोर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में आशा कार्यकत्रियां मौजूद थीं। सभा को संबोधित करते हुए- सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ल व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभाकर दुबे ने कहा कि- नारी सशक्तिकरण सरकार की प्रथम प्राथमिकता है और सरकार इस दिशा में सतत कार्य कर रही है। नारी के पास पैसा है, तो घर के उसके बच्चे अच्छी तरह पढ़ते लिखते हैं । देश का चतुर्दिक विकास के लिए महिला का सशक्तिकरण बहुत जरूरी है । नारी मजबूत है, तो बच्चे भी शिक्षित होंगे और घर भी चलेगा। अहिल्याबाई होल्कर एक नारी थीं,जो कर दिखाया वह हर किसी के लिए के लिए संभव नहीं है । उन्होंने नारियों के उत्थान के लिए सबसे पहले कुरीतियों के विरोध में संघर्ष किया। सती प्रथा धार्मिक उत्थान के लिए मंदिरों का जीरो धार और निर्माण सभी सामाजिक काम भरपूर करवाया। प्रमुख बेलघाट डॉ पूजा सिंह कौशिक ने गोष्ठी ने कहा कि- एक महिला सब कुछ करने में सक्षम है चाहे वह सामाजिक क्षेत्र हो राजनीतिक क्षेत्र हो या धार्मिक क्षेत्र हो अहिल्याबाई होल्कर महिलाओं की आदर्श हैं । उक्त अवसर- त्र्यंबक उपाध्याय, कृष्ण मोहन कसौधन,मनोज सिंह, शिवचरण प्रसाद,रुचिका मिश्र,दयाशंकर सिंह,विजय बहादुर,कृष्ण मोहन कसौधन,दिनेश मिश्रा राम जनक मौर्या,विनोद पांडेय ,विजय मिश्रा राजू पांडेय,ध्रुव कुमार गौड़,संतोष पांडेय,सुंदर त्रिपाठी,शिवानंद पांडेय,अभिमन्यु कनौजिया,मुन्ना राकेश,धूवचंद्र गुप्ता, चंदन वर्मा,विनोद गुप्ता, अशोक मौर्य समेत कई लोग मौजूद थे।

# हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर रवि किशन शुक्ला का संदेश: सच्ची पत्रकारिता ही राष्ट्र की असली आवाज़ है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर गोरखपुर के लोकप्रिय सांसद, अभिनेता और जनसेवक रवि किशन शुक्ला ने समस्त पत्रकार समुदाय को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए पत्रकारिता की गरिमा और जिम्मेदारियों को लेकर एक प्रेरणादायक संदेश दिया।रवि किशन ने अपने संदेश में कहा पत्रकारिता सिर्फ़ शब्दों की ताक़त नहीं, समाज की आत्मा की अभिव्यक्ति है। हिन्दी पत्रकारिता ने सदैव सत्य, संघर्ष और समाज सुधार की दिशा में मार्गदर्शन किया है। आज भी हिन्दी पत्रकारिता देश के करोड़ों लोगों की उम्मीद की आवाज़ बनी हुई है। उन्होंने 1826 में प्रकाशित पहले हिन्दी समाचार पत्र 'उदंत मार्तंड' का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस निष्ठा और जज़्बे के साथ उस युग में पत्रकारिता की शुरुआत हुई, उसी आदर्श को आज के पत्रकारों को भी जीवित रखना चाहिए। रवि किशन ने वर्तमान समय में पत्रकारों की भूमिका को और अधिक चुनौतीपूर्ण बताया।उन्होंने कहा सोशल मीडिया की तेज़ रफ्तार और सूचनाओं की बाढ़ के इस युग में पत्रकार का धर्म है कि वह तथ्य की तह तक जाए, सत्य को बिना डर सामने लाए और निष्पक्षता बनाए रखे। पत्रकार अगर निर्भीक है, तो लोकतंत्र मजबूत है। उन्होंने हिन्दी भाषा को भारत की आत्मा बताया और कहा कि हिन्दी पत्रकारिता ही वह सेतु है जो गांव, गरीब, किसान और आमजन को शासन और व्यवस्था से जोड़ती है। जब एक ग्रामीण महिला की पीड़ा हिन्दी अख़बार की सुर्खी बनती है, तब पत्रकारिता सफल होती है।

रवि किशन ने युवा पत्रकारों से आह्वान किया कि वे पत्रकारिता को सिर्फ़ करियर नहीं, एक जनसेवा का माध्यम समझें और अपने लेखन से देश, समाज और पीढ़ियों को दिशा दें।अंत में उन्होंने सभी पत्रकार साथियों को इस विशेष अवसर पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा – मैं उन सभी पत्रकार भाइयों-बहनों को नमन करता हूं, जो दिन-रात बिना रुके सच्चाई की खोज में लगे रहते हैं। आप सब राष्ट्र निर्माण के मौन शिल्पी हैं।

# अधिवेशन को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी को आमंत्रित करने का लिया गया निर्णय



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। तीसरी आंख मानवाधिकार संगठन के राष्ट्रीय संयोजक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद कुमार उपाध्याय, प्रेम शंकर प्रसाद वरिष्ठ अधिवक्ता, अपर महाअधिवक्ता, राकेश पाठक एडवोकेट, राज्य विधिक सलाहकार गोरखनाथ मौर्या एडवोकेट, अयाज खान अलीग एडवोकेट एवं अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ उच्च न्यायालय इलाहाबाद के त्रिभुवन हाल में तीसरी आंख मानवाधिकार संगठन द्वारा संगठन के स्थापना दिवस की 25 वीं वर्षगांठ के अवसर पर 29 जून 2025 को एमएमएमयू में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय अधिवेशन को ऐतिहासिक स्वरूप दिए जाने एवं आयोजन के उद्देश्यों के व्यवहारिक धरातल पर सार्वजनिक एवं सफल बनाने के लिए समाज के हर क्षेत्र व वर्ग से नागरिकों को सादर आमंत्रित करने के साथ साथ अन्य रणनीतियों पर गम्भीरता पूर्ण विचार विमर्श करते संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मिश्र, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तबस्सुम, महानगर अध्यक्ष संतोष गुप्ता एवं सुनील मांझी मौजूद रहे ।

# राजस्व निरीक्षक की साठ गांठ से जल मग्न रहने वाली भूमि पर प्रापर्टी डीलर का हुआ कब्जा

## गरीब लोग लगते थे सिंघाड़ा, करते थे मछली पालन,छीन गई जीविका



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ।मामला गोसाईगंज क्षेत्र के गांव गौरैया कला है। यहां राजस्व निरीक्षक और प्रापर्टी डीलर की साठ गांठ से जल मग्न रहने वाली भूमि पर एक प्रॉपर्टी डीलर ने अपना कब्जा जमा लिया है तो इससे जीवन यापन करने वाले की जीविका भी चली गई।इस गांव को गाटा संख्या 1221 व 1328 की भूमि को श्रेणी 3 में बताया जाता है।लोगों के अनुसार यह भूमि जल मग्न रहने वाली भूमि है।उस भूमि पर कुछ ग्राम वासियों द्वारा सिंघाड़ा लगाने और मछली पालने का काम किया जाता रहा है।अभी तक उसी से उन गरीबों जीवन यापन चलता रहा।यह सब पीढ़ियों से होता रहा है लेकिन अब उसमें राजस्व निरीक्षक (कानून गो) की संपूर्णानंद की नजर लग गई।तहसील के इस अधिकारी ने जल मग्न रहने वाली भूमि को प्रॉपर्टी डीलर मेराज अली पुत्र फारूक अली को सौंपने का काम शुरू कर दिया तो प्रॉपर्टी डीलर ने भी तालाब के रूप में पड़ी उस भूमि पर प्लॉटिंग का काम शुरू कर दिया।ऐसा क्यों हो रहा ? जब यह जानने का प्रयास भाकियू नेता संदीप कुमार यादव की ओर से किया गया तो राजस्व निरीक्षक से जानकारी लेने का प्रयास किया इस अधिकारी का पारा चढ़ गया।इस अधिकारी ने संदीप कुमार को धमकाते हुए कह दिया कि तुम लोग खाली हाथ आ जाते हो। देने के नाम पर किसी की जेब से फूटी कौड़ी भी नहीं निकलती है। राजस्व निरीक्षक साहब ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि हम लोगों के पास भी बहुत से खर्चे है। राजस्व निरीक्षक ने यह भी कहा कि उनकी सेटिंग जिला अधिकारी के कार्यालय में कार्यरत विजय वर्मा को अपना रिश्तेदार बताते हुए कहा कि इन्हीं के माध्यम से पैसा ऊपर तक पहुंचता रहता है।संदीप कुमार ने कहा कि राजस्व निरीक्षक ने कहा कि जरूरत पड़ने पर वे अपने मन माफिक रिपोर्ट तैयार कर लेते हैं उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। संदीप कुमार का मानना है कि लखनऊ की तहसील मोहनलालगंज में भ्रष्टाचार की जड़े काफी मजबूत हो चुकी है।

# अनंत नगर योजना: 334 भूखंडों की लॉटरी 10 जून को

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। एलडीए की अनंत नगर योजना के तहत 334 भूखंडों की लॉटरी 10 जून, 2025 को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित की जाएगी। इन भूखंडों को पाने के लिए 13,031 लोगों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया है। यह लॉटरी सभी आवेदकों की मौजूदगी में पारदर्शी तरीके से की जाएगी। शुक्रवार को लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख ने अनंत नगर योजना का दौरा किया। उन्होंने वहां चल रहे विकास कार्यों को देखा और जमीन अधिग्रहण से जुड़े मुद्दों की समीक्षा की। इस दौरान एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार और अन्य अधिकारी भी उनके साथ थे। विशाल टाउनशिप का सपना

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि अनंत नगर (मोहान रोड) योजना 785 एकड़ के बड़े क्षेत्र में बनाई जा रही है। यह एक विशाल टाउनशिप होगी जहां करीब डेढ़ लाख लोग रह सकेंगे। इस योजना में 2,100 आवासीय भूखंड होंगे जहां लोग अपने घर बना सकेंगे।120 व्यावसायिक भूखंड होंगे ताकि लोगों को दुकानें और व्यावसायिक सुविधाएं योजना के अंदर ही मिल सकें। 60 ग्रुप हाउसिंग भूखंड होंगे, जिनमें 10,000 से ज्यादा फ्लैट बनाए जाएंगे। ईडब्ल्यूएस और एलआईजी श्रेणी के 5,000 घर होंगे, जहां 25,000 से ज्यादा लोग रह सकेंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भी घरों का निर्माण होगा। आधुनिक और पर्यावरण-अनुकूल योजना इस योजना को अंतरराष्ट्रीय स्तर के ग्रिड पैटर्न पर बनाया जा रहा है। इसमें चौड़ी सड़कें होंगी और बिजली के लिए भूमिगत केबल डाले जाएंगे, ताकि बिजली आपूर्ति में कोई रुकावट न आए। 100 एकड़ जमीन पर एडुटेक सिटी बनेगी जहां 10,000 छात्रों, शिक्षकों और अन्य स्टाफ के लिए हॉस्टल और आवासीय इमारतें होंगी। 130 एकड़ जमीन पर पार्क और हरे-भरे क्षेत्र बनाए जाएंगे जो इस योजना को पर्यावरण के अनुकूल बनाएंगे। यह लखनऊ की पहली ऐसी योजना होगी, जिसमें आधुनिक कचरा प्रबंधन सिस्टम शुरू से ही होगा। यह शहर की पहली जीरो लिक्विड डिस्चार्ज योजना भी होगी, यानी पानी की बर्बादी को पूरी तरह रोका जाएगा। जिलाधिकारी विशाख ने योजना का पूरा जायजा लिया और विकास कार्यों को तेज करने का आदेश दिया। उन्हें बताया गया कि अभी यू.पी.सी.डा. और किसान पथ से योजना को जोड़ने वाली सड़क सिर्फ 7 से 10 मीटर चौड़ी है। इससे भविष्य में यातायात की समस्या हो सकती है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि इस सड़क को 24 मीटर चौड़ा किया जाए। इसके लिए जरूरी अनुमति (एन.ओ.सी.) लेने में प्रशासन पूर सहयोग करेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि योजना से प्रभावित किसानों को उनकी जमीन, संपत्ति और पेड़ों का मुआवजा जल्द से जल्द दिया जाए। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि एलडीए ने मुआवजे की पूरी राशि अपर जिलाधिकारी (भू-अर्जन) को दे दी है। लेकिन कुछ किसानों ने अभी तक मुआवजे के लिए फॉर्म नहीं भरे हैं। इस पर जिलाधिकारी ने एस.डी.एम. सरोजनीनगर सचिन वर्मा को निर्देश दिया कि योजना के साइट ऑफिस पर राजस्व कर्मचारियों को लगाया जाए। ये कर्मचारी किसानों से फॉर्म भरवाएंगे ताकि मुआवजे का वितरण जल्द हो सके। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि अनंत नगर योजना के पहले चरण में 334 भूखंडों के लिए 4 अप्रैल, 2025 से 5 मई, 2025 तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हुआ था। इसमें 13,031 लोगों ने रजिस्ट्रेशन फीस जमा कर आवेदन किया। अब 10 जून, 2025 को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में इन भूखंडों की लॉटरी होगी। यह लॉटरी पारदर्शी तरीके से आवेदकों की मौजूदगी में की जाएगी। सभी आवेदकों को इसकी सूचना भेजी जा रही है। उपाध्यक्ष ने यह भी बताया कि अगर किसी आवेदक से फॉर्म भरते समय कोई गलती हो गई है, तो वे 4 जून, 2025 तक अपने आवेदन में सुधार कर सकते हैं।

# डीपीएस एल्डिको में हुआ अलंकरण समारोह का आयोजन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। दिल्ली पब्लिक स्कूल की एल्डिको शाखा में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के सभी विभागों से जुड़े उत्तरदायित्व की शपथ विद्यालय के छात्रों द्वारा ली गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि संजय कुमार, आईपीएस महानिरीक्षक केरला कैडर(वर्तमान में आईटीबीपी, लखनऊ में प्रतिनियुक्ति पर) मौजूद रहे। समूह विद्यालयों के प्रमुख प्रधानाचार्या मनीषा अंथवाल ने छात्रों को उनके उत्तरदायित्व के निवार्हन हेतु विभिन्न पदों पर अलंकृत किया।

# नगराम में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी पर भव्य कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ । नगराम कस्बा स्थित एक विवाह मंडप में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर जी की त्रिशताब्दी के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन की पहल नगराम मंडल अध्यक्ष बलराम कश्यप द्वारा की गई, जिनकी अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस गरिमामई अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा रामनिवास यादव रहे। मुख्य अतिथि जी ने माता अहिल्याबाई होलकर की शौर्य गाथा व उनके जीवन की अमिट कहानी के बारे में विस्तृत जानकारी दी , साथ में विशिष्ट अतिथि के रूप में अनुसूचित जाति मोर्चा से वीरेंद्र कुमार रावत नगराम मंडल अध्यक्ष बलिराम कश्यप , पूर्व मंडल अध्यक्ष श्याम प्यारी लोधी , शिव गुप्ता , मनीष शुक्ला सुशील यादव रोहित साहू समेत बड़ी संख्या में मातृ शक्ति उपस्थित रही । इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने अपने-अपने वक्तव्यों माता अहिल्या बाई होलकर को विस्तार से बताया।



## नगर निगम ने गृहकर छूट योजना को 30 जून तक बढ़ाया

लखनऊकैनविज टाइम्स संवाददाता । नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए गृहकरदाताओं को बड़ी राहत दी है। छूट योजना को 30 जून 2025 तक बढ़ाया गया, जिसमें ऑनलाइन भुगतान पर 10% और ऑफलाइन भुगतान पर 8% छूट शामिल है। मई 2025 में राजस्व में अप्रत्याशित वृद्धि देखी गई। महापौर सुषमा खर्कवाल ने जनहित में यह निर्णय लिया, ताकि करदाता प्रोत्साहित हों। डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। नगर आयुक्त को योजना के प्रभावी कार्यान्वयन, समयबद्ध लाभ और प्रचार-प्रसार के लिए निर्देशित किया गया।

## पंखे से दुपट्टे के सहारे लटक कर महिला ने दी जान

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में रहने वाली एक महिला ने अपने घर के अंदर कमरे में पंखे से दुपट्टे के सहारे लटक कर जान दे दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

पुलिस के मुताबिक सुशान्त गोल्फ सिटी के मांढरमऊ में रहने वाली सलोनी (21) की शादी गोसाईंगंज क्षेत्र में रहने वाले गोविंद से लगभग डेढ़ साल पूर्व हुई थी। किसी बात को लेटर पति से चल रहे विवाद के कारण वह अपने मायके मांढर मऊ में रह रही थी। जिसने गुरुवार की शाम अपने कमरे में पंखे से दुपट्टा बांध लटक कर जान दे दी। पुलिस के मुताबिक महिला कई महीने से मायके में रह रही थी । फिलहाल आत्महत्या के कारण का कोई पता नही चला।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

सरोजनीनगर, संवाददाता कैनविज टाइम्स संवाददाता । बिजनौर इलाके मे एक मॉल कर्मचारी ने किराये के कमरे में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। मकान मालिक की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

लुधियाना पंजाब निवासी प्रिंस कुशवाहा (20) थाना क्षेत्र की ओमेस्क सिटी में विनीत कुमार अधोलिया के मकान में दूसरी मंजिल में स्थित कमरे में किराये पर रहता था। वह आशियाना स्थित एक मॉल में नौकरी करता था। मकान मालिक विनीत कुमार ने दोपहर करीब 12:30 बजे पुलिस को सूचना दी कि प्रिंस का शव उसके कमरे में पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे लटका हुआ है। कमरे का दरवाजा अन्दर से बंद है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ कर उसके शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही घटना की जानकारी उसके परिजनों को दी। प्रभारी निरीक्षक अरविंद राणा के मुताबिक कोई सुसाईड नोट नही मिला है। प्रिंस ने आत्महत्या क्यों की इसकी जाँच पड़ताल की जा रही है।

प्रिंस ने अयोध्या के नन्दिनी नगर पीजी कालेज से बीबीए सेकन्ड सेमस्टर की परीक्षा दी थी।

## किशोरो और महिलाओं में धूम्रपान उपयोग की दर तेजी से बढ़ना चिंताजनक: आनन्द प्रताप सिंह

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। दंत चिकित्साधिकारी और ओरल कैंसर विशेषज्ञ डॉ आनन्द प्रताप सिंह ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर बताया कि तंबाकू का सेवन किसी भी रूप में किया जाय, स्वास्थ्य के लिए हानिकारक ही होता है। इस वर्ष विश्व तंबाकू निषेध दिवस की थीम ''तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की व्यावसायिक रणनीति को उजागर करने की है। उन्होंने बताया कि तंबाकू उपयोग पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि इसका कारोबार और उपयोग विकसित देशों की तुलना में विकासशील देशों में तेजी से बढ़ रहा है। तंबाकू कंपनियां विभिन्न प्रकार के साधनों के जरिए महिलाओं, बच्चों और युवाओं को अपने उत्पादों के प्रति आकर्षित कर रही हैं। वर्तमान में अपने देश में किशोरो और महिलाओं में धूम्रपान उपयोग की दर तेजी से बढ़ रही है। तम्बाकू उद्योग द्वारा ई-सिगरेट और गर्म तम्बाकू उत्पादों जैसे नए निकोटीन उत्पादों को बढ़ावा देना विशेष रूप से चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि चिंताजनक बात यह है कि पुरुषों और महिलाओं के बीच तम्बाकू के उपयोग में अंतर कम होता जा रहा है, क्योंकि अधिक से अधिक महिलाएं और लड़कियां धूम्रपान कर रही हैं, जिससे उन्हें गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर, ऑस्टियोपोरोसिस और प्रजनन संबंधी समस्याओं जैसे स्वास्थ्य जोखिमों का सामना करना पड़ रहा है।

# पत्रकार समाज को दिशा देने वाले योद्धा हैं : रजनी तिवारी

## कृत्रिम बौद्धिकता के दौर में पत्रकारिता संगोष्ठी व सम्मान समारोह का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नेशनल जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन(आई) उत्तर प्रदेश की ओर से शुक्रवार को हिन्दी पत्रकारिता दिवस-2025 के अवसर पर सम्मान समारोह एवं कृत्रिम बौद्धिकता के दौर में पत्रकारिता संगोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी मौजूद रही। उन्होंने इस मौके पर कहा कि लोकतंत्र में निष्पक्ष पत्रकारिता का चौथा स्तम्भ परम आवश्यक है। देश और समाज को जब-जब दशा-दिशा दिए जाने की जरूरत आई, तब-तब पत्रकारिता ने सकारात्मक भूमिका निभाई। परतंत्र भारत में पत्रकारिता ने न सिर्फ स्वतंत्रता के मतवालों को प्रेरित किया बल्कि पत्रकारों ने स्वयं सक्रिय सहभागिता भी निभाई। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद देश और समाज की आवश्यकता के अनुरूप पत्रकारों ने हमेशा सकारात्मक राह दिखाई। आपातकाल के दौरान जब जरूरत थी तो पत्रकारिता ने निरंकुश सत्ता को आईना दिखाया। जब सरकारों ने बेहतर कार्य किए तो सार्वजनिक पीठ भी थपथापाई। सेना के शौर्य के समर्थन में पत्रकारिता ने किसी योद्धा से कमतर भूमिका का निर्वहन नहीं किया। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज को दिशा देने वाले योद्धा हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनयूजे, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष वीरेंद्र सक्सेना ने की। मंच पर संगठन के संरक्षक के. बख्श सिंह, सुरेंद्र कुमार दुबे एवं एनयूजे स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन के उपाध्यक्ष अजय कुमार भी रहे।

# अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम का विशेष अभियान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नगर निगम ने महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर शुक्रवार को शहर के विभिन्न जोनों में अतिक्रमण के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। जोन-5 में आलमबाग चौराहे से सिंगार नगर, अवध चौराहा और कनौसी पुल तक सड़कों से ठेले, गुमटी और काउंटर हटाए गए। जोनल अधिकारी नंदकिशोर के नेतृत्व में कर अधीक्षक आलोक कुमार श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक सुश्री रेनू यादव, राजू कुमार और प्रवर्तन दल (296) ने पुलिस की मौजूदगी में कार्रवाई की। इसी तरह जोन-8 में जोनल अधिकारी अजीत राय के निर्देशन में पॉवर हाउस चौराहा, सेक्टर-एच और एलडीए कॉलोनी के पास सड़कों व नालों से अतिक्रमण हटाया गया। कर निरीक्षक शंकर दुबे और प्रवर्तन दल (296) ने इस अभियान को अंजाम दिया। उन्होंने बताया नगर निगम का यह अभियान शहर को अतिक्रमण मुक्त और सुव्यवस्थित बनाने के लिए आगे भी जारी रहेगा।

# फिल्म फुले से सामाजिक न्याय को विशेष बल मिलता है: आरके चौधरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ।समाजवादी पार्टी मलिहाबाद विधानसभा के निवर्तमान विधायक प्रत्याशी सोनू कनौजिया ने महान समाज सुधारक ज्योतिबाराव फुले और सावित्री बाई फुले के जीवन पर आधारित फुले फ़िल्म विधानसभा मलिहाबाद के सभी नेताओं कार्यकर्ताओं के साथ देखी।फिल्म फुले से सामाजिक न्याय पर विशेष बल मिलता है।

मुख्य रूप से इस फिल्म के प्रदर्शन में मोहनलालगंज सांसद आरके चौधरी,ज़िला निर्वाचन प्रभारी टीबी सिंह,भारत यादव,राशिद अली,सरनाम सिंह यादव,धर्मेंद्र सिंह यादव,शिवबालक रावत,सोनीष मौर्य,आदर्श सिंह,स्वयं सिंह यादव पल्लन,लालाराम यादव,कल्लूराम रावत,चन्द्रपाल सविता,औशान कनौजिया,बचान सिंह यादव,डॉ विजय यादव,आरिफ़ प्रधान,मनीष यादव,राम सिंह यादव एडवोकेट,अतुल यादव,तुषार त्रिपाठी,मोनू पंडित,खलनायक यादव, इब्राहिम मंसूरी,अशोक कनौजिया, दशरथ यादव,रामनारायण रावत,राजेश सविता, रामचन्द्र रावत,शेखर कनौजिया,प्रकाश पाल, सूर्यसेन, संदीप यादव, मोईन ख़ान, तुषार कनौजिया,राम सिंह प्रताप,गौरव कनौजिया,वीर सिंह यादव सूरज,आलोक मौर्य,विकास यादव,केशरी राव धारा सिंह यादव,ज्ञान सिंह,श्वेतांक गौरव,सुरेंद्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# अवैध निर्माण और प्लाटिंग पर एलडीए की सख्त कार्यवाही

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शहर में अवैध निर्माण और प्लाटिंग के खिलाफ अपनी मुहिम को तेज करते हुए शुक्रवार को ताबड़तोड़ कार्रवाई की। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-1, जोन-4 और जोन-5 की टीमों ने गोमती नगर, गोमती नगर विस्तार, गुड़म्बा और सैरपुर क्षेत्रों में अभियान चलाया। इस दौरान 3 अवैध निर्माणों को सील किया गया और 5 अनधिकृत प्लाटिंग को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि गोमती नगर के विनीत खंड में प्लॉट संख्या-5/69 पर बद्रीनाथ तिवारी व अन्य द्वारा 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह, गोमती नगर विस्तार में भूखंड संख्या-5/64 पर अभय सिंह व अन्य द्वारा 120 वर्गमीटर क्षेत्रफल में चार मंजिला भवन और भूखंड संख्या-5/483 पर हितेश खन्ना व अन्य द्वारा 115 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा था। इन तीनों निर्माणों को प्रवर्तन टीम ने सील कर दिया। वहीं प्रवर्तन जोन-4 की जोनल अधिकारी वंदना पाण्डेय ने जानकारी दी कि सैरपुर में नरेश तिवारी, अर्जुन अग्रवाल व अन्य द्वारा 3 बीघा क्षेत्रफल में अनधिकृत प्लाटिंग का कार्य चल रहा था। इसके अलावा, कौशल यादव व अन्य द्वारा सैदापुर फौजी भट्ठे के पास 3 बीघा क्षेत्र में अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। बिना ले-आउट स्वीकृति के हो रहे इन कार्यों को टीम ने बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। वहीं प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार के अनुसार, गुड़म्बा के कुर्सी रोड स्थित ग्राम-सीवां में अतीक व अन्य, लल्लू बाबा व अन्य और अबरार व अन्य द्वारा 7,000-7,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में तीन अलग-अलग अवैध प्लाटिंग का कार्य चल रहा था। प्राधिकरण से स्वीकृति न लेने के कारण इन सभी को ध्वस्त कर दिया गया।

# राजमाता अहिल्याबाई होलकर धार्मिक सामाजिक तथा शैक्षिक उन्नयन के साथ-साथ नारी शिक्षा तथा सशक्तिकरण के लिये करती रही संघर्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता




खैराबाद, सीतापुर। राजमाता अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जयंती जयंती स्मृति समारोह आज नगर पालिका परिषद खैराबाद में पालिका अध्यक्ष श्रीमती बेबी गुप्ता तथा अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता के द्वारा बहुत ही धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष तथा एमएलसी विजय बहादुर पाठक तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला थे कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के द्वारा माता अहिल्याबाई के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई तथा इसी क्रम में जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला तथा अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्त कंचन प्रभाव पांडे तथा जया सिंह आदि ने माल्यार्पण किया कार्यक्रम में उपस्थित अधिसंख्य महिलाओं तथा उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विजय बहादुर पाठक ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होलकर एक मराठा जाति से ऐसी रानी हुई है जिन्होंने धार्मिक सामाजिक शैक्षिक तथा व्यापारिक एवं नारी शिक्षा उन्नयन हेतु जीवन भर कार्य किया तथा उनके द्वारा लगभग 1922 देश भर के प्रमुख मंदिरों का निर्माण कराया गया तथा जीणोद्धार कराया गया काशी विश्वनाथ मंदिर बाबा केदारनाथ बद्रीनाथ आदि अनेक मंदिरों को माता अहिल्याबाई ने निर्माण एवं जीर्णोद्धार करने का कार्य किया। उनका योगदान देश के इतिहास में सदैव अमर रहेगा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि यदि हम माता अहिल्याबाई को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करना चाहते हैं तो उनके द्वारा किए गए कृत्यो को जो कि आज इतिहास का अंग है हमें पूरी ईमानदारी के साथ अपने निजी आचरण में उतारना होगा तथा उन्हें अपने कर्मों में ढालना होगा उन्होंने कहा कि माता अहिल्याबाई ने जो कार्य किए हैं वह विस्मृत कर दिए गए थे लेकिन वर्ष 1914 के उपरांत भारतवर्ष के इतिहास में जिन-जिन महापुरुषों का भारतीय सनातन धर्म संस्कृति के प्रति प्रमुख योगदान रहा है यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनके जीवन पर प्रकाश डालने तथा कस्बा ब्लॉक जनपद प्रदेश तथा देश स्तर पर जनप्रतिनिधियों के द्वारा संगोष्ठियां करके उनके जीवन को जीवंत करने का कार्य किया जा रहा है यह भी प्रधानमंत्री तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री के कुशल निर्देशन की बदौलत ही है उन्होंने कहा कि माता अहिल्याबाई होलकर ने नारी सशक्तिकरण हेतु आज से 300 वर्ष पूर्व जो कार्य किए थे उसी को बढ़ाने का कार्य सूबे तथा राज्यों तथा देश की सरकार कर रही है सच्चे अर्थों में माता अहिल्याबाई को यही सच्ची श्रद्धांजलि है कार्यक्रम को पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्त ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा ऐतिहासिक महापुरुषों को श्रद्धांजलि के जरिए जो भी उत्कृष्ट कार्य किया जा रहे हैं सभी ऐतिहासिक हैं तथा मेरे जैसे अधिकांश लोगों को इन्हीं कार्यक्रमों के जरिए महापुरुषों का बोध होता है।

# पत्रकार समाज का प्रमुख अंग है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महमूदाबाद, सीतापुर। पत्रकार समाज का प्रमुख अंग है। हिंदी पत्रकारिता की शुरुआत करने वाले पं. जुगल किशोर ने तब शायद कल्पना भी नहीं की होगी कि हिंदी पत्रकारिता का जो पौधा उन्होंने रोपा है वह एक दिन विशाल वटवृक्ष बन जाएगा। 'उदंत मार्तन्ड' और उस समय के उन पत्रकारों ने अपनी कलम से ब्रिटिश हुकूमत हिला दिया था। यह साप्ताहिक अखबार था, जो हर हफ्ते मंगलवार को पाठकों तक पहुंचता था। यह बात सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ ने समाज हित में दायित्वों और अपेक्षाओं को निष्ठा के साथ पूरा किया है। विशिष्ट अतिथि के रूप में सीएचसी अधीक्षक डॉ आशीष वर्मा और कोतवाली प्रभारी अनिल सिंह ने भी हिंदी पत्रकारिता दिवस की महत्ता पर अपने विचार रखे। अतिथियों का स्वागत महमूदाबाद अवध पत्रकार संघ के अध्यक्ष रमेश वाजपेयी, श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष श्रीश रस्तोगी आदि ने माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर सुधीर श्रीवास्तव, इरफान मंसूरी, अनुज जैन, जितेंद्र वर्मा, आंजनेय आशीष, वागीश दिनकर, दिलीप वाजपेयी,आयुष जैन, दीपक गुप्त, अनुज वर्मा, शशांक शुक्ल, विष्णु पोरवाल, अमित वाजपेयी, सुधीर वर्मा, जियाउल, अब्दुल्ला, तुफैल अहमद, सुनीता गौतम, लक्ष्मी गुप्ता आदि उपस्थित रहे।विधायक ने दिया आश्वासन (इनसेट) हिंदी पत्रकारिता दिवस के मौके पर चारधाम की यात्रा पर निकली क्षेत्रीय विधायक आशा मौर्या ने वीडियो काल के माध्यम से महमूदाबाद प्रेस क्लब निर्माण के लिए शासन स्तर से भूमि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। विधायक ने महमूदाबाद अवध पत्रकार संघ के अध्यक्ष रमेश वाजपेयी की मांग पर कहा कि जल्द ही इस दिशा में प्रयास किए जाएंगे। पत्रकारों के लिए महमूदाबाद प्रेस क्लब का निर्माण किया जाएगा।

# पत्रकार सुरक्षा परिषद फाउंडेशन के सह महामंत्री ने खोई हुई बच्ची को सकुशल परिजनों से मिलवाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जनपद में हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पत्रकार सुरक्षा परिषद फाउंडेशन के समह महामंत्री अमित मौर्य ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए एक खोई हुई मासूम बच्ची को सकुशल उसके परिजनों से मिलवाया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 30 मई 2025 को दोपहर करीब 1:00 बजे जब अमित मौर्य अपने निजी कार्य से सेठघाट रोड से गुजर रहे थे, तभी उन्होंने एक लगभग दो वर्ष की बच्ची को अकेले रोते हुए देखा। बच्ची अत्यधिक डरी हुई थी और बोलने की स्थिति में नहीं थी।सह महामंत्री अमित मौर्य ने त्वरित सजगता दिखाते हुए बच्ची को अपने संरक्षण में लिया और आसपास के क्षेत्र में उसके परिजनों की तलाश शुरू की। करीब दो घंटे की अथक कोशिशों के बाद बच्ची के परिजनों को खोज लिया गया।बच्ची की पहचान गुनगुन के रूप में हुई, जो खेलते-खेलते अपने घर से लगभग आधा किलोमीटर दूर सड़क पर पहुंच गई थी। परिजनों ने बताया कि गुनगुन रूपरानी पत्नी दिनेश की पुत्री है।बच्ची को सुरक्षित पाकर उसके परिवारजनों ने राहत की सांस ली और अमित मौर्य के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने भी से सह महामंत्री की सतर्कता और संवेदनशीलता की प्रशंसा की।

## शांति व कानून व्यवस्था कार्यों संबंधी समीक्षा बैठक सम्पन्न

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन, शांति व कानून व्यवस्था कार्यों संबंधी समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। संयुक्त निदेशक अभियोजन संजय कुमार ने एजेंडा प्रस्तुत करते हुये कानूनी कार्यवाहियों एवं उपलब्धियों से संबंधित जानकारी दी। जिलाधिकारी ने विभिन्न वादों की स्थिति पर चर्चा कर वादों पर गुणवत्तापूर्ण पैरवी करने के निर्देश दिए। विभिन्न वादों के अभियोजन अधिकारियों से स्थिति की जानकारी ली। महिला सम्बन्धी अपराधों एवं एससीएसटी एक्ट के वादों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने टॉप-10 अपराधियो को चिन्हित कर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन चिह्नित टॉप-10 प्रकरणों में हाजिरी नहीं हो पा रही है, उनमें नियमानुसार प्रक्रिया का पालन करते हुए वारंट जारी कराए जाये। समय से तामीला सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अपीलों को समय से दाखिल कराया जाये।

# केवानी नदी के तट पर स्थित आश्रम में शुरू हुआ श्री विष्णु महायज्ञ एवं संत सम्मेलन समारोह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां (सीतापुर)। केवानी नदी के तट पर स्थित श्री राधा कृष्ण आश्रम पर आयोजित सात दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ एवं संत सम्मेलन के अवसर पर शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं पीले रंग के परिधान में सिर पर जल से भरा कलश लेकर कलश यात्रा में शामिल हुईं। यह भव्य कलश यात्रा की शोभा देखते ही बन रही थी। कलश यात्रा में पैदल चल रहे महिला पुरुषों के अतिरिक्त कई घोड़े भी शामिल थे। सबसे पहले पतित पावनी केवानी नदी के तट पर पीले रंग के मिट्टी के बने कलशों में जल भरकर उन्हें अपने सिर पर रखकर एक साथ सैकड़ों की संख्या में भक्त महिलाएं बड़ी ही श्रद्धा और भक्ति के साथ जहांगीराबाद चौराहे पर स्थित शिव मंदिर पर पहुंचीं। यात्रा में भारी संख्या में संतों का भी समागम रहा। वहां से कस्बे का भ्रमण करते हुए पुनः कलश यात्रा नदी के तट पर यज्ञ मण्डप में पहुंच कर सम्पूर्ण हुई। नौतपा के ताप को ध्यान में रखते हुए सुबह 9 बजे पावन किवानी नदी के तट पर वैदिक विधि विधान से पूजन अर्चन हुआ। आयोजक महंत बाबा विशंभर दास व यज्ञाचार्य प्रशां

# 3235 अभ्यर्थी देंगे बीएड प्रवेश परीक्षा, 7 परीक्षा केंद्रों पर होगी दो पालियों में परीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जिले में आगामी 1 जून को आयोजित होने वाली बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा को लेकर तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। इस महत्वपूर्ण परीक्षा के सुचारु संचालन हेतु अटल सभागार में शुक्रवार को एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक संपन्न हुई।बैठक का संचालन डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह ने किया। एडीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कराई जाए और अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज की जाए, जिससे परीक्षा में पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता बनी रहे।उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं जैसे प्रकाश, फर्नीचर, पेयजल, शौचालय आदि सुचारू रूप से उपलब्ध हों। किसी भी प्रकार की कमी को परीक्षा पूर्व ही दूर करने के निर्देश दिए गए।एएसपी पवन गौतम ने जानकारी दी कि सभी केंद्रों पर पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती की गई है, जिससे परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हो सके।दो पालियों में होगी परीक्षा, ये हैं परीक्षा केंद्रपरीक्षा के जिला समन्वयक डॉ. हेमंत पाल (प्राचार्य, वाईडी कॉलेज) ने बताया कि बीएड प्रवेश परीक्षा दो पालियों में संपन्न कराई जाएगी–प्रथम पाली सुबह 9:00 से दोपहर 12:00 बजे तक और द्वितीय पाली दोपहर 2:00 से शाम 5:00 बजे तक।इस वर्ष कुल 3235 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। जिनके लिए जिले में निम्नलिखित 7 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं।अबुल कलाम आजाद गर्ल्स इंटर कॉलेजभगवानदीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालयभगवानदीन आर्य कन्या इंटर कॉलेजधर्मसभा इंटर कॉलेजगुरुनानक इंटर कॉलेजयुवराज दत्त महाविद्यालयकृषक समाज इंटर कॉलेज, सेठघाट रोड, फत्तेपुर लखीमपुरबैठक में उपस्थित अधिकारीगणइस अवसर पर जिला समन्वयक डॉ. हेमंत पाल, उपनोडल प्राचार्य सूर्य प्रकाश शुक्ला (राजकीय महाविद्यालय पलिया), डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह, सभी केंद्र प्रतिनिधि, स्टैटिक मजिस्ट्रेट समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# बच्चों ने सीखा आरोग्य पेंटिंग बनाना,किचन गार्डन की मिली जानकारी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां (सीतापुर)। शुक्रवार को कंपोजिट विद्यालय जहांगीराबाद में बच्चों को योगाभ्यास कराने के बाद आरोग्य पेंटिंग के बारे में बताया गया। अवसाद से ग्रसित रोगियों के लिए यह पेंटिंग किस तरह सहायक होती है इस बारे में बताया गया। किचन गार्डन के बारे में भी बताया गया। इस किचन गार्डन को किस मकसद से बनाया जाता है इस बारे में भी बच्चों को बताया गया। जो मौसमी सब्जियां आज-कल मई जून में लगाई जा सकती हैं उनके बीज बच्चों से लगवाये गये। बच्चों को न्यूज पेपर और चार्ट पेपर से एप्रेन बनाना बताया गया। कल बच्चों से यह एप्रेन बनवाये जायेंगे। अनुदेशक मो0 फिरोज आलम ने बताया विभाग द्वारा दिवस वार बताई गई गतिविधियों के साथ ही पिछली कराई गई गतिविधियों में से कुछ गतिविधियां कराई जाती हैं जिससे बच्चे अच्छे से सीख सकें। इन गतिविधियों में जो मिट्टी के खिलौने बच्चों द्वारा बनाये गये थे उनको आज रंगना सिखाया गया साथ ही कुछ पेंटिंग भी बच्चों द्वारा बनायी गयी।

## पत्रकार हमारे जीवन का अहम हिस्सा: अभिषेक गुप्ता



सीतापुर। खैराबाद हिंदी पत्रकारिता दिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन खैराबाद नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बबलू द्वारा किया गया।पत्रकारिता के बदलते परिवेश पर बात करते हुए अभिषेक गुप्ता बबलू ने कहा कि आज पत्रकारिता के क्षेत्र में जो लोग कार्य कर रहे है सच में मै उन लोगों को महान ही कहूंगा क्योंकि अपना समझ के कार्यों में लगने वाला सिर्फ एक पत्रकार ही होता है जिसके कार्य में कई चुनौतियां भी होती है फिर भी अगर समाज के लिए कोई दिन रात कार्य करता है तो वो पत्रकार ही होता है।आम जनमानस तक अगर कोई बात आसानी से पहुंचती है तो उसका माध्यम ही पत्रकार ही होता है।आज हिंदी पत्रकारिता दिवस के मौके पर खैराबाद पालिका में उपस्थित सभी पत्रकारों का मै आभार व्यक्त करता हूं।इस मौके पर प्रदेश प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि पत्रकार हमारे लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है आप सभी पत्रकार साथी निष्ठा निर्भीकता एवं प्रतिबद्धता से राष्ट्रवाद व जन चेतना का संचार कर रहे हैंवहीं इस मौके पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी पत्रकारिता के माध्यम से जन सरोकारों को स्वर देने और लोकतंत्र को मजबूत करने में आपका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण हैइस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बबलू ने पत्रकारों का सम्मान किया इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी विजय बहादुर पाठक जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ल ,जिला मंत्री जया सिंह जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा कंचन प्रभा पांडे ने पत्रकारों का सम्मान किया ।

## जानवरों के चारे में हो रहा बड़ा खेल, प्रधान डकार रहे चारे की रकम

सीतापुर। विकास खंड परसेंडी की ग्राम।पंचायत भदियाशी में भ्रष्टाचार की एक से बढ़ कर एक मिशाल देने में प्रधान कोई कसर बाकी नहीं रख रहे है।कभी मनरेगा में भ्रष्टाचार की खबरों के आरोप तो कभी ग्राम पंचायत की जमीन पर बसाने और फिर उजाड़ने का खेल इन दो वर्षों में अपने कार्यकाल में भदियाशी ग्राम पंचायत ने अपने काले कारनामों से खूब चर्चा में रही।अब ताजा मामला ग्राम पंचायत में बने गौशाला से निकल कर आ रहा हर जहा गौवंश की गिनती कागजो पर ज्यादा है जिसका चारा भी प्रधान के पेट में जा रहा है बाकी गौशाला में कितने जानवर है ये अगर जांच हो जाए तो दूध का दूध और पानी का पानी जो जाएगा।बाकी प्रधान के काले कारनामों का चिट्ठा अगर पिछले कार्यकाल का खोला जाए तो प्रधान पर गाज गिरना तय है।लेकिन सबकी मिली भगत का नतीजा है तो कौन जांच करेगा और कौन कार्यवाही । अधिकारियों की कार्यशैली का नतीजा है जो भदियाशी जैसी न जाने कितनी ग्राम पंचायतों में ये खेल चल रहा है।आखिर कैसे उन पर रोक लगे इस संबंध में आखिर किसकी जिम्मेदारी है आयर कौन कब कार्यवाही करेगा ।

## ईद उल फितर को शांति पूर्वक मनाए जाने को लेकर बैठक

लखीमपुर खीरी। थानाध्यक्ष मैलानी निराला तिवारी के द्वारा चौकी कुकरा पर आगामी त्यौहार ईद उल फितर को शांति पूर्वक मनाए जाने व उच्च अधिकारी गण के आदेशों निर्देशों से अवगत कराते हुए मुनासिब हिदायत देते हुए शांतिपूर्वक मनाए जाने हेतु संभ्रांत व्यक्तियों की मीटिंग चौकी कुकरा प्रांगण में की गई।

# धौरहरा में माता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान का भव्य आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

धौरहरा, लखीमपुर। नगर पंचायत सभागार धौरहरा में आज पुण्यश्लोकी माता अहिल्याबाई होलकर जी की त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों तथा स्थानीय जनता ने सहभागिता की।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निघासन विधायक माननीय शशांक वर्मा जी और धौरहरा विधायक माननीय विनोद शंकर अवस्थी जी रहे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने माता अहिल्याबाई होलकर के योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने समाज सुधार, न्यायप्रिय शासन और नारी सशक्तिकरण में उनके अद्वितीय योगदान को रेखांकित किया।इस अवसर पर अनेक सम्मानित पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, पत्रकार बंधु, साथ ही माताएं, बहनें, बुजुर्ग और बड़ी संख्या में युवा साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, भाषण तथा माता अहिल्याबाई के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रहीं।

# दीपा रंजन ने किया सुजानपुर व ऐरा ग्राम पंचायत का निरीक्षण

**उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन की निदेशक ने ली योजनाओं की जमीनी हकीकत की समीक्षा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर । उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन की निदेशक दीपा रंजन ने शुक्रवार को रमियाबेहड़ की ग्राम पंचायत सुजानपुर और ईसानगर की ग्राम पंचायत ऐरा का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान उन्होंने पंचायत भवन, अन्नपूर्णा भवन, आयुष्मान केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र, संविलियन विद्यालय और आदर्श खेल मैदान का बारीकी से जायजा लिया। आंगनबाड़ी केंद्र कृष्णनगर में लाभार्थी महिलाओं ने पुष्टाहार में हो रही देरी की शिकायत की, वहीं स्वास्थ्य विभाग की एएनएम की तैनाती न होने से गर्भवती महिलाओं ने अपनी परेशानी निदेशक के समक्ष रखी।इस पर निदेशक दीपा रंजन ने एक सप्ताह के भीतर एएनएम की नियुक्ति का आश्वासन दिया।सुजानपुर में निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने बाढ़ कटान की गंभीर समस्या को भी उठाया। इस पर निदेशक ने कहा कि इस मुद्दे को मुख्यमंत्री स्तर तक ले जाकर एक नई परियोजना के तहत समाधान निकाला जाएगा, जिससे कटान से होने वाली क्षति को रोका जा सके।इसके अतिरिक्त, उन्होंने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति का भी मूल्यांकन किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद कर उनके स्टॉल और क्रियाकलापों के बारे में जानकारी ली और महिलाओं की भागीदारी की सराहना की।अंत में, ब्लॉक मुख्यालय पर सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान बीडीओ, बीईओ, सीएचसी अधीक्षक, सीडीपीओ, और ग्राम विकास अधिकारी समेत कई विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने उप्र संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2025 की तैयारियों को लेकर की बैठक

**सभी सम्बन्धित केन्द्र व्यवस्थापक/स्टैटिक मजिस्ट्रेट बैठक के बाद अपने केन्द्र का भ्रमण करें: जिलाधिकारी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




आजमगढ़। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी 1 जून 2025 को होने वाली उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2025 की परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शीपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के दृष्टिगत सभी केंद्र व्यवस्थापकों, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस विभाग के साथ तैयारियों के संबंध में बैठक की गई। जिलाधिकारी ने बताया है कि उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2025 जनपद आजमगढ़ में दिनांक 01 जून 2025 को (दो सत्रों में पूर्वान्ह 09:00 बजे से 12:00 बजे तक एवं अपरान्ह 02:00 बजे से 05:00 बजे तक) जनपद में निर्धारित 23 परीक्षा केन्द्रों पर संचालित होनी है, जिसमें कुल 10961 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। उक्त परीक्षा बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झॉसी द्वारा आयोजित कराया जा रहा है।

उन्होने निर्देशित किया है कि परीक्षा की सुचिता बनाए रखने के लिए शासनादेश में दी गयी व्यवस्था के अनुसार 02 परीक्षा केन्द्रो पर एक केन्द्र प्रतिनिधि तथा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर 01 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करें। उन्होने निर्देश दिया है कि निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा की सुचिता बनाए रखने, परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करने एवं शान्ति/विधि-व्यवस्था सुनिश्चत करने व परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा सामग्री पहुँचाने व परीक्षा के उपरान्त संकलन हेतु केन्द्र प्रतिनिधि एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती करना सुनिश्चित करें। उक्त के अतिरिक्त केन्द्र प्रतिनिधियों की तैनाती आरक्षित के रूप में की गयी है, जो परीक्षा तिथि को प्रातः 5:00 बजे कोषागार कार्यालय परिसर में उपस्थित रहेंगे। उन्होने निर्देश दिया है कि सभी सम्बन्धित केन्द्र व्यवस्थापक/केन्द्र प्रतिनिधि/स्टैटिक मजिस्ट्रेट बैठक के बाद अपने केन्द्र का भ्रमण करना सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि प्रत्येक केन्द्र पर कक्षों एवं फर्नीचर आदि को सैनिटाइज कराने की पर्याप्त व्यवस्था, प्रत्येक परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक एवं परीक्षा से सम्बंधित अन्य कर्मियों का इन्फ्रारेड थर्मामीटर से तापमान लेने के उपरान्त मास्क लगाकर ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश किये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। सम्बन्धित केन्द्र प्रतिनिधि दिनांक 01 जून 2025 को नगर प्रभारी/नोडल परीक्षा अधिकारी/अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन), आजमगढ़ की देख-रेख में प्रथम सत्र हेतु प्रश्न पत्र/गोपनीय सामग्री प्रातः 05:00 बजे तथा द्वितीय सत्र हेतु पूर्वान्ह 09:00 बजे कोषागार से प्राप्त करेंगे एवं परीक्षा आरम्भ होने के नियत समय से पूर्व उक्त गोपनीय पैकेट्स परीक्षा केन्द्रों पर पहुँचायेगें तथा इसकी सूचना महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ में स्थापित परीक्षा कन्ट्रोल रूम नं0-7800793655 पर एवं जनपदीय कन्ट्रोल रूम नं0-9454417172 पर अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे। इसके उपरान्त अपने आवंटित परीक्षा केन्द्रों पर भ्रमणशील रहकर परीक्षा को नकल विहीन, सकुशल सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा समाप्ति के पश्चात केन्द्र प्रतिनिधि, कोषागार से परीक्षा केन्द्र को प्राप्त करायी गयी परीक्षा सामग्री को सील कराकर केन्द्राध्यक्षों के सहयोग से कोषागार कार्यालय तक सुरक्षित पहुंचायेंगे।उन्होने समस्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया है कि परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित समय से पहुँचकर वहां बैठक व्यवस्था, स्वच्छता तथा सुरक्षा आदि की व्यवस्था तथा कक्ष निरीक्षकों के सम्बंध में पूर्व में ही पूर्ण जानकारी प्राप्त कर लें। परीक्षा तिथि 01 जून 2025 को परीक्षा केन्द्र पर प्रातः 07:00 बजे तक प्रत्येक दशा में पहुंचकर महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ में स्थापित परीक्षा कन्ट्रोल रूम नं0-7800793655 पर एवं जनपदीय कन्ट्रोल रूम नं0-9454417172 पर अवगत कराना सुनिश्चित करेगें। जनपद में धारा-163 बी0एन0एस0एस0 (पूर्व धारा-144 सी0आर0पी0सी0) पूर्व से ही प्रवृत्त है, जिसके दृष्टिगत परीक्षा केन्द्रों के आस-पास 200 मीटर की परिधि में और आवश्यकता पड़ने पर उसके बाहर भी केन्द्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक, परीक्षार्थी व ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों के अतिरिक्त कोई अन्य व्यक्ति प्रवेश नहीं करेगा।

## हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर आयोजित हुए विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह




राजापाकड़ /कुशीनगर। हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर ग्रापए तहसील इकाई तमकुहीराज की ओर से विचार गोष्ठी व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। तहसील कार्यालय पर आयोजित इस कार्यक्रम में संगठन से जुड़े बड़ी संख्या में पत्रकारों ने भाग लेकर अपने विचार व्यक्त किये।बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व तहसील अध्यक्ष अशोक तिवारी ने कहा कि उदंत मार्तंड जो 30 मई 1826 को कोलकाता से प्रकाशित हुआ था इस अखबार में खड़ी बोली व ब्रजभाषा का उपयोग किया गया था। दुर्भाग्य से कुछ वर्षो बाद यह अखबार कतिपय कारणों से बंद हो गया । बंद होने के बावजूद इस अखबार ने हिन्दी पत्रकारिता के लिए एक रास्ता खोल दिया। तहसील अध्यक्ष राजकुमार चौबे ने कहा कि जहां अन्य अखबार समाज के सम्भ्रांत वर्ग या यूं कहें एक विशेष वर्ग का प्रतिनिधित्व करता था वहीं हिन्दी पत्रकारिता आमजन का अखबार बनकर उभरा। जिला उपाध्यक्ष पारसनाथ पांडेय ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता ने शहर के साथ ही ग्रामीण अंचल में बसने वाले अंतिम व्यक्ति के अभिव्यक्ति को उचित फोरम पर पहुंचाने का कार्य किया है साथ ही देश दुनिया में होने वाली छोटी बड़ी हलचल को उन तक पहुंचाने का कार्य किया। संगठन की ओर से वरिष्ठ पत्रकार अशोक तिवारी, पारसनाथ पांडेय कृष्णमुरारी पांडेय को शाल,डायरी एवं पेन देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर तहसील महामंत्री अंजनी सिंह, जिला संगठन मंत्री मनोज मिश्र,रणविजय द्विवेदी चुन्नू, अनिल चौरसिया, दीपू मिश्रा, नितांत सिंह, विजय गोड़, अमजद अली सागर, धनंजय मिश्र,मृत्युंजय द्विवेदी मृत्युंजय पांडेय, अमित पांडेय,जाहिद हुसेन, सलाउद्दीन अंसारी, अजय शर्मा, आदि रहे।

## कृषि विज्ञानियों ने उन्नत कृषि के गुर सिखाए, किसानों ने समाधान सीखा



राजापाकड़/कुशीनगर। भारत सरकार द्वारा 29 मई से 12 जून तक संचालित विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत दुदही विकास खंड के दुमही गांव स्थित पंचायत भवन परिसर में शुक्रवार को किसान गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में कृषि विशेषज्ञों ने वैज्ञानिक पद्धतियों पर आधारित खेती के महत्व को रेखांकित किया।कृषि विज्ञान केंद्र सरगटिया के प्रभारी डा. अशोक राय ने कहा कि जैविक खेती, उन्नत बीज, जल संरक्षण और कीट प्रबंधन के उपायों को अपनाकर किसान अपनी आय बढ़ा सकते हैं। कीट विज्ञानी डा. रमेश ने किसानों को कीटों की पहचान और नियंत्रण के उपाय बताए। विषयवस्तु विशेषज्ञ रिद्धि वर्मा ने कहा कि किसान परंपरागत खेती से आगे बढ़ें और वैज्ञानिक खेती को अपनाएं। वरिष्ठ शोधकर्ता विशाल सिंह ने कहा कि मिट्टी की जांच कर खाद का समुचित उपयोग करना चाहिए। एडीओ एजी जितेन्द्र शर्मा ने सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। गोष्ठी की अध्यक्षता प्रगतिशील किसान पारसनाथ सिंह ने की। उन्होंने कहा कि किसान जागरूक बनें और नई तकनीकों को खेतों तक पहुंचाएं। संचालन भाजपा नेता जितेन्द्र गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि किसान आत्मनिर्भर बनें और खेती को रोजगार का साधन समझें। गोष्ठी में किसानों की समस्याएं सुनी गईं और समाधान बताए गए। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि रामचंद्र राय, संतोष तिवारी, सुरेंद्र गुप्ता, विनोद कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, सुदर्शन आर्य, धुरखेली कन्नौजिया, विश्वनाथ खरवार, लालबहादुर कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा, रविन्द्र कन्नौजिया, विश्वनाथ कुशवाहा, ज्ञानी बैठा, बाबूलाल बैठा आदि उपस्थित रहे।

## मामूली विवाद ने लिया हिंसक रूप

कुशीनगर। जिले के हनुमानगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बोधी छपरा गांव से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। गांव में बच्चों के बीच शुरू हुए झगड़े ने धीरे-धीरे बड़ों को भी अपनी चपेट में ले लिया, और देखते ही देखते दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चलने लगे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिससे प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है।स्थानीय सूत्रों के अनुसार, गुरुवार दोपहर गांव के कुछ बच्चों के बीच किसी खेल या छोटी बात को लेकर विवाद हो गया। बच्चों के बीच शुरू हुई कहासुनी जब घर तक पहुँची, तो बड़ों ने हस्तक्षेप किया, और मामला सुलझने की बजाय और अधिक उग्र हो गया।

# 135 ग्रामों में कृषकों का वैज्ञानिकों के साथ विचार-विमर्श के लिये कार्यक्रमों का आयोजन

**29 मई से 12 जून 2025 तक जनपद के समस्त विकास खण्डों में चिन्हित 135 ग्रामों आयोजित होगा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली तथा कृषि उत्पादन आयुक्त, महोदय उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश एवं तद्क्रम में जिलाधिकारी आजमगढ़ द्वारा प्रदत्त निर्देश के अनुपालन में विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के अन्तर्गत दिनांक 29 मई 2025 से 12 जून 2025 तक जनपद के समस्त विकास खण्डों में चिन्हित 135 ग्रामों में कृषकों का वैज्ञानिकों के साथ विचार-विमर्श हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (छठ।प्ड, डंन) के वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र कोटवा/लेदौरा के वैज्ञानिकगण, कृषि एवं कृषि से सम्बद्ध विभागों के अधिकारी/क्षेत्रीय कार्मिकों की संयुक्त टीम बनाकर कृषकों के साथ मृदा स्वास्थ्य, फसल उत्पादन तकनीकी, बीज एवं उर्वरक प्रबन्धन, फसलों के कीट रोग एवं बीमारियों, दलहनी एवं तिलहनी फसलों की खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड तथा कृषकों के आय में वृद्धि आदि विषयों पर चर्चा की जायेगी। इसी क्रम में आज विकास खण्ड सठियांव के ग्राम मुस्तफाबाद, डिलिया, केरमा, गोछा, प्यारेपुर, कसवासराय तथा विकास खण्ड कोयलसा के ग्राम मदनपट्टी, पियरिया एवं भीमाकोल में उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्र कोटवा/लेदौरा की तीन टीमों द्वारा उक्त ग्राम पंचायतों में खरीफ फसलों के उन्नत खेती की तकनीकी के साथ फसल विविधिकरण के सम्बन्ध में जानकारी दी गई स कृषि एवं संवर्गीय विभाग के अधिकारियों तथा क्षेत्रीय कार्मिकों द्वारा उक्त आयोजन में उपस्थित कृषकों बन्धुओं को अपने-अपने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी तथा कृषि वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों बन्धुओं की कृषि सम्बन्धी समस्याओं का निदान बताते हुए सुझाव भी दिये गये

# अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर सफाई कर्मचारियों को किया गया सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज,रायबरेली। नगर पंचायत महराजगंज के साफ सफाई को अमली जामा पहनने वाले तथा कस्बे को साफ सुथरा बनाकर नगर पंचायत को विकास की ओर अग्रसर करने वाले सभी सफाई कर्मचारियों को आज अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर सम्मानित करते हुए हर्ष हो रहा है । यह उदगार आज नगर पंचायत सभागार में सफाई कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू व्यक्त कर रहे थे नगर पंचायत में अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने महिला और पुरुष सफाईकर्मियों को माला पहनाकर सम्मानित किया। न्यायप्रिय लोक कल्याणकारी कार्यों के लिए जाना जाता है। उनका शासनकाल महिला सशक्तिकरण का बेहतरीन उदाहरण है। अहिल्याबाई ने अपने शासन में सामाजिक आदर्श मूल्यों की स्थापना की।कार्यक्रम में वरिष्ठ लिपिक रामचंद्र बाबू, लिपिक यमुना प्रसाद, धर्मेंद्र वर्मा, सहित अन्य सफाईकर्मी उपस्थित रहे।

# माफिया ध्रुव सिंह की एक करोड़ की अवैध संपत्ति कुर्क

**जिला मजिस्ट्रेट के आदेशानुसार गैंगस्टर एक्ट के तहत की गई बड़ी कार्रवाई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के निर्देशन में अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत जीयनपुर थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। जिला मजिस्ट्रेट आजमगढ़ के आदेशानुसार, प्रदेश स्तर पर चिन्हित माफिया ध्रुव सिंह उर्फ कुन्टू सिंह की अवैध रूप से अर्जित संपत्ति, जिसका सर्किल रेट 17,46,400 रुपये और वर्तमान बाजार मूल्य लगभग एक करोड़ रुपये है, को गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत कुर्क किया गया।ध्रुव सिंह उर्फ कुन्टू सिंह, निवासी छपरा सुल्तानपुर, थाना जीयनपुर, आजमगढ़, जो आईआर-गैंग 36/2024 का गैंग लीडर है, ने आपराधिक गतिविधियों से अर्जित धन से अपनी पत्नी बन्दना सिंह के नाम पर सगड़ी तहसील के ग्राम साल्हेपुर में कुल 0.338 हेक्टेयर भूमि खरीदी थी। इसमें गाटा संख्या 277 (0.122 हेक्टेयर) और गाटा संख्या 101 व 278 (कुल 0.216 हेक्टेयर) शामिल हैं। यह संपत्ति 26 अगस्त 2009 को खरीदी गई थी। राजस्व विभाग ने इसकी कीमत 17,46,400 रुपये आंकी, जबकि वर्तमान बाजार मूल्य एक करोड़ रुपये है।3 अगस्त 2022 को थाना जीयनपुर में मुकदमा संख्या 488/2022, धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रिया-कलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत ध्रुव सिंह, उनकी पत्नी बन्दना सिंह सहित 10 अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

जांच के दौरान यह सामने आया कि ध्रुव सिंह ने आपराधिक गतिविधियों से अर्जित धन से यह संपत्ति अपनी पत्नी के नाम पर खरीदी थी। थानाध्यक्ष जीयनपुर ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के माध्यम से जिला मजिस्ट्रेट को कुर्की के लिए रिपोर्ट भेजी थी। इसके आधार पर 28 मई 2025 को जिला मजिस्ट्रेट ने कुर्की का आदेश जारी किया।30 मई 2025 को नायब तहसीलदार विवेकानंद, क्षेत्राधिकारी सगड़ी शुभम तोदी, थानाध्यक्ष जीयनपुर जितेंद्र बहादुर सिंह और हल्का लेखपाल सुधीर कुमार जायसवाल की मौजूदगी में पुलिस टीम ने उक्त संपत्ति को कुर्क किया।

# महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने हेतु महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। ग्राम्य विकास विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं द्वारा महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन जनपद रायबरेली के सामुदायिक केंद्र सभागार रतापुर में जनपद स्तरीय कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष भाजपा बुद्धी लाल पासी व शिवेन्द्र सिंह द्वारा प्रतिभाग किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। आयोजित कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। ग्राम्य विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं द्वारा किस प्रकार महिला सशक्तिकरण किया जा सकता है। इस पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी महराजगंज वर्षा सिंह द्वारा समाजसुधारिका अहिल्याबाई होलकर जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। फूलमती विकासखंड दीनशाह गौरा, आशा एवं गीता भारती विकासखंड हरचंदपुर द्वारा स्वयं सहायता समूह से जुड़कर आजीविका संवर्धन की कहानी अपनी जुबानी कही गयी।

रितिका सिन्हा, ब्लॉक मिशन प्रबंधक हरचंदपुर द्वारा स्वयं सहायता समूहों से समृद्धि की ओर विषय पर महिलाओं को बताया गया। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों जैसे स्वंय सहायता समूह की महिलाओं, आजीविका सखी, बैंक सखी, समूह सखी, स्वास्थ्य सखी, मनरेगा योजनान्तर्गत 100 दिन का रोजगार प्राप्त किये महिला श्रमिक के रूप में ऊषा देवी, गीता, प्रेमा देवी, बिटाना, माया, प्रधानमंत्री आवास लाभार्थी, मुख्यमंत्री आवास लाभार्थी निराश्रित महिला पेंशन लाभार्थी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री को प्रमाण-पत्र वितरित किये गये। अंत में परियोजना निदेशक सतीश कुमार मिश्रा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

इस अवसर पर में जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, उपायुक्त (स्वतः रोजगार), ऋषिपाल सिंह, खण्ड विकास अधिकारी महराजगंज वर्षा सिंह, खण्ड विकास अधिकारी राही सुश्री गौरी राठौर, खण्ड विकास अधिकारी अन्य लोग शामिल रहे।

# गाय हमारी संस्कृति और संस्कार का हिस्सा है: रमाकांत उपाध्याय

**गाय का ग्लोबल महत्व, गाय प्रकृति की रक्षा भी करती है: रमाकांत**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रायबरेली। सदस्य गोसेवा आयोग उप्र रमाकांत उपाध्याय ने पीडब्लूड़ी गेस्ट हाउस में गाय और प्राकृतिक खेती विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा की। इससे पहले उन्होंने डीह ब्लॉक में कोन्हा डीह कान्हा गौशाला परशदेपुर और मामुनि गोशाला, सलोन आदि का औचक निरीक्षण कर गौशालाओं में सुविधाओं की जानकारी ली। उन्हें गौशालाओं में हरा-चारा, पानी, कूलर,विद्युत,चिकित्सा, साफ-सफाई आदि सुविधाएं ठीक मिली। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गोशालाओ की संख्या बढ़ रही है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हर घर मे गाय पहुँचना चाहिए। गाय हमारी संस्कृति और संस्कार का हिस्सा है। साथ है गैस प्लांट लगाकर प्राकृतिक खेती भी की जाए। दूध,घी के अलावा किसान को खेती का भी लाभ मिलना चाहिए। गाये दूध केवल कुछ वर्षों तक ही देती है परंतु गोवंश का लाभ खेती के साथ साथ पर्यावरण को भी मिलता है। गोबर और गोमूत्र का लाभ किसानों को मिलना चाहिए। किसानों के घर पर बायोगैस की फैक्टरी लगेगी का प्रस्ताव चल रहा है इससे किसानों के गैस सिलेंडर का खर्चा बचेगा। खेत को यूरिया से मुक्ति मिलेगी। गाय के गोबर से पेंट बनाया जाएगा। गौ मूत्र और गोबर का महत्व लोगो को बताना है। कैंसर जैसी बीमारी को रोकने की क्षमता गोमूत्र से संभव है। डब्लूएचओ की रिपोर्ट है कि कैंसर विश्व की आबादी के लिए एक बड़ा खतरा बनता जा रहा है। गोमूत्र कैंसर जैसी बीमारी को रोकने की क्षमता रखता है। गाय से पर्यावरण की भी रक्षा होती होती। गाय का ग्लोबल महत्व है। इसका महत्व जन-जन तक पहुंचाना चाहिए।

बैठक में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अनिल कुमार सहित पशु विभाग के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## सदस्य, गो सेवा आयोग की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय गो संरक्षण एवं अनुश्रवण समिति की बैठक

**गोवंशों को हीट वेब से बचाव और उनके रहने के लिए किया जाए पर्याप्त उपाय :रमाकंात**

रायबरेली। जनपद स्तरीय गो संरक्षण एवं अनुश्रवण समिति की बैठक बचत भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता श्री रमाकांत उपाध्याय सदस्य, उप्र गो सेवा आयोग, लखनऊ ने की।

बैठक में सदस्य गो सेवा आयोग ने गोआश्रय स्थलों में दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ अनिल कुमार ने सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। श्री रमाकांत ने कहा कि गोशालाओं में हरा चारा मूलभूत आवश्यकता है। हरे चारे की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए एनजीओ का भी सहयोग लिया जाए। गोवंश को हीट वेव से बचने के लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था रखी जाए। साथ ही समय-समय पर उनकी चिकित्सकीय जांच भी कराई जाए। आश्रय स्थलों पर कूलर पंखे लगाए जाएं। उन्होंने ने कहा कि गाय का पौराणिक व वैज्ञानिक महत्व है। इस महत्व को बचाए रखने के गायों का संरक्षण आवश्यक है। गाय के गोबर और गोमूत्र का वैज्ञानिक तरीके से उपयोग किया जाए। जैविक खेती में गाय के गोबर का विशेष महत्व है। सभी गौशाला में कम्पोजिट खाद बनाने की व्यवस्था अवश्य की जाए। बैठक में जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार,पीडी सतीश मिश्रा, सभी पशु चिकित्सा अधिकारियों सहित खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# वर्षा जल संचयन के लिए जिले में बनेंगे 50 खेत तालाब

**वर्षा जल संचयन के लिए सरकार किसानों को देगी अनुदान, योजना का लाभ लेने के लिए किसान पोर्टल पर कराए पंजीकरण**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। जिला भूमि संरक्षण अधिकारी रायबरेली जगदीश प्रसाद ने बताया है कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत वर्षा जल संचयन के लिए वर्ष 2025 में जिले में कुल 50 खेत तालाब बनाए जाने हेतु शासन से लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके लिए किसानों को अनुदान भी दिया जाएगा। इच्छुक किसानों को योजना का लाभ प्रथम आवक - प्रथम पावक के आधार पर दिया जाएगा। इच्छुक किसान विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण करा लें। उन्होंने बताया कि खेत तालाब योजना के तहत इस वित्तीय वर्ष में जनपद में 50 खेत तालाब बनाए जाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। खेत तालाब निर्माण में किसानों को दो किस्तों में 52500 रुपए का अनुदान सरकार द्वारा दिया जाएगा। किसानों को अपनी लागत से 22 मीटर लंबा व 20 मीटर चौड़ा तथा तीन मीटर गहरा तालाब खुदवान होगा, इसके अलावा यदि कोई किसान बड़ा तालाब का निर्माण करना चाहता है तो उसे मनरेगा की दरों से रू0 2 लाख तक का अतिरिक्त भुगतान किया जाएगा। किसान तालाब खुदवा कर खेत की सिंचाई, मछली पालन एवं सिंघाड़ा आदि की खेती कर मुनाफा कमा सकते हैं। भूमि संरक्षण अधिकारी ने बताया कि जो किसान खेत तालाब खुदवान चाहते हैं वह कृषि विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण करा लें। किसी भी समस्या के लिए विभाग के वरिष्ठ तकनीकी सहायक प्रशांत कुमार उपाध्याय के मोबाइल नंबर 8299430175 एवं भूमि संरक्षण अधिकारी रायबरेली के मोबाइल नंबर 7839882182 पर संपर्क कर सकते हैं।

# योगी सरकार में कटरा बजार नगर पंचायत में बह रही भ्रष्टाचार की गंगा

**समाजवादी पार्टी की चेयरमैन के राजनीतिक रसूख और पहुंच के आगे सिस्टम लाचार**








कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। योगी सरकार भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस का दावा करती है,लेकिन कटरा बाजार नगर पंचायत में तो भ्रष्टाचार की गंगा बह रही है और जिम्मेदार आला हाकिमों ने आंखें बंद कर रखी हैं।यही वजह है कि यहां विकास के नाम पर सरकारी धन को खुलेआम लूटा जा रहा है। सभा सदों की मानें तो यहां बिना काम कराए ही करोड़ों रूपए का फर्जी तरीके से भुगतान करा लिया गया। सच तो यह है कि समाजवादी पार्टी की चेयरमैन के राजनीतिक रसूख और पहुंच के आगे सिस्टम लाचार साबित हो रहा है।जिले की नगर पंचायत कटरा बाजार की अध्यक्ष समाजवा दी पार्टी के नेता पूर्व चेयरमैन मुजीबुल हसन सुबराती की बेटी शमा परवीन हैं,जबकि यहां के विधाय क भाजपा के बावन सिंह हैं।अमूमन जहां भी सत्ता के विपरी त जनप्रतिनिधि हैं,वहां उन्हें काम करने में तमाम तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, लेकिन कटरा नगर पंचायत की स्थिति सबसे अलग है।यहां भले ही सपा की अध्यक्ष हैं,लेकिन उनके सामने किसी भी तरह की दिक्कत नहीं है। हकीकत यह है कि सत्तापक्ष की छांव तले ही कट रा नगर पंचायत क्षेत्र में भ्रष्टाचार फल-फूल रहा है। वार्ड नंबर एक अवस्थी पुरवा में रामदेव की ढाबली से सदन निषाद के घर तक मिट्टी पटाई रिटर्निग वाल व 80 एमएम रबर मोल्डेड इंटरलॉकिंग एक साइड कवर्ड नाली एवं आरसीसी पत्थर ढलाई का कार्य दिखाकर 850346.00 रूपए के गबन का आरोप है। इसी वार्ड में बढ़इन पुरवा में गोपी किशन उर्फ सुरफुर के मकान से पचई के मकान व बाबादीन यादव के मकान से श्रीराम के मकान तथा राधे कृष्ण के मकान से होते हुए शोभाराम के मकान तक रिटर्निगवाल व 80 एमएम रबर मोल्डेड इंटरलॉकिंग एवं एक साइड कवर्ड नाली व आरसीसी पत्थर ढलाई का कार्य दिखाया गया। आरोप है कि बिना काम कराए ही 964884.00 रूपए का भुगतान प्राप्त कर लिया गया। इसी तरह वार्ड संख्या चार चचेरा (काली बगिया) में करिया शुक्ला के मकान से लल्ला के मकान से होते हुए डामर मार्ग तक रिटर्निगवाल 80 एमएम रबर मोल्डेड इंटरलॉकिंग व एक साइड कवर्ड नाली एवं आरसीसी पत्थर ढलाई कार्य के नाम पर 482281.00 रूपए, वार्ड नंबर 2 पाठक पुरवा में राहुल के घर के सामने कुआं का उच्चीकरण तथा जाली लगाने के नाम पर 11595.00 रूपए, वार्ड नंबर 4 मोहल्ला नाई टोला में वसीम व मोहम्मद उमर के घर के पास तथा पलहू के घर से विष्णु के घर तक व बानो के घर से नूरूज्जमा के घर तक क्रास ड्रेन के निर्माण कार्य पर 97056.00 रूपए, इसी वार्ड में गुलाम अली के मकान से बेचन के मकान तक रबर मोल्डेड इंटरलॉकिंग सड़क का पुनः निर्माण एवं नाली उच्चीकरण व आरसीसी पत्थर ढलाई के निर्माण कार्य पर 430271.00 रूपए तथा वार्ड नंबर 4 मोहल्ला नाई टोला में ही गुल्ले व विजय के मकान से शिव कुमार के प्लाट तक रबर मोल्डेड इंटरलॉकिंग सड़क का पुनः निर्माण एवं नाली उच्चीकरण व आरसीसी पत्थर ढलाई के निर्माण कार्य पर 687251.00 रूपए का भुगतान करा लिया गया। इसी वार्ड में हरिओम के प्लाट से अहले हदीस मस्जिद तक पटरी पर रबर मोल्डेड इंटरलॉकिंग के निर्माण कार्य पर 379813.00 रूपए, नाई टोला में ही सलीम शेख के मकान से गुरूबचन के मकान तक रबर मोल्डेड इंटरलॉकिंग व कवर्ड नाली का पुनः निर्माण व आरसीसी पत्थर ढलाई के निर्माण कार्य पर 256545.00 रूपए निकाल लिए गए। इतना ही नहीं, वार्ड नंबर 7 में इंटरलॉकिंग सड़क श्मशान घाट तक जानी थी, लेकिन नगर पंचायत अध्यक्ष ने उसे श्मशान के बजाय दूसरी तरफ लगवा दिया, जिससे शवों का अंतिम संस्कार करने आने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### खराब हैंडपम्प को लेकर सभासद का आरोप

वार्ड संख्या सात के सभासद प्रतिनिधि उग्रसेन तिवारी का आरोप है कि नगर पंचायत क्षेत्र में जितने भी इंडिया मार्का हैंडपंप लगे हैं, उनमें से 80 फीसदी खराब हैं। ऐसे में नगर पंचायत क्षेत्र के लोगों को इस भीषण गर्मी में पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सड़क, नाली समेत अन्य विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन की बंदरबांट की गयी है, जिसकी उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। उनका आरोप है कि बिना काम कराए ही करोड़ों रूपए का वारा-न्यारा किया गया है। जमीनी हकीकत यह है कि जहां-जहां नाली निर्माण दिखाया गया है, वहां आज तक नाली बनी ही नहीं है। आरसीसी और इंटरलॉकिंग कार्य विकास के दावे को मुंह चिढ़ा रहे हैं।

### क्या कहती है अध्यक्ष

इस संबंध में कटरा बाजार नगर पंचायत की अध्यक्ष शमा परवीन का कहना है कि वार्ड नंबर 7 के सभासद प्रतिनिधि उग्रसेन तिवारी द्वारा आरोप लगाया गया है कि नगर पंचायत क्षेत्र में 700 इंडिया मार्का हैंडपंप लगे हुए हैं, जिनमें से 80 प्रतिशत खराब हैं। यह आरोप गलत है। पूरे नगर पंचायत क्षेत्र में मात्र 340 नल लगे हुए हैं। वार्ड नंबर 7 में कुल 35 नल लगे हुए हैं जो सभी सही हैं। अध्यक्ष ने कहा कि जो नल रिबोर की स्थिति में हैं, उसके लिए जल निगम को पत्र लिखा जा चुका है। बजट खा लेने या दुरूपयोग करने के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष शमा परवीन ने कहा कि श्मशान के इंटरलॉकिंग को लेकर जो आरोप लगाए जा रहे हैं, वो निराधार हैं।उसका कोई टेंडर हुआ ही नहीं है।न उसका को ई बजट है।आरोप फर्जी है।उन्होंने सभी आरो पों को खारिज करते हुए कहा कि इससे संबंधित किसी के पास साक्ष्य हो तो उसे सामने लाया जाए।

## बेटे के इलाज के लिए दर–दर भटक रही मां

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। पुलिस की प्रताड़ना का दर्द बयां करने के बाद मौत से जूझ रहे मिंटू तिवारी 19 के इलाज को माँ दर-दर ठोकरें खाने को मजबूर हो गई हैं। प्राइवेट अस्पताल का खर्च वहन न कर पाने पर गुरुवार को सुबह घर लेकर पहुंच गए हैं, मिंटू की तबीयत बिगड़ने के बाद उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।जहां मिंटू तिवारी की हालत गं भीर बनी हुई है।दूसरे दिन भी मामले में जांच शुरू नहीं हो पाई।मिंटू की मां नीलम तिवारी ने बताया कि वह प्राइवेट नर्सिंग होम का खर्च वहन कर पा ना उनके लिए मुश्किल हो रहा है। चौबीस घंटे के भीतर करीब पचास हजार रुपये खर्च हो गए हैं। ऐसे में अब आगे इलाज कराना उनके लिए मुश्कि ल हो गया हैं।नीलम ने पुलिसकर्मियों पर बेटे की पिटाई का आरोप लगाया हैं।उमरी बेगमगंज नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि शिकायती पत्र की जांच के लिए हलका दरोगा जनार्दन सिंह,आरक्षी जितेंद्र और अजय को भेजा गया था।इस मामले में अधि कारियों ने सीओ उमेश्वर प्रभात सिंह को जांच सौं पी है।बॉक्स पुलिस के अधिकारी नहीं मान रहे किसी का दोषअपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय ने कहा कि मिंटू तिवारी शराब के नशे में लोगों को परेशान कर रहा था।ऐसे में पुलिस ने कार्रवाई की। उसके वीडियो में पुलिस की प्रताड़ना का जिक्र नहीं है।उनसे पूछा गया कि परिजन खुद आरोप लगा रहे हैं।थाने पर खाना बनाने वाले प्राइवेट व्य क्ति पर आरोप लगाया जा रहा है कि उसी के कह ने पर पुलिस ने प्रताड़ित किया।इस पर अपर पुलि स अधीक्षक ने कहा कि फिलहाल सीओ तरबगंज को जांच के निर्देश दिए गए हैं।जो भी जांच में दो षी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## सावन कृपाल रूहानी मिशन के द्वारा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों में बांटा शरबत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। रेलवे स्टेशन पर सावन कृपाल रूहानी मिश न के द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए गोंडा रेलवे स्टेशन पर सावन कृपाल रुहानी मिशन गोंडा के सहयोग से यात्रियों को इस भीषण गर्मी में राहत देने के लि ए निःशुल्क शरबत की व्यवस्था की गई थी। जिस में ट्रेनों में यात्रियों को निशुल्क शरबत का वितरण किया गया।जिससे जनरल कोच में तथा अन्य या त्रियों को निशुल्क शरबत के पिलाने से यात्रियों को बहुत राहत मिली और सभी यात्रियों ने रेलवे की इस सेवा को बहुत ही धन्यवाद दिया।इस मौके पर रेलवे के कमर्शियल डिपार्टमेंट के सभी कर्मचारी तथा मुख्य टिकट निरीक्षक आशा देवी तथा प्लेट फार्म निरीक्षक के.एल.यादव व अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई सीएम डैशबोर्ड व आईजीआरएस की समीक्षा बैठक



बहराइच । मुख्यमंत्री डैशबोर्ड व आई.जी.आर.एस. सन्दर्भों की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में वृहस्पतिवार को देर शाम जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान डीएम ने विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति में सुधार लाकर रैंक को बेहतर करें। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को सचेत किया कि आईजीआरएस सन्दर्भों में रैंक खराब होने पर अब सीधे कार्यवाही की जायेगी। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि असंतुष्टि के प्रकरणों में कमी लाने के लिए सभी अधिकारी अनिवार्य रूप से शिकायतकर्ता से वार्ता करें जिससे संतुष्टि में इज़ाफा हो सके। सभी अधिकारियों का प्रयास होना चाहिए कि शिकायतकर्ता शत-प्रतिशत संतुष्ट हो जाये।

आईजीआरएस सन्दर्भों की समीक्षा के दौरान पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के स्तर पर माह में प्राप्त 15 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 14 में संतुष्ट का फीड बैक प्राप्त होने पर जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भारद्वाज के प्रयासों की सराहना करते हुए प्रशस्ति-पत्र प्रदान किये जाने का निर्देश दिया। ई-ऑफिस की समीक्षा के दौरान डीएम ने कहाकि जिन कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली चालू हो गयी है वहां पर पत्रों का डिजिटल मूवमेन्ट सुनिश्चित किया जाय। डीएम ने कहा कि अलग-अलग पत्रों के लिए अलग-अलग फाइल क्रिएट की जाय। डीएम ने कहा कि सभी शीघ्र से शीघ्र ई-आफिस प्रणाली को चालू कराएं अन्यथा सम्बन्धित के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। डीएम ने निर्देश दिया कि जिन विभागों में सी श्रेणी प्रदर्शित हो रही है ऐसे विभाग 02 दिवस में समीक्षा कर रैंक में सुधार लायें। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि पीठासीन अधिकारियों के स्तर पर 45 दिवस से अधिक अवधि के लम्बित धारा 34 के वादों का अभियान चलाकर निस्तारण कराएं। विभागों द्वारा विभिन्न परियोजनाओं के लिए मांगी गई भूमि उपलब्ध कराने हेतु तत्काल कार्यवाही करें। प्रत्येक ब्लाक में फायर स्टेशन के लिए 01 एकड़ उपयुक्त भूमि का चिन्हांकन करें तथा पंचायत उत्सव भवन के लिए जल्द से जल्द भूमि की तलाश करें। संभावित बाढ़ के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों के निर्बाध संचालन के लिए डीएम ने टेण्डर इत्यादि से सम्बन्धित कार्यवाही को तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिये। उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि कार्यदायी संस्था से समन्वय कर सीमा स्तम्भों के निर्माण कार्य को तत्काल पूर्ण कराया जाय। निर्विवाद उत्तराधिकार, कृषि, आवास, मत्स्य पालन से सम्बन्धित पट्टा आवंटन कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण कराएं। डीएम ने कृषि विभाग को निर्देश दिया कि अधिकारी व कर्मचारी गांवों में जाकर विकसित कृषि संकल्प अभियान अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों एवं योजनाओं की जानकारी किसानों तक पहुंचायें। विकसित कृषि संकल्प अभियान अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाय। किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से भी आच्छादित किया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि सभी अधिकारी विभाग अन्तर्गत हो रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच स्वयं करें।

## अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर साहित्यकार रब्बानी नेपाल में हुए सम्मानित



नानपारा, बहराइच। अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर साहित्यकार व समाज सेवी एवं अध्यक्ष भारतीय सांस्कृतिक सहयोग एवं मैत्री उत्तर प्रदेश (भारत) को उनकी साहित्यिक सेवाओं, समाज सेवा, सांस्कृतिक सहयोग, एवं महिला सशक्तिकरण सम्बंधित कार्यों के लिए नेपाल के 18 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर होटल गैलेक्सी दरबार नेपालगंज (नेपाल) में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में नेपाली संस्था भेरी साहित्य समाज नेपाल की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभापति इन्द्र बहादुर बस्नेत, प्रमुख अतिथि सनत कुमार रेग्मी, प्राज्ञ डा कृष्ण प्रसाद घिमिरे, पूर्व मंत्री नेपाल सरकार महेश्वर गहतराज जी, प्रगतिशील लेखक संघ नेपाल के राष्ट्रीय सचिव डॉ हरिप्रसाद तिमिल्सेना, प्राज्ञ महानन्द ढकाल, विशिष्ट अतिथि शारिक रब्बानी, इरशाद राही व बीना वादिनी चौबे (भारत), कल्पना फाउंडेशन नेपाल की अध्यक्ष कल्पना पौडेल जिज्ञासु, मीना बराल, तारा खत्री रोकाया, कल्पना खरैल, सुमित्रा न्यौपाने सहित भारी संख्या में साहित्यकार, कवि, कवित्री व समाजसेवी उपस्थित रहे। मशहूर शायर व समाजसेवी जो वर्तमान में खूबसूरत झीलों की नगरी भोपाल में रह रहे हैं। इनकी अब तक हिन्दी, उर्दू, नेपाली व मराठी भाषाओं में 8 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है। जिसमें दो काव्य संग्रह, उपन्यास तथा अन्य पुस्तकें हैं। 12से अधिक साझा संकलनों में आपकी सहभागिता है। महिला सशक्तिकरण से सम्बंधित बहुत से लेख प्रकाशित हो चुके हैं।भारत और नेपाल में 30 से अधिक सरकारी व गैर सरकारी अवार्ड व पुरस्कार मिल चुके हैं, तथा कुछ अंतर्राष्ट्रीय गायकों ने आपकी ग़ज़लों को अपनी आवाज़ भी दी है। कृष्ण व मीरा पर लिखी आपकी कविताएं व मुक्तक आदि सुफीवाद की पैरवी करने तथा गंगा जमुनी तहजीब को बढ़ावा देने के लिए काफी लोकप्रिय है।आपकी रचनाएं व लेख मानवता वादी, विश्व शांति एवं आपसी सद्भावना के लिए विशेष रूप से समर्पित होती हैं।

# दो मोटरसाइकिल चोर गिरफ्तार,कब्जे से मोटर साइकिल व एक अवैध तमंचा बरामद

**पुलिस ने दोनों आरोपियों को डुमरियाडीह सम्पर्क मार्ग पर स्थित द्रोणा एकेडमी स्कूल के पास से गिरफ्तार किया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिम राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तरबगं ज उमेश्वर प्रभात सिंह के नेतृत्व में थाना तरबगंज पुलिस टीम द्वारा मोटरसाकिल चोरी करने के दो आरोपी पिन्टू उर्फ संन्दीप,व ललू उर्फ अरविन्द को डुमरियाडीह सम्पर्क मार्ग पर स्थित द्रोणा एकेडमी स्कूल के पास से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का एक अदद मोटरसाइकिल हीरो स्पलेण्डर यू पी 43इइ2821 व एक अवैध तमंचा बारह बोर वएक जिन्दा कारतूस बरामद किया गया।गिरफ्तार व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय परआ र्म्स ऐक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया हैं।ती स मई को थाना तरबगंज के उप निरीक्षक राहुल प्रताप सिंह मय हमराह फोर्स के साथ रात्रि गस्त में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु क्षेत्र भ्रमण में रवा ना थे कि तरबगंज डुमरियाडीह सम्पर्क मार्ग पर स्थित द्रोणा एकेडमी स्कूल के पास चेकिंग के दौरा न दो मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का एक मोटरसाइकिल हीरो स्पले ण्डर व एक अवैध तमंचा बारह बोर एक जिन्दा कारतूस बरामद किया हैं।अभियुक्तों से पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि इन लोगो का एक संगठित गिरोह है जो आर्थिक लाभ कमाने के लिए तरह-तरह के तरीके अपनाकर मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओ को अंजाम दिया करते हैं।अभियुक्तो के द्वारा बताया गया कि इनके द्वारा 26 मई को थाना इटियाथोक क्षेत्र के अन्तर्गत एक मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस चोरी किए थे।जिसके सम्बन्ध में थाना इटियाथोक पर अभियोग पंजीकृत है।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान को मिली गति, भव्य कार्यकम आयोजित

नानपारा, बहराइच। विकसित कृषि संकल्प अभियान पूरे भारत में चलाया जा रहा है जिसके क्रम में कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा में भी अभियान को गति प्रदान करते हुए एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जो आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह, निदेशक प्रसार डॉ. आर. बी.सिंह के मार्गदर्शन में तथा उपनिदेशक कृषि बहराइच के सहयोग से संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि एवं कृषि शिक्षा अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही रहे, उन्होंने किसानो को कहा कि उर्वरकों का संतुलित उपयोग, स्थानीय परिस्थितियों को समझना, सटीक अनुसंधान अंतर्दृष्टि का उपयोग करना तथा गुणवत्ता वाले बीजों तक पहुंच, निस्संदेह किसानों को उनकी उत्पादकता बढ़ाने में मदद कर सकती है। उन्होंने जनपद की कृषि सखी तथा प्रगतिशील किसानों को प्रमाण पत्र वितरित किए गये। मंत्री जी ने कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की स्टालों का भ्रमण किया साथ ही केंद्र में चल रही विभिन्न प्रकार की इकाइयों का भ्रमण किया तथा कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विधायक नानपारा रामनिवास वर्मा, जिलाअध्यक्ष भाजपा बृजेश पांडे, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कृपाराम वर्मा तथा ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जेपी सिंह, नगर अध्यक्ष भाजपा श्रीमती रेखा पांडे रही। कार्यक्रम में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. शशिकांत बरगाह द्वारा की गई उन्होंने किसानों को केंद्र में चल रहे विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी साथ ही केंद्र में चल रही क्षमता परियोजना के अंतर्गत चयनित ग्राम रामपुरवा, बिसुनापुर एवं फकीरपुरी से आये प्रगतिशील कृषकों को सिंचाई पाइप, वर्मी पिट तथा प्रथम पंक्ति प्रदर्शन हेतु धान के बीज का वितरण किया गयाम् कार्यक्रम में उप निदेशक कृषि बहराइच ने कृषि विभाग में चल रही योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिला कृषि अधिकारी बहराइच ने विभाग द्वारा अनुदानित योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. पी के. सिंह ने कृषकों को आगामी धान की फसल की तैयारी कैसे करनी है जिससे किसानों को अधिक से अधिक उत्पादन मिल सके इसके बारे में जानकारी साझा की। डॉ. रेनू आर्य ने इस समय आम का फल तैयार है उसे विभिन्न प्रकार के मूल्य संवर्धत उत्पाद बनाने की विस्तृत जानकारी दी।

## प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के विचार व आचरण लोकमाता अहिल्याबाई से प्रेरित: सूर्य प्रताप सिंह

**लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर द्वारा प्रतिस्थापित मूल्यों पर चलकर समृद्ध होगा समाज**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच। प्रदेश के मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच सूर्य प्रताप शाही ने पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर जी के जन्म त्रिशताब्दी वर्ष के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ सांवरिया रिसार्ट बहराइच में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। मा. प्रभारी मंत्री के आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी व पदमसेन चौधरी, विधायक सुभाष त्रिपाठी, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, पूर्व सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, जिला को-आपरेटिव बैंक के अध्यक्ष जितेन्द्र त्रिपाठी, पूर्व विधायक दिलीप वर्मा, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह के प्रतिनिधि अखण्ड प्रताप सिंह, विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर के प्रतिनिधि आलोक जिंदल सहित अन्य मा. जनप्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंट कर तथा माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में गणमान्य व संभ्रान्तजन मौजूद रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मा. प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने लोकमाता आहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सामान्य किसान के परिवार में जन्म लेने के बावजूद प्रतिभा के आधार पर मालवा के राजपरिवार में विवाह हो जाने पर दूरदर्शी शासक के रूप में अपनी पहचान बनायी। मा. मंत्री ने कहा कि आज लोकमाता के आदर्शों पर चलते हुए बीमारू राज्य के रूप में पहचाने जाने वाला राज्य आज तरक्की करके देश में दूसरे स्थान पर आ गया है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जनता की सेवा एवं समर्पण की भावना, धार्मिक आस्था के लिए दृढ़ संकल्प तथा मानव सेवा के कार्यो से प्रेरणा लेकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा विरासत को संजोने तथा उसे विकसित करने के लिए की गई पहल के लिए देश की जनता आभारी है।

मा. मंत्री ने कहा कि लोकमाता के आज से 250 साल पहले नर्मदा पर बांध बनाकर किसानों को सिंचाई के साधन उपलब्ध कराने, किसानों के टैक्स माफ करने, सैन्य गतिविधियों के दौरान फसलों को होने वाले नुकसान के लिए किसानों को क्षतिपूर्ति देने तथा वाराणसी की कारीगरी को मालवा राज्य में स्थापित व विकसित कर व्यापार को बढ़ावा देने इत्यादि दूरदर्शी सिद्धान्तों का अनुसरण करते हुए उसी पर चलकर आज मा. प्रधानमंत्री व मा. मुख्यमंत्री योजनाओं को प्रतिपादित व क्रियानवित करते हुए पूरे समाज को लाभान्वित कर रहे है। उन्होनें बताया कि लोकमाता के पति के निधन के बाद उनके ससुर ने उन्हें सती होने से रोककर मानव सेवा के लिए प्रेरित किया। फिर उसके बाद लोकमाता ने अपना सारा जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने अपनी फौज में 500 महिलाओं की टुकड़ी बनाकर नारी सशक्तिकरण का सन्देश दिया। जिसका अनुसरण करते हुए हमारी सरकार महिलाओं को समाज में सशक्त बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होनें बताया कि लोकमाता ने अपने पुत्र प्राणदण्ड का कठिन निर्णय देकर लोगों को आदर्शों पर चलने का मार्ग दिखाया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी व पदमसेन चौधरी, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, पूर्व सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा सहित अन्य वक्ताओं ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर लोकमाता द्वारा राज्य की रक्षा, देश में तोड़े गये मन्दिरों के जीणोद्वार, पेयजल सुविधाओं के लिए बनवाये गये कुंए एवं बावड़ियों के निर्माण, किसानों की टैक्स माफी तथा मराठा राज्य को सशक्त एवं समृद्ध बनाये जाने के सम्बन्ध में किये गये कार्यों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला।

# नगर पालिका के 2 साल पूरे नई सड़के नाले पार्क तिरंगा चौक और जल संरक्षण योजनाएं शुरू

**नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता की मेहनत लाई रंग स्वच्छ पूरनपुर ग्रीन पूरनपुर बनने की कगार पर**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पुरानपुर। नगर पालिका परिषद पूरनपुर के सफल दो साल पूरे होने पर समर्थक मना रहे हैं। खुशी इस कार्यक्रम के दौरान समर्थको एवं सभासदों ने नगर पालिका के कार्यों और उपलब्धियों पर प्रकाश डाल कर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष की जमकर प्रशंसा की हैं।साथ ही नगर के विकास में नगर पालिका की भूमिका को भी सराहा गया रहा हैं। समर्थको ने नगर पालिका के कार्यों का प्रदर्शन

कर नगर पालिका द्वारा किए गए विभिन्न कार्यों,जैसे कि स्वच्छता अभियान,सड़क निर्माण,जल आपूर्ति, तिरंगा चौक, कोतवाली के पास स्थित व्यायाम शाला, राजगीरों के पीने के लिए फ्रीजर,तिरंगा चौक,नाले, सड़कों पर रंग बिरंगी लाइट, और अन्य विकास परियोजनाओं का प्रदर्शन किया गया। उपलब्धियों को सराहा है। नगर के विकास में उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया है।नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने नगर को और अधिक स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने की बात कही है। नगर पालिका परिषद सभासद नादिर रजा बरकाती ने नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता को फूलों का गुलदस्ता देकर नगर पालिका द्वारा कराए गए 2 साल के विकास कार्यों के लिए धन्यवाद किया है।

# उप मुख्य परिवीक्षा अधिकारी बरेली मण्डल बरेली ने किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।महेश कुमार कण्डवाल उप मुख्य परिवीक्षा अधिकारी बरेली मण्डल बरेली द्वारा औचक निरीक्षण किया गया है।सर्वप्रथम जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा ली गई एवं जिला प्रोबेशन कार्यालय एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका देखी गई। उपस्थिति पंजिका के अनुसार सभी कर्मचारी उपस्थित मिले। ततपश्चात कर्मचारियों द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली गई एवं समस्त योजना प्रभारी से योजना का प्रगति विवरण पूछा गया एवं पोर्टल से से सम्बंधित जानकरी ली गई।जिला बाल संरक्षण इकाई के कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक लेते हुए उन्हें निर्देशित किया गया कि वह प्रत्येक ग्राम पंचायतों में डोर टू डोर जाकर योजनाओं का प्रचार प्रसार करें एवं जो भी पात्र लाभार्थी हो उसे योजना की पुर्ण प्रक्रिया बताते हुए उन्हें योजनाओं से जोड़ने का कार्य करें, ग्राम स्तर एवं शहरी स्तर पर कोई भी पात्र बच्चा बाल सेवा योजना से वंचित न रहने पाए।उप मुख्य परिवीक्षा अधिकारी, बरेली मण्डल द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई के कर्मचारियों द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना की गई। इसके पश्चात उप मुख्य परिवीक्षा अधिकारी चाइल्ड हेल्पलाइन पीलीभीत के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान रोस्टर के अनुसार सभी चाइल्ड हेल्पलाइन कर्मी उपस्थित मिले, सभी कर्मियों का उपस्थिति पंजिका के अनुसार परिचय प्राप्त किया गया, इसके पश्चात उप मुख्य परिवीक्षा अधिकारी द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन में पंजीकृत मामलों के बारे में जानकारी दी तो परियोजना समन्वयक निर्वान सिंह ने बताया कि वर्तमान मई में अब तक 56 मामले पंजीकृत हुए हैं जिनके निस्तारण हेतु नियमानुसार अनुसार कार्रवाई की गई, उप मुख्य परिवीक्षा अधिकारी द्वारा केस पंजिका का अवलोकन करते हुए।मामलों में किए गए हस्तक्षेप का मिलन आवागमन रजिस्टर से से किया गया साथ ही साथ उप मुख्य परिवीक्षा अधिकारी ने बाल विवाह के संबंध में जानकारी प्राप्त की तो परियोजना समन्वयक ने अवगत कराया कराया कि गत वर्ष कल 18 बाल विवाह को समय रहते रोका गया तथा दो मामलों में क्कार पंजीकृत कराई गई इस वर्ष अब तक कुल 05 बाल विवाह रोक जा चुके हैं एवं तीन मामलों में क्कार भी पंजीकृत कराई गई है। इसके पश्चात उप मुख्य परिवीक्षा अधिकारी द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन कार्यालय में संचालित का अवलोकन कर पंजीकृत मामलों का केस रजिस्टर से मिलान किया गया। चाइल्ड हेल्पलाइन परामर्शदाता से काउंसलिंग के मामलों की जानकारी ली गईं।निरीक्षण के दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन का कार्य संतोषजनक पाया गया।इसी क्रम में महोदय के द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर पीलीभीत का औचक निरीक्षण किया गया, सर्वप्रथम वन स्टॉप सेंटर की महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी में आगंतुक पंजिका का अवलोकन करते हुए स्वयं भी अपनी एंट्री दर्ज की एवं सेंटर मैनेजर से सभी कर्मचारियों की उपस्थिति की स्थिति को जाना व उपस्थिति पंजिका सहित अन्य केस पंजिकाओं का अवलोकन किया कार्य को और सुदृढ़ बनाने के लिए समस्त कर्मचारियों को निर्देशित किया इसके पश्चात शेल्टर में अल्पावासित 9 पीड़िताओं में से 4 पीड़िताऐ मेडिकोलीगल बयान के लिए कोर्ट एवं हॉस्पिटल के लिए गयी हुई थीं व उपस्थित पांच पीड़िताओं से भोजन की गुणवत्ता व अन्य सुविधाओं की जानकारी ली जो संतोषजनक पायी गयी, इस अवसर पर सेंटर मैनेज़र, व डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा की अध्यक्षता में तिरंगा यात्रा का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। विकास खंड मरौरी में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा सहित अन्य महिलाएं हाथो में झंडा लेकर देशभक्ति नारे लगा रही थी।इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष गीता मिश्रा ने कहा कि जिस तरह आतंकवादियों ने महिलाओं के सौभाग्य पर प्रहार किया,उनसे उनकी कायराना प्रवृति दिखती है। लेकिन भारतीय सेना ने अपने साहस और पराक्रम से आतंकियों का सफाया कर न्याय का कार्य किया है। इसी वीरता और बलिदान के सम्मान में यह 'सिंदूर तिरंगा यात्रा' निकाली गई।उन्होंने कहा कि यह नया भारत है। जो दुश्मन को घर मे घुसकर मारता है भब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने कहा कि इस यात्रा ने न केवल देशभक्ति की भावना को प्रकट किया, बल्कि महिलाओं की सामाजिक एकजुटता और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को भी दर्शाया।उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने पूरे विश्व में देश का गौरव बढ़ाया हैं। इस विजय से देश का मस्तक गौरव से ऊंचा हुआ है। पूरे देश के लोगों को अपनी सेना पर गर्व है। जिस तरह से आतंकवादियों ने निर्दोष माता-बहनों का सिंदूर मिटाने का काम किया उसी का बदला सिंदूर ऑपरेशन के माध्यम से लिया गया है।उन्होंने कहा कि अब भारत आतंकवाद का सफाया करने वाले देशों का नेतृत्व करेगा। ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के साहस का प्रतीक है।उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने विश्व मंच पर भारत को गौरवान्वित किया है।भारत की सेना ने पाकिस्तान में घुसकर जो शौर्य दिखाया है, उस पर पूरे देश को गर्व हैं। तिरंगा यात्रा मे खंड विकास अधिकारी लियाकत अली, मंडल अध्यक्ष महेंद्र राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष सतपाल वर्मा, ओमप्रकाश, वंदना पांडे, शकुंतला राजपूत,सहित सैकड़ों मातृशक्ति सम्मानित क्षेत्रवासी व क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे हैं।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में जटपुरा की टीम ही विजेता मुख्य अतिथि सपा नेता राजू ने वितरण किए पुरस्कार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।फाइनल मैच में जटपुरा की टीम रही विजेता मुख्य अतिथि सपा नेता राजकुमार ''राजू'' ने विजेता एवं उपविजेता को किया पुरूस्कार वितरण पूरनपुर विकासखंड के गांव नजीरगंज में चल रही नजीरगंज प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन हो गया है।टूर्नामेंट के समापन समारोह में समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार ''राजू'' बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। फाइनल मैच मैदान मे जटपुरा और भायपुर की टीम के बीच खेला गया जिसमें जटपुरा के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए फाइनल मैच जीता मुख्य अतिथि समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार ''राजू'' ने जीतने के लिए जटपुरा क्लब को बधाई दी एव उप-विजेता भायपुर के खिलाड़ियों की भी सराहना की मुख्य अतिथि सपा नेता राजकुमार ''राजू'' ने कहा ने कहा कि ''ग्रामीण स्तर पर टूर्नामेंट सराहनीय प्रयास है उन्होंने जीवन में खेल का बहुत ही ज्यादा ही महत्व है और खेलों से युवाओं को बुरी आदतों से दूर रख उनकी ऊर्जा को सही दिशा प्राप्त होती है उन्होने सभी खिलाड़ियों से खूब मेहनत कर देश और प्रदेश साथ ही पूरनपुर विधानसभा का नाम रौशन करने की अपील की इस दौरान उन्होने नकद धनराशि एवं पुरूस्कार भी विजेता उपविजेता को दिये''इस दौरान प्रमुख रूप से आयोजक नौशाद गाजी,अहमद,मुदीर,मुर्सलीन इदरीसी एव अन्य सदस्यों द्वारा राजकुमार ''राजू'' का स्वागत किया गया उनके साथ सछास के पूर्व प्रदेश सचिव नोमान अली वारसी भी रहें इसके अतिरिक्त कार्यक्रम मे किसान सहकारी समिति के पूर्व चेयरमैन मंजीत सिंह,गंबा सोसायटी के पूर्व चेयरमैन हरदेव सिंह,पूर्व प्रधान उवैद बेग,हसराम राठौर, श्री राम पासवान,सुरेंद्र कुमार,रामेश्वर दयाल पासवान,बाँकेलाल आदि प्रमुख लोग एव हजारों की तादात मे दर्शकों की उपस्तिथि रही हैं।

## गांव की समस्या गांव में समाधान मिशन का होगा शुभारंभ

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जन कल्याण सुरक्षा संघ गांव की समस्या गांव में समाधान मिशन कार्यक्रम का शुभारंभ उद्गम स्थल गोमती माधोटांडा रविवार को 12:00 बजे करेगा जिसमें संगठन के मंडल एवं जिले लेवल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में भाग लेंगे यह मिशन खास तौर से गांव की समस्याओं का समाधान अधिकारियों द्वारा कराने के लिए प्रयासरत होगा एवं मिशन का गोमती उद्गम से शुभारंभ करने के बाद जनपद के गांव-गांव जन कल्याण सुरक्षा संघ, गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम लगाकर गांव की समस्याओं के लिए कार्य करेगा संस्था के अध्यक्ष ब्रहमपाल सिंह ने बताया कि यह मिशन जनपद से निकल कर प्रदेश के जेकेएसएस के पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा अन्य जनपदों के गाँवों की समस्याओं के समाधान हेतु अग्रसर होगा अपेक्षा की जाती है।कि अधिकारीगण भी इस कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करें।

## विधवा महिला से दरोगा ने की छेड़छाड़ सीओ से शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली विधवा महिला ने पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रगति चौहान को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा कि उसका पुत्र हरियाणा में रहकर मजदूरी करता हैं। विधवा महिला अपनी पुत्रवधू व नावालिग पुत्र के साथ रहती हैं। 29 मई की रात लगभग 1:30 पर वह अपने नावालिग पुत्र एवं पुत्रवधू के साथ घर में सो रही थी। आरोप है कि शराब के नशे में दरोगा मोहित अन्य पुलिसकर्मियों ने उसके घर में घुसकर गाली गलौज कर उसके पुत्रों के बारे में जानकारी की तो पीड़िता ने बताया कि वह हरियाणा में रहकर मजदूरी पर गन्ने की छिलाई कर रहे हैं। आरोप है उसके बाद भी महिला का हाथ पकड़कर एक दरोगा ने छेड़छाड़ कर उसको कमरे की तरफ खीचा और विधवा महिला पर गिर गया। विरोध करने पर अश्लील गालियां दी। इस दौरान साथ मौजूद दुसरे उपनिरीक्षक ने वमुश्किल छुड़ाया और शराब के नशे में धुत उपनिरीक्षक मोहित को अपने साथ ले गए। पीड़िता ने मामले में पुलिस क्षेत्राधिकारी पूरनपुर से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

## परिषदीय विद्यालय में समर कैंप का हुआ आयोजन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड क्षेत्र ललौरीखेड़ा में स्थित कंपोजिट विद्यालय बरहा में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है।जिसमें शारीरिक शिक्षा अनुदेशक सृष्टि एवं कला अनुदेशक विजय लक्ष्मी के निर्देशन में आरंभ हुआ था। समर कैंप में बच्चों ने इंडोर गेम्स में लूडो एवं कैरम खेला,टेबल टेनिस खेला, वालंटियर ज्योति की सहायता से बच्चों ने समर कैंप की पुस्तक में दी हुई कहानियों में से एक कहानी के नाटक का मंचन किया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक ममता गंगवार ने विज्ञान में मानव में श्वसन को मॉडल द्वारा समझाया एवं विज्ञान के तथ्यों को मैजिक शो के माध्यम से समझाया। अगस्त्या फाऊंडेशन द्वारा बच्चों को मॉडल बनाने में सहयोग दिया गया। बच्चों ने मेहंदी प्रतियोगिता में भी भाग लिया। सभी बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में बढ़ -चढ़कर भाग लिया है।

## बिजली के खम्भे पर चढ़कर स्टंट करने वाला युवक गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुंशीगंज पुलिस ने हाईटेंशन विद्युत लाइन के खम्भे पर चढ़कर स्टंट करने वाले स्टंटबाज को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो जिसमें एक व्यक्ति हाईटेंशन विद्युत लाइन के खम्भे पर चढ़कर स्टंट करते हुये दिखाई दे रहा था। उक्त वायरल वीडियो की शिकायत मिलने पर तत्काल वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा स्टंट करने वाले व्यक्ति की पहचान करने व उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया था।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मुंशीगंज के प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत त्रिपाठी द्वारा उक्त वायरल वीडियो के सन्दर्भ में जांच की गयी तो स्टंट करने वाले व्यक्ति की पहचान संदीप कुमार चौहान पुत्र रामललन चौहान निवासी ग्राम भरतपुर मजरे पनियार थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी उम्र इक्कीस वर्ष के रूप में हुई। शुक्रवार को थाना अमेठी पुलिस द्वारा संदीप कुमार चौहान उपरोक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## अड़तीस स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाकर इक्यानबे वाहनों का किया चालान

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के थानों द्वारा विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाकर सघन चेकिंग करते हुये चार सौ पच्चासी संदिग्ध वाहनों को चेक किया गया तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल इक्यानबे वाहनों का चालान व एक वाहन को सीज किया गया।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर गुरुवार की रात्रि में जनपद के थानों के प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष एवं पुलिस चौकियों के प्रभारी द्वारा पुलिस बल के साथ अपने अपने क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर एवं जनपद की सीमाओं पर सघन चेकिंग करते हुये नई उम्र के संदिग्ध व्यक्तियों, दोषपूर्ण नम्बर प्लेट अथवा बिना नम्बर प्लेट वाले वाहनों, काली फिल्म लगे वाहनों, शराब के नशे में वाहन चला रहे चालकों तथा वाहनों एवं वाहनो का साइलेंसर मॉडीफाइड करा कर चला रहे वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गयी। अभियान के दौरान कुल अड़तीस स्थानो पर चेकिंग के दौरान चार सौ ग्यारह संदिग्ध व्यक्तियों, चार सौ पच्चासी संदिग्ध वाहनों को चेक किया गया तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल इक्यानबे वाहनों का चालान व एक वाहन को सीज किया गया।

## चिकित्सक पर लगे बिचौलिए को भेजकर प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराने का आरोप

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। अभी दो दिन पहले हनुमंत हॉस्पिटल में पीड़िता के इलाज में लापरवाही पर जान चली गई थी।जिसमें कई दिन बाद संचालक समेत चार चिकित्सकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।इसके बाद भी सरकारी चिकित्सक प्राइवेट हॉस्पिटल में भेजने से बाज नहीं आ रहे है। मामला जयसिंहपुर थाना क्षेत्र के परसा गांव निवासी राजमणि दुबे अपनी पत्नी कांती को स्वशासी मेडिकल कालेज में 26मई को डॉ रमेश चंद्र को दिखाए तो उन्होंने जांचे कराने को कहा। 27 मई को ब्लड, ईसीजी व अन्य जांच रिपोर्ट लेकर दिखाने पहुंचा तो डॉ नदीम खान मौजूद थे, उन्होंने देखते ही कहा कि यहां बेहतर इलाज सम्भव नहीं है।इसे अमन हॉस्पिटल में ले जाइए। कक्ष में मौजूद बिचौलिए से डॉक्टर ने कहा कि पहुंचा दो। मेडिकल कालेज की जांच को दरकिनार कर डाक्टर सुहेल अहमद ने प्राइवेट जांचे फिर से कराई, भर्ती कर पेट में दर्द की वजह बताते हुए पीड़िता कांति की बच्चेदानी निकालने की बात पर तीमारदार पति राजमणि भड़क गया,और कहा मुझे यहां इलाज नहीं कराना है। वे अपने करीबी भाजपा नेता धर्मेंद्र सिंह को बताया तो वे अमन हॉस्पिटल पहुंचे और लाकर मेडिकल कालेज में भर्ती कराए।वही पीड़िता का आधार कार्ड व आयुष्मान कार्ड वापस नहीं कर रहे, अलग से बिना कोई इलाज किए ही दो हजार रु की मांग कर रहे है।पीड़ित राजमणि दुबे ने अस्पताल व दोनों डाक्टर की शिकायत प्राचार्य,सीएमएस के साथ ही डीएम, सीएमओ व डिप्टी सीएम,मुख्यमंत्री से आनलाइन पोर्टल व रजिस्टर्ड डाक से की हैं। वही भाजपा नेता धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि योगी सरकार में स्वास्थ सेवाएं बेहतर है नि:शुल्क इलाज व जांच हो रही है।

# नोडल अधिकारियों द्वारा आकांक्षात्मक तीन विकास खण्डों की समीक्षा की गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जनपद के तीन आकांक्षात्मक विकास खण्डों जामों, शुकुलबाजार एवं जगदीशपुर की प्रगति की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नीति आयोग द्वारा निर्धारित पांच प्रमुख क्षेत्रों स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, एवं बुनियादी अवसंरचना में चल रही योजनाओं की प्रगति का गहन मूल्यांकन किया गया। बैठक में विकास खण्ड जामों व शुकुलबाजार हेतु नामित नोडल अधिकारी नेहा जैन, विशेष सचिव सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स तथा प्रबंध निदेशक, यूपी डिस्कॉम उत्तर प्रदेश एवं विकासखंड जगदीशपुर हेतु नामित नोडल अधिकारी सान्या छाबड़ा, प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम ने मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के साथ समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, बीएसए संजय तिवारी, डीपीओ आईसीडीएस संतोष श्रीवास्तव, डीआईओएस डॉ. राजेश द्विवेदी, पीडी डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में नोडल अधिकारियों ने सर्वप्रथम स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में आकांक्षात्मक विकासखण्डों में किये गये कार्यों की समीक्षा किया। उन्होंने कहा कि मातृ-शिशु मृत्यु दर, टीकाकरण कवरेज और कुपोषण के स्तर जैसे मापदंडों पर ठोस सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्रों की नियमित निगरानी, पोषण ट्रैकिंग प्रणाली की प्रभावी क्रियान्वयन और मोबाइल स्वास्थ्य इकाइयों की सक्रियता सुनिश्चित की जाय। नीति आयोग द्वारा शिक्षा क्षेत्र के अंतर्गत स्कूलों में छात्र उपस्थिति, अधिगम स्तर, आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता जैसे बिंदुओं को प्राथमिकता दी गई है। इस दिशा में नोडल अधिकारियों ने निर्देशित किया कि सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाय, बच्चों के अधिगम स्तर का आकलन नियमित रूप से किया जाए तथा डिजिटल लर्निंग को प्रोत्साहित किया जाय। विकासखण्डों में कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिये जल संसाधन प्रबंधन, सिंचाई कवरेज, फसल विविधिकरण और किसान प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। नोडल अधिकारियों ने कृषि विभाग को निर्देश दिया कि वे कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से किसानों को तकनीकी जानकारी प्रदान करें और जल संरक्षण योजनाएं लागू करें। बैठक में जन धन योजना, बीमा योजनाओं, पेंशन योजनाओं और डिजिटल लेनदेन को प्रोत्साहित करने की दिशा में प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे बैंक मित्रों की सक्रियता बढ़ाएं तथा ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों का आयोजन करें। उन्होंने कहा कि ''बुनियादी अवसंरचना का सीधा प्रभाव नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता पर पड़ता है, इसलिए इसमें कोई भी लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।'' दोनों नोडल अधिकारियों ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि वे ग्राम स्तर पर सोशल ऑडिट, जन संवाद शिविरों और डिजिटल डैशबोर्ड आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम को प्रभावी रूप से लागू करें, जिससे योजनाओं की पारदर्शिता बनी रहे और वास्तविक लाभार्थियों को समय पर सेवा मिल सके।

# पीड़ितों की आवाज बनना और सत्ता से सवाल करना पत्रकारिता का अहम हिस्सा है : अवधेश शुक्ला

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। पत्रकार एसोसिएशन के तत्वाधान में प्रेस क्लब में अध्यक्ष अवधेश शुक्ला के नेतृत्व में हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मनोहर सिंह सहित जिला सूचना अधिकारी व कई अन्य अतिथि उपस्थित रहे। उक्त अवसर पर स्मारिका का विमोचन किया गया, जिसमें जनपद के प्रमुख अधिकारियों के मोबाइल नंबर सहित महत्वपूर्ण जानकारियाँ हैं। स्मारिका को उपयोगी और जनसामान्य के लिए उपयोगी बताया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला सूचना अधिकारी धीरेंद्र यादव ने कहा कि यह दिन पत्रकारिता के मूल्यों, स्वतंत्रता और समाज में इसकी भूमिका को सम्मानित करने का अवसर है। पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है और यह दिन उन पत्रकारों को समर्पित है जो सत्य, निष्पक्षता और जनहित की सेवा में निरन्तर लगे हुए हैं। अध्यक्ष अवधेश शुक्ला ने कहा कि पत्रकारिता का कार्य केवल समाचार देना नहीं है, बल्कि समाज को जागरूक करना, पीड़ितों की आवाज़ बनना और सत्ता से सवाल करना भी इसका अहम हिस्सा है। कार्यक्रम को वरिष्ठ पत्रकार मनोराम पाण्डेय, दर्शन साहू, सुधा सिंह, जितेंद्र श्रीवास्तव, सत्यदेव तिवारी, इम्तियाज खान (बल्दीराय) आदि लोगों ने सम्बोधित किया। इस मौके पर नीरज तिवारी, अशोक मिश्र, राजीव तिवारी, मनोज तिवारी, सुनील राठौर अनिल द्विवेदी, के.के. तिवारी, इम्तियाज रिजवी, आशुतोष मिश्रा, नवीन शर्मा, मो. शमीम, सन्तोष यादव, रवि दूबे, घनश्याम मिश्रा, आर.के. मौर्या, पीर मोहम्मद, प्रीती मिश्रा सहित सैकड़ों पत्रकार उपस्थित रहे।

# लोगों को न्याय दिलाने का भी कार्य करती है पत्रकारिता : राज खन्ना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन में पत्रकारिता दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन प्राचार्य डॉ. सलिल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शुक्रवार को सुबह 11:00 बजे किया गया उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. सलिल श्रीवास्तव ने कहा कि पत्रकारिता दिवस पर यह समारोह आयोजित किया गया चौथा स्तंभ हमारे समाज का अभिन्न अंग है आपकी लेखनी समाज के लिए प्रेरक और प्रहरी है मंच पर आसीन लोगों का अंग वस्त्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया जिसमें वरिष्ठ पत्रकार राज खन्ना, पत्रकार मनोराम पाण्डेय, पत्रकार जगदीश सौरभ डॉ आर के मिश्रा डॉक्टर आरके यादव शामिल रहे। पत्रकार साथियों को पत्रकारिता की चुनौतियों पर संबोधित करते हुए पत्रकार मनोराम पाण्डेय ने कहां की पत्रकारिता दिवस पर हम सभी को अपनी एक-एक बुराइयों को छोड़ना चाहिए चुनौतियां समाज के हर स्तर पर हर जगह है उसका डटकर मुकाबला करते हुए अपने कार्यों को करना है खबर की तह तक जाकर खबरों को प्रेषण करें पत्रकारिता व्यापार बन चुकी है प्रिंट मीडिया के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने अपना कदम बहुत मजबूती से इस बदलते भारत में रखा है लेकिन अखबार पहले भी पढ़ा जाता था आज भी पढ़ा जा रहा है आगे भी पढ़ा जाता रहेगा। अखबार के महत्व को कभी भी कोई काम नहीं कर पाएगा हम सभी लोग आज पत्रकारिता दिवस पर संकल्प लें कम से कम एक अपनी बुराइयों को त्याग कर समाज के लिए उदाहरण प्रस्तुत करें। वरिष्ठ पत्रकार जगदीश सौरभ ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बिना दोनों पक्षों का वर्जन लिए खबरों का प्रकाशन न करें। पत्रकारों का कार्य निष्पक्ष कार्य करना है पक्ष विपक्ष में जाने की जरूरत नहीं है वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी राज खन्ना ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 30 मई 1826 को पहला अखबार छपा था लेकिन उसकी आयु बहुत कम रही 11 दिसंबर 27 को आखिरी अंक प्रकाशित हुआ बोलने और लिखने की आजादी हो वही पत्रकारिता हो सकती है पत्रकार पार्टी ना बने किसी का पक्षकार बनकर खबरों का संकलन ना करें।

# शुकुल बाजार पुलिस की कार्यशैली से खफा आक्रोशित लोगों ने किया थाने का घेराव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शुकुल बाजार अमेठी। थाना शुकुल बाजार क्षेत्र के गांव पूरे कूटी हरखूमऊ के एक नवयुवक का शव बुधवार दोपहर कानपुर-लखनऊ रेलमार्ग पर सेमरा गांव के पास रेलवे ट्रैक के किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताते हुये थाना शुकुल बाजार पुलिस को लिखित तहरीर दी थी लेकिन अपराध छिपाने में महारथ हासिल कर चुकी पुलिस ने मुकदमा दर्ज करना मुनासिब नही समझा तो शुक्रवार को मृतक का शव लेकर थाने पहुंच गये और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर मुकदमा दर्ज करने की जिद पर अड़े रहे। थाना क्षेत्र के गांव हरखूमऊ निवासी राम कुमार का सुपुत्र अतुल बीती सत्ताइस मई को भरतपुर, मथुरा से ट्रेन द्वारा अपने घर के लिये निकला था।रात करीब दो बजे उसने अपने छोटे भाई अनमोल से फोन पर बातचीत की थी जिसमें उसने बताया था कि वह कानपुर पहुंच चुका है। इसके बाद से अतुल का कोई सुराग नहीं मिला और उसका मोबाइल फोन भी बंद बता रहा था।बुधवार को दोपहर में सोहरामऊ थाना क्षेत्र के सेमरा गांव के पास रेलवे ट्रैक के किनारे एक अचेत युवक को देख स्थानीय लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को नवाबगंज सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान अतुल के रूप में हुई।परिजनों ने आरोप लगाते हुये स्थानीय पुलिस को लिखित तहरीर सौंपी थी लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज करना मुनासिब नही समझा। शुक्रवार को जब मृतक का शव पोस्टमार्टम के बाद पहुंचा तो परिजनों के साथ ही अन्य ग्रामीण आक्रोशित हो गये और शव लेकर थाने पहुंच गये। आक्रोशित परिजनों ने काफी संख्या में ग्रामीणों के साथ पुलिस के विरोध में प्रदर्शन किया। आक्रोशित लोगों की भीड़ देखकर पुलिस के हाथ पैर फूल गये और पसीना छूटने लगा। इसकी जानकारी से शुकुल बाजार पुलिस ने आला अधिकारियों को अवगत कराया तो कमरौली, जगदीशपुर सहित अन्य कई थानों की पुलिस के साथ ही क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की जिद पर अड़े रहे और देर शाम तक पुलिस के

## ट्रंप की वक्र दृष्टि

अपने बेतुके फैसलों व टैरिफ वार से तमाम अर्थव्यवस्थाओं को हिलाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की वक्र दृष्टि अब अमेरिका के नामी-गिरामी विश्वविद्यालयों पर भी पड़ी है। दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र होने का दंभ भरने वाले अमेरिका में विश्वविद्यालय परिसरों में लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति का गला घोंटा जा रहा है। अब अमेरिका में उच्च शिक्षा का सपना देखने वाले भारत व दुनिया के तमाम देशों के छात्रों के लिये ट्रंप प्रशासन ने मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। हाल के दिनों में प्रतिष्ठित हार्वर्ड विश्वविद्यालयों पर मनमाने फैसले थोपे व कई तरह के प्रतिबंध लगाए गए, जो विश्वविद्यालयों के परिसरों में अभिव्यक्ति की आजादी पर नकेल कसने की ही कवायद थी। दलील दी गई कि फलस्तीन का समर्थन करने वाले छात्र-छात्राओं की सूचना ट्रंप प्रशासन को दी जाए। इन्हीं बंदिशों के बाद अब ट्रंप सरकार ने दुनियाभर के अपने दूतावासों को स्टूडेंट वीजा की प्रक्रिया बंद करने का आदेश दिया है। ट्रंप सरकार की दलील है कि पहले आवेदक छात्रों के सोशल मीडिया अकाउंट की गहरी जांच की जाएगी। इस योजना पर काम चल रहा है। दरअसल, अमेरिकी सरकार द्वारा स्टूडेंट वीजा के लिये आवेदन करने वाले छात्रों की सोशल मीडिया गतिविधियों की गहन जांच तेज की जाएगी। इस फैसले से भारत समेत तमाम देशों के छात्रों की अमेरिकी विश्वविद्यालयों में पढ़ाई के सपने को आंच आ सकती है। अमेरिका सरकार इसके माध्यम से उन छात्रों के आवेदन को खारिज करने की तैयारी में है जिनके सोशल मीडिया अकाउंट में ट्रंप या अमेरिका की नीतियों की आलोचना की सामग्री होगी। जाहिर है ऐसे छात्रों को अमेरिका के विश्वविद्यालयों में दाखिला नहीं दिया जाएगा। एक अनुमान के मुताबिक साल 2023-24 में करीब तीन लाख से अधिक भारतीय छात्र अध्ययनरत थे। अपने सपनों को पूरा करने के लिये हजारों भारतीय प्रतिभाएं हर साल अमेरिका का रुख करती हैं। अमेरिका के इस फैसले से उन छात्रों को दिक्कत होगी जो इस साल अगस्त से शुरू होने वाले सत्र का हिस्सा बनना चाह रहे थे।दरअसल, अमेरिका सरकार द्वारा अपने दूतावासों को कहा गया है कि वीजा के लिये पेश किए गए नये आवेदनों को रोक दें। उन पर सोशल मीडिया खातों की जांच के बाद ही कोई निर्णय लिया जा सकेगा। यहां उल्लेखनीय है कि ट्रंप प्रशासन ने अमेरिकी विश्वविद्यालयों में पहले से पढ़ रहे सैकड़ों छात्रों के वीजा इस आरोप के बाद निरस्त कर दिए कि उन्होंने इस्राइल विरोधी आंदोलन में शिरकत की थी। इनमें वे छात्र भी शामिल थे जिन्होंने अपने सोशल मीडिया अकांउट पर फलस्तीनियों के पक्ष में पोस्ट डाली थी। सरकार की दलील थी कि इन छात्रों को पढ़ाई के लिये वीजा मिला था न कि राजनीतिक मुद्दों में सक्रियता के लिये। उल्लेखनीय है कि कई भारतीय छात्र भी इस फैसले की चपेट में आए हैं। इसके चलते ही अमेरिकी दूतावासों को वीजा आवेदन करने वालों के सोशल अकाउंट की स्क्रीनिंग के आदेश दिए गए हैं। जांच के बाद छात्रों की गतिविधियों में अमेरिकी नीतियों का विरोध न होने पर वीजा दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस स्क्रीनिंग में इंस्टाग्राम, फ़ेसबुक, एक्स, लिंक्डइन, टिकटॉक आदि सोशल मीडिया अकाउंट को शामिल किया गया है। इतना ही नहीं, वीजा पर सख्ती के अलावा पहले से अमेरिका में पढ़ रहे छात्रों के लिये नियम सख्त किए जा रहे हैं। यहां तक चेतावनी दी गई है कि नियमित कक्षाओं में न जाने वाले तथा ड्राप आउट का विकल्प चुनने वाले छात्रों के वीजा भी रद्द किए जा सकते हैं। उन्हें अपने सोशल मीडिया अकाउंट में अमेरिकी नीतियों की आलोचना करने से बचने की नसीहत दी गई है। दलील दी जा रही है कि राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने वाले पोस्ट सोशल मीडिया पर डालने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, ट्रंप की विश्वविद्यालयों के आजादी में दखल के खिलाफ प्रतिरोध के सुर भी अमेरिका में उभर रहे हैं। कई अदालतों ने विश्वविद्यालयों के पक्ष में स्थगन आदेश दिए हैं। अपने फैसलों की किरकिरी होते देख ही ट्रंप प्रशासन ने आने वाले छात्रों के लिये सख्त नियम लागू किए हैं। साथ ही कई विश्वविद्यालयों की आर्थिक मदद भी रोकी है। बहरहाल, विवाद का कोई समाधान फिलहाल नजर नहीं आता।

## महिला सशक्तिकरण का नया अध्याय लिख रहा है मध्य प्रदेश

**मध्य प्रदेश में स्व-सहायता समूहों को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जा रहा है। वर्तमान में, राज्य में 5 लाख से अधिक स्व-सहायता समूह सक्रिय हैं, जिनमें लगभग 62 लाख महिलाएं जुड़ी हैं। ये समूह महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता, कौशल विकास, और सामुदायिक नेतृत्व के अवसर प्रदान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मानना है कि स्व-सहायता समूह न केवल आर्थिक सशक्तिकरण का साधन हैं, बल्कि सामाजिक बदलाव का भी एक जन-आंदोलन है। मध्यप्रदेश सरकार ने स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की हैं जिनका प्रभाव राज्य के हर कोने में महसूस किया जा सकता है। मुख्यमंत्री उद्यम शक्ति योजना ने हजारों महिला समूहों को कम ब्याज पर ऋण दिलाकर उनके छोटे-छोटे व्यवसायों को सहारा दिया है। अब महिलाएं न सिर्फ घर चला रही हैं, बल्कि दूसरों को भी रोजगार दे रही हैं। अब तक 30 हजार 264 महिला समूहों और 12 हजार 685 महिला उद्यमियों को 2 प्रतिशत ब्याज अनुदान के रूप में 648.67 लाख की राशि वितरित की जा चुकी है।**

मध्य प्रदेश देश के हृदय स्थल में बसा एक ऐसा राज्य है जिसने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में आज पूरे देश में नई मिसाल कायम कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में मध्य प्रदेश सरकार ने स्व-सहायता समूहों को महिला सशक्तिकरण का एक सशक्त माध्यम बनाया है। स्व-सहायता समूह न केवल ग्रामीण और शहरी महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना रहे हैं, बल्कि सामाजिक स्तर पर भी उनकी स्थिति को सुदृढ़ कर रहे हैं। पिछले कुछ समय में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण की दिशा में मध्यप्रदेश ने कई उपलब्धियों को हासिल किया है। सरकार की अनेक नीतियां और योजनाएं महिलाओं के उत्थान में सहायक सिद्ध हो रही हैं। मध्य प्रदेश में स्व-सहायता समूहों को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जा रहा है। वर्तमान में, राज्य में 5 लाख से अधिक स्व-सहायता समूह सक्रिय हैं, जिनमें लगभग 62 लाख महिलाएं जुड़ी हैं। ये समूह महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता, कौशल विकास, और सामुदायिक नेतृत्व के अवसर प्रदान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मानना है कि स्व-सहायता समूह न केवल आर्थिक सशक्तिकरण का साधन हैं, बल्कि सामाजिक बदलाव का भी एक जन-आंदोलन है। मध्यप्रदेश सरकार ने स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की हैं जिनका प्रभाव राज्य के हर कोने में महसूस किया जा सकता है। मुख्यमंत्री उद्यम शक्ति योजना ने हजारों महिला समूहों को कम ब्याज पर ऋण दिलाकर उनके छोटे-छोटे व्यवसायों को सहारा दिया है। अब महिलाएं न सिर्फ घर चला रही हैं, बल्कि दूसरों को भी रोजगार दे रही हैं। अब तक 30 हजार 264 महिला समूहों और 12 हजार 685 महिला उद्यमियों को 2 प्रतिशत ब्याज अनुदान के रूप में 648.67 लाख की राशि वितरित की जा चुकी है। लाड़ली बहना योजना के तहत हर महीने 1.27 करोड़ बहनों के खाते में 1551.86 करोड़ रूपये की आर्थिक सहायता उनके खातों में पहुंच रही है। इससे न केवल आर्थिक रूप से महिलाओं की स्थिति बेहतर हो रही है बल्कि महिलाएं डिजिटल युग की सहभागी भी बन रही हैं। इस योजना में 1.27 करोड़ महिलाओं को अब तक 35,329 करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त, 25 लाख महिलाओं को 450 रुपये में गैस सिलेंडर रीफिलिंग के लिए 882 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता दी गई है। यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ उनके परिवारों में बचत को प्रोत्साहित कर रही है। मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना में वर्ष 2024-25 में 2 लाख 73 हजार 605 बालिकाओं का पंजीकरण हुआ और लगभग 223 करोड़ रूपये से अधिक की छात्रवृत्ति यूनि-पे के जरिए वितरित की गई। अब तक कुल 50 लाख 41 हजार 810 बेटियां इस योजना का हिस्सा हैं। वहीं, राज्य सरकार द्वारा नारी शक्ति मिशन के तहत जिला, परियोजना और ग्राम स्तर पर 100 दिवसीय जागरूकता ''हम होंगे कामयाब अभियान'' चलाया गया। इसमें प्रदेश में जेंडर संवादों, घरेलू हिंसा, बाल विवाह, सायबर सुरक्षा, कार्यस्थल पर उत्पीड़न और डिजिटल साक्षरता कार्यक्रमों की महिलाओं को न केवल जानकारी दी गई, बल्कि उन्हें अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना भी सिखाया गया। मध्यप्रदेश सरकार ने स्व-सहायता समूहों के माध्यम से 1 लाख से अधिक महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाया है। सरकार का लक्ष्य 5 लाख स्व-सहायता समूहों के माध्यम से 62 लाख महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। यह पहल ग्रामीण महिलाओं को उद्यमिता और आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में प्रेरित कर रही है। इसके अलावा मध्यप्रदेश में 850 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को 275 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई है, जिससे महिला उद्यमियों को प्रोत्साहन मिला है। इसके अलावा, रेडीमेड गारमेंट उद्योग में कार्यरत महिलाओं को प्रति माह 5,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है, जिससे उनकी मासिक आय में बढ़ोत्तरी हो रही है। यहां बात यदि नारी सुरक्षा की हो तो राज्य सरकार ने नारी सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता में रखा है। पुलिस बल में महिलाओं की संख्या बढ़ाई गई है और महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामले में सख्त सजा का प्रावधान किया गया है। 'महिला हेल्पलाइन' और 'महिला पुलिस स्टेशन' जैसी सेवाओं को भी मजबूत किया गया है। महिला हेल्पलाइन 181 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को अब 112 आपात सेवा से जोड़ा गया है। वर्ष 2024-25 में लगभग 82 हजार 552 महिलाओं को त्वरित सहायता मिली है। योजना के प्रारंभ से अब तक एक लाख 57 हजार महिलाओं को लाभ मिल चुका है। कहना होगा कि एक मिशन प्रदेश में लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर शुरू किया गया। यह मिशन महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए समर्पित है। इस मिशन के तहत स्व-सहायता समूहों को स्टार्ट-अप अभियान से जोड़ा गया, जिसमें 8 करोड़ 10 लाख रुपये के निवेश पत्र वितरित किए गए। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में महिलाओं के लिए न केवल सशक्तिकरण के अवसर पैदा किए गए हैं, बल्कि अब महिलाएं पारंपरिक घरेलू कार्यों से बाहर निकलकर विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं। आज सैनिटेशन और हाइजीन योजना के तहत प्रदेश की 19 लाख से अधिक बालिकाओं को 57 करोड़ 18 लाख रुपये की सहायता प्रदान की गई है जिससे किशोरियों के स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा मिला है। यूनिसेफ ने भी मध्यप्रदेश के इन प्रयासों की सराहना की है। स्व-सहायता समूहों के माध्यम से मध्यप्रदेश में महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इन समूहों ने न केवल महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान की है, बल्कि सामाजिक स्तर पर भी उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया है। उदाहरण के लिए, स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं अब स्थानीय स्तर पर उत्पादक संगठनों के माध्यम से रोजगार और स्वरोजगार के अवसर सृजित कर रही हैं। महिलाओं के लिए 35% सरकारी नौकरियों में आरक्षण और निकाय चुनावों में 50% आरक्षण जैसे कदमों ने उनकी भागीदारी को और बढ़ाया है। इसके अतिरिक्त, जेंडर बजट में 19,021 करोड़ रुपये की वृद्धि और महिला सशक्तिकरण के लिए 1 लाख 21 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान इस दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर के जीवन और कार्यों से प्रेरणा लेते हुए महिला सशक्तिकरण को नया आयाम दिया है। अहिल्या बाई ने महेश्वर से शासन चलाते हुए महिलाओं को साड़ी बुनाई जैसे कौशलों से जोड़ा, जिससे महेश्वरी साड़ियां विश्व प्रसिद्ध हुईं। इसी तरह, डॉ. यादव ने स्व-सहायता समूहों को उद्यमिता और कौशल विकास से जोड़कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया है। यह प्रयास मध्यप्रदेश को नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है जिससे कृषि, उद्योग, शिक्षा, चिकित्सा और राजनीति जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की सहभागिता बढ़ रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कहना है कि नारी शक्ति मिशन के तहत हर जिले की महिलाओं को सशक्तिकरण की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। उनका मानना है कि यदि नारी सशक्त होगी, तो समाज और प्रदेश स्वतः सशक्त होगा। सरकार का लक्ष्य 2047 तक मध्यप्रदेश को विकसित भारत के साथ एक समृद्ध और आत्मनिर्भर राज्य बनाना है, जिसमें महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उनका मानना है कि समाज में महिलाओं को समान अवसर देना न केवल उनके विकास के लिए आवश्यक है, बल्कि समाज के समग्र विकास के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।उनका कहना है कि नारी शक्ति मिशन हमारे इस दृष्टिकोण का विस्तार है जिसमें हर जिले से महिलाओं को जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का एक नया अध्याय लिखा जा रहा है। एक तरफ आज जहाँ ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं स्व-सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं वहीँ लाड़ली बहना योजना, लखपति दीदी योजना और नारी शक्ति मिशन जैसी अनेकों महिला केनद्रित योजनाओं के माध्यम से मध्य प्रदेश की महिलाएं आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त हो रही हैं। स्व-सहायता समूहों ने न केवल प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है, बल्कि महिलाओं को समाज में सम्मान और स्वावलंबन की नई पहचान दी है। **–के.के.जोशी**

## सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल कर रहे पाक को बेनकाब

**मृत्युंजय दीक्षित**

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद, भारत आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को हर स्तर पर बेनकाब कर रहा है। इसी के अंतर्गत भारत सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाक अधिकृत कश्मीर तथा पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों को समाप्त करने के लिए जो पहल की है उसकी सटीक व स्पष्ट जानकारी देने के लिए सात सांसदों के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों में भेजे हैं। ये सभी सांसद विदेश मंत्रालय की ब्रीफिंग के अनुसार पार्टी लाइन से ऊपर उठकर पाकिस्तान और आतंकवाद के विरुद्ध एक स्वर में भारत का पक्ष रख रहे हैं ।इन दलों को सभी देशों में समर्थन प्राप्त हो रहा है। विदेशी दौरे पर गये सभी सांसद भारत हित में कार्य कर रहे हैं और उनके भाषणों की चर्चा भारत में हो रही है। इन चर्चाओं में सबसे ऊपर नाम है कंाग्रेस सांसद शशि थरूर का, जिनको दल का नेतृत्व सौंपे जाने पर उनकी अपनी पार्टी कंाग्रेस ने ही विरोध किया था, शशि थरूर की सफल यात्राओं को देखने के बाद भी कंाग्रेस उनकी प्रतिभा की प्रशंसा करने के स्थान पर अपने प्रवक्ताओं से उनका उपहास करा रही है। शशि थरूर के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने आतंक के खिलाफ लड़ाई जारी रखने का संकल्प लेते हुए अमेरिका में 9/11 स्मारक का दौरा किया और आतंकवादी हमलों में मारे लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह एक राजनीतिक कदम था जिसने अमेरिका के लोगों के आतंकवाद के घावों को हरा कर दिया। ये दल अमेरिका के अतिरिक्त गुयाना,पनामा, कोलंबिया और ब्राजील का दौरा कर चुका है । इन सभी देशों ने भारत के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया है। शशि थरूर ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अब पाकिस्तान में बैठकर कोई व्यक्ति यह नहीं सोच सकता कि वे सीमा पार करके आएंगे भारतीय नागरिकों की हत्या करेंगे और उन्हें दंड नहीं मिलेगा।अब उन्हें इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी ।आपरेशन सिंदूर अब एक नया मापदंड बन चुका है। भारत ने स्पष्ट व कड़ा संदेश दिया है कि आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेंगे और इसका जवाब दिया जायेगा। पनामा की यात्रा के दौरान शशि थरूर ने श्री राम मंदिर पहुंचकर आरती भी की स्वाभाविक रूप से इससे उनकी अपनी कंाग्रेस पार्टी के कुछ लोगों को धक्का पहुंचा होगा। कंाग्रेस के एक अन्य नेता मनीष तिवारी भी तीखे तेवरों और तथ्यात्मक सटीकता के भारत का पक्ष रखते दिखाई दे रहे हैं । आश्चर्यजनक रूप से कंाग्रेस का शीर्ष नेतृत्व अपने ही नेताओं पर आरोप लगाने लगा है कि वे भाजपा की भाषा बोल रहे हैं । कंाग्रेस के प्रवक्ता अपने ही नेताओं पर हमलावर हो गये हैं। जनता दल (यूनाइटेड) के नेता व सांसद संजय झा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिमंडल विश्व के सबसे बड़े मुस्लिम राष्ट्र इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता पहुंचा। जकार्ता में भारतीय प्रतिनिधि मंडल का जोरदार स्वागत करते हुए प्रतिनिधियों को एक विशेष शॉल उढ़ाया गया । आतंक के खिलाफ लडाई में इंडोनेशिया पूरी ताकत के साथ भारत के साथ खड़ा है। यह दल अभी तक कतर, कुवैत, दक्षिण अफ्रीका, बहरीन जैसे मुस्लिम देशों का दौरा कर चुका है। भारत मुस्लिम देशों को यह समझाने का भी प्रयास कर रहा है कि सिर्फ इसलिए कि पाकिस्तान एक मुस्लिम बहुल और परमाणु शक्ति संपन्न देश है अतः उसे भारत के खिलाफ उसके कृत्यों के लिए दोषमुक्त नहीं किया जा सकता। इस दल ने सिंगापुर में भी पाकिस्तान को बेनकाब किया। भारत मुस्लिम देशों को यह समझा रहा है कि आतंकवाद व आईएस एक जैसे हैं। एआईएमआईएम नेता असद्दुदीन औवैसी भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। पाकिस्तानी मीडिया में ओवैसी के बयानों को लेकर बहस हो रही है क्योंकि पाकिस्तान को भरोसा था कि औवेसी साहब इस मुश्किल घड़ी में पाकिस्तान के साथ खड़े होंगे। वहीं सांसद ओवैसी अपने बयान में पाकिस्तान को नकलची कहकर उसका मजाक उड़ा रहे हैं। यूरोप दौरे पर गया पूर्व केंद्रीय मंत्री एम. जे. अकबर वाला प्रतिनिधिमंडल भी चर्चा में रहा है। इस प्रतिनिधि मंडल ने यूरोप के सभी देशों, सीनेट और नेशनल असेंबली, थिक टैंक और विभिन्न भारतीय प्रवासियों के साथ चर्चा की है और परमाणु शक्ति समर्थित आतंकवाद को सबसे बड़ा खतरा बताया है।

### सेहत मंत्र

## स्मोकिंग जितना ही नुकसानदायक है वेपिंग, 4 गुना बढ़ सकता है हार्ट डिजीज का खतरा


आप सभी ने वेपिंग के बारे में तो सुना ही होता। यह बैटरी से चलने वाले डिवाइस से निकलने वाले धुएं को सांस में लेने का प्रोसेस है। इसको वेप पेन या ई सिगरेट के नाम से भी जाना जाता है। यह सिगरेट पीने की तरह ही होता है। हालांकि इसमें तंबाकू नहीं जलाई जाती है। संयुक्त राज्य अमेरिका में युवा आबादी के बीच वेपिंग का इस्तेमाल काफी ज्यादा होता है। युवा अन्य तंबाकू प्रोडक्ट की तुलना में ई-सिगरेट या वेप्स का अधिक उपयोग करते हैं। वहीं कई लोग इसे स्मोकिंग से ज्यादा सेफ मानते हैं। लेकिन वेपिंग से भी व्यक्ति को ऑर्गन डैमेज, सांस लेने में समस्या और लत समेत कई गंभीर नुकसान होते हैं। वेपिंक को सिगरेट पीने की तुलना में अधिक सुरक्षित माना जाता है। लेकिन वेपिंग से कई तरह की सेहत संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। रेगुलर सिगरेट और ई-सिगरेट में निकोटीन प्राइमरी एजेंट पाया जाता है। जोकि अत्यधिक नशे की लत होती है। निकोटीन एक विषैला पदार्थ है। यह आपके ब्लड प्रेशर को बढ़ाने का काम करता है। साथ ही एड्रेनालाईन को बढ़ाता है। जिससे हृदय की गति बढ़ जाती है और हार्ट अटैक पड़ने की संभावना बढ़ जाती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक ई-सिगरेट और रेगुलर सिगरेट दोनों में निकोटीन पाया जाता है। यह हेरोइन और कोकीन की तरह ही लत लगाने वाला हो सकता है। ई-सिगरेट या वेपिंग के इस्तेमाल से ऑर्गन डैमेज का खतरा भी हो सकता है। क्योंकि ई-लिक्विड में मौजूद निकोटीन और अन्य पदार्थ आपके फ़ेफड़ों के अलावा दिल और मस्तिष्क को भी नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए इसमें मौजूद निकोटीन ब्रेन के विकास को भी नुकसान पहुंचा सकता है। यह ब्लड प्रेशर को भी बढ़ा सकता है। साथ ही यह आर्टरीज को संकीर्ण कर सकता है। बता दें कि ई-लिक्विड में मौजूद तत्व कैंसर की वजह बनते हैं। वहीं कई अध्ययनों से पता चलता है कि ई-सिरगेट के इस्तेमाल से फ़ेफड़ों से संबंधित समस्याएं हो सकती हैं। इसके इस्तेमाल से अस्थमा का खतरा भी बढ़ सकता है।

### धर्म मंत्र

## शिव दर्शन में समाहित है लोककल्याण

शिव की महिमा अपरंपार है। क्योंकि एक ही तत्व की तीन परम मूर्तियों यानी ब्रह्मा, विष्णु और शिव में सबसे अन्तिम मूर्ति का नाम ही शिव है। शिव ही शंकर भी हैं। ब्रह्मा का कार्य सृष्टि करना, विष्णु का कार्य पालन करना और शिव का कार्य संहार करना है। परन्तु साम्प्रदायक शैवों के अनुसार, शिव ही परम तत्व हैं और उनके कार्यों में संहार के अतिरिक्त सृष्टि और पालन के कार्य भी सम्मिलित हैं। शिव परम कारुणिक भी हैं और उनमें अनुग्रह अथवा प्रसाद तथा तिरो भाव यानी गोपन और लोपन की क्रिया भी पायी जाती है। इस प्रकार उनके कार्य पांच प्रकार के हैं। शिव की विभिन्न अभिव्यक्तियां इन्हीं कार्यों में से किसी न किसी से सम्बन्धित हैं, प्रभावित हैं, अनुप्राणित हैं। शिव का उद्देश्य ही भक्तों का कल्याण करना है। शिव विभिन्न कलाओं और सिद्धियों के प्रवर्तक भी माने गये हैं। संगीत, नृत्य, योग, व्याकरण, व्याख्यान, भैषज्य आदि के मूल प्रवर्तक शिव ही तो हैं। इनकी कल्पना सब जीवधारियों के स्वामी के रूप में की गयी है। इसी लिये यह पशुपति, भूतपति और भूतनाथ भी कहे गये हैं। शिव सभी देवताओं में श्रेष्ठ कहे गये हैं। इसी लिये महेश्वर और महादेव इनके विरुद पाये जाते हैं। इनमें माया की अनन्त शक्ति है, इसी लिये शिव मायापति भी हैं। उमा के पति होने से शिव का एक पर्याय उमापति भी है। इनके अनेक विरुद और पर्याय हैं। महाभारत 13,17 में इनकी एक लम्बी सहस्त्रनाम सूची है। शिव की कल्पना की उत्पत्ति और विकास का क्रम वैदिक साहित्य से ही मिलना शुरु हो जाता है। ऋग्वेद में रुद्र की कल्पना में ही शिव की अनेक विशेषताओं को बतलाया गया है।

### पर्यटन



## शांति, प्राकृतिक सौंदर्य और औपनिवेशिक विरासत का अद्भुत संगम है डलहौज़ी

हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में स्थित डलहौज़ी एक सुंदर और शांत पहाड़ी स्थल है, जो अपनी ठंडी जलवायु, हरे-भरे देवदार के जंगलों, और औपनिवेशिक वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है। समुद्र तल से लगभग 1,970 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह शहर 19वीं शताब्दी में ब्रिटिश गवर्नर जनरल लॉर्ड डलहौज़ी द्वारा स्थापित किया गया था और आज भी अपने ब्रिटिश युग की विरासत को सहेजे हुए है। डलहौज़ी एक ऐसा स्थल है जहाँ प्राकृतिक सुंदरता, इतिहास और शांति का अनोखा मिश्रण देखने को मिलता है। यहाँ की वादियाँ, झीलें, जलप्रपात और दूर-दूर तक फैले पहाड़, किसी चित्रकार की कल्पना जैसे प्रतीत होते हैं। यह स्थल उन यात्रियों के लिए आदर्श है जो भीड़-भाड़ से दूर, सुकून के पल बिताना चाहते हैं। डलहौज़ी से लगभग 22 किमी दूर स्थित खजियार एक छोटा सा पठार है, जिसे घास के मैदान, झील और देवदार के पेड़ों से घिरा हुआ माना जाता है। यहाँ की खूबसूरती और खुला मैदान बच्चों और फोटोग्राफरों को बेहद पसंद आता है। यह जंगल क्षेत्र वन्य जीव प्रेमियों और ट्रेकिंग करने वालों के लिए आदर्श स्थान है। यहाँ से धौलाधार पर्वतमाला के अद्भुत दृश्य दिखाई देते हैं। डलहौज़ी के पास स्थित यह जलप्रपात गर्मियों में बेहद लोकप्रिय होता है। यहाँ की ताजगीभरी हवा और पानी की कलकल ध्वनि मन को शांति देती है। यह एक शांत जगह है जहाँ नेताजी सुभाष चंद्र बोस कुछ समय के लिए ठहरे थे। यह स्थान घने पेड़ों और पानी के झरनों से घिरा है। ब्रिटिश काल में बनी ये चर्चें औपनिवेशिक वास्तुकला की सुंदर मिसाल हैं और पर्यटकों को अतीत से जुड़ने का अवसर देती हैं। मार्च से जूनः गर्मियों में ठंडी और सुहावनी जलवायु के लिए उपयुक्त। सितंबर से नवंबरः हरियाली और पर्वतीय शांति के लिए आदर्श। दिसंबर से फरवरीः बर्फबारी का आनंद लेने वालों के लिए स्वर्ग समान। हवाई मार्गः निकटतम हवाई अड्डा पठानकोट (लगभग 75 किमी) है। रेल मार्गः निकटतम रेलवे स्टेशन पठानकोट है, जहाँ से टैक्सी या बस के माध्यम से डलहौज़ी पहुँचा जा सकता है।

# नोडल अधिकारियों ने परखा आकांक्षी विकास खंडों में योजनाओं की प्रगति

**विकास कार्यों की समीक्षा की, आवश्यक निर्देश**

**कुर्सी पंचायत भवनः चिकित्सक, पी आर वी 112 का डेरा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बाराबंकी । प्रदेश सरकार द्वारा सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े विकास खण्डों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने एवं इन विकास खण्डों को राज्य औसत से ऊपर लाये जाने हेतु आकांक्षात्मक विकास खण्डों में प्रगति का अनुश्रवण किया जा रहा है। आकांक्षात्मक विकास खण्डों में प्रगति का अनुश्रवण 05 विषयगत क्षेत्रों यथा-स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं सम्बद्ध सेवाएं, आधारभूत अवसंरचना तथा सामाजिक विकास के अंतर्गत कुल 50 इंडीकेटर्स के आधार पर किया जा रहा है। जिसके तहत जिले के निन्दूरा व पूरेडलई आकांक्षी ब्लॉकों में विकास कार्यो की प्रगति की जांच के लिए शासन से नोडल अधिकारी अवधेश कुमार तिवारी विशेष सचिव, अजय कंात सैनी अपर आयुक्त शुक्रवार को बाराबंकी पहुँचे। दोनों अधिकारियों ने आकांक्षी विकास खंडों में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। विकास खण्ड स्थित विद्यालयों का भ्रमण कर उपलब्ध सुविधाओं यथा-सुलभ पेयजल, बिजली, कक्षाओं में फर्नीचर, क्रियाशील शौचालयों, प्रशिक्षित शिक्षकों की उपलब्धता की समीक्षा की। विकास खण्ड में स्थित ग्राम पंचायतों का निरीक्षण कर जनमानस को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं यथा ग्राम पंचायत/सचिवालय में पंचायत सहायक एवं डाटा एंट्री/कंप्यूटर ऑपरेटर की तैनाती/उपलब्धता की स्थिति की समीक्षा की। निंदूरा विकास खण्ड में कुर्सी पंचायत

स्थित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों यथा-पोषण पुनर्वास केन्द्र, रिसोर्स रिकवरी सेंटर, स्वयं सहायता समूह केन्द्र इत्यादि का भ्रमण किया। कुर्सी पंचायत भवन के एक कमरे में पशु चिकित्सक व दूसरे कमरे में पी आर वी 112 कब्जा पर नाखुशी जताई। भ्रमण से पहले जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह सहित जिले के सम्बंधित अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में विकास कार्यो की समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक के दौरान दोनों अधिकारियों ने आकांक्षी विकास खंडों में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के तहत आँगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों के नामांकन की स्थित उन्हें वितरित किए जाने वाले पोषाहार आदि की समीक्षा करते हुए सैम मैम बच्चों की स्थित की जानकारी ली। कौशल विकास योजना सम्बंधी जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सिख समुदाय द्वारा श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर विशेष लंगर का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़ बाराबंकी, आज नगर हैदरगढ़ में सिख समुदाय द्वारा धर्म और मानवता के प्रतीक, पंचम गुरु श्री गुरु अर्जन देव जी महाराज के शहीदी दिवस के पावन अवसर पर विशेष लंगर का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन श्रद्धा, सेवा और भाईचारे की मिसाल बना, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासियों ने भाग लिया और गुरु जी को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया।

इस धार्मिक आयोजन में नगर की विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक हस्तियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। लंगर सेवा में प्रमुख रूप से सरदार भगवंत सिंह, सरदार गगनदीप सिंह, सरदार अमृत सिंह, सरदार प्रतिपाल सिंह, सरदार हरप्रीत सिंह, सरदार महेन्द्र सिंह (गोल्डी), सरदार हरमीत सिंह, सरदार प्रिंस सिंह और सरदार गुरुचरण सिंह ने विशेष भूमिका निभाई। इन सभी ने अपने अथक प्रयासों और सेवा भाव से आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

लंगर में नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से हैदरगढ़ नगर अध्यक्ष श्री आलोक तिवारी, , श्री राज कुमार सोनी, श्री योगेश द्विवेदी 'लम्बरदार', श्री सूरज दीक्षित, श्री शिवा वर्मा तथा सहित अन्य सम्मानित नागरिकों ने भाग लिया। सभी ने इस अवसर पर गुरु जी के बलिदान को नमन करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

श्री गुरु अर्जन देव जी ने सत्य, न्याय और मानवता के लिए जो बलिदान दिया, वह समूचे मानव समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनका जीवन सिख पंथ के मूल सिद्धांतों ऽ सेवा, समर्पण और सहिष्णुता ऽ का प्रत्यक्ष उदाहरण है। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने गुरु जी के जीवन और शिक्षाओं पर प्रकाश डाला और उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। लंगर में सभी जाति, धर्म और वर्ग के लोगों ने साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया, जो सिख धर्म की मूल भावना – ''सरबत का भला'' – का प्रतीक रहा। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना ही उनकी सच्ची सेवा है।

## पटरी दुकानदारों द्वारा मसीहा मिश्रा का भव्य स्वागत, जीत से खुश आभार बधाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। श्री अवध पट्टीदार दुकानदार सेवा एवं कल्याण समिति के बैनर तले पटरी दुकानदारों व समिति के पदाधिकारियों द्वारा आंदोलनकारी अधिवक्ता समाजसेवी

रितेश कुमार मिश्र का भव्य स्वागत किया गया। जिला बार एसोसिएशन बाराबंकी के चुनाव में वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर हुई ऐतिहासिक जीत पर समिति व पट्ररी दुकानदारो ने अधिवक्ताओं के प्रति आभार भी जताया। ज्ञातव्य है कि पट्टीदारदुकानदारो ने मसीहा माने जाने वाले आंदोलनकारी अधिवक्ता रितेश कुमार मिश्र सहित सहयोगी अधिवक्ता संजय गांधी, रितेश कुमार, सुधा गौतम, फरहत फातिमा, मोहम्मद आसिफ,शुभम शर्मा, सुमन देवी,राजेश चौरसिया, पवन तिवारी,अमन वर्मा,रानी कश्यप, आकाश राय, अभिरूप मौर्य, मोहम्मद शकीब आदि अधिवक्ताओं के साथ धनोखर चौराहा पहुंचे जहां आयोजित समारोह में उपस्थिति पट्टीदार दुकानदारो ने अधिवक्ता श्री मिश्र जी का भव्य स्वागत किया। सभी पट्टीदार दुकानदारों के साथ पैदल चलकर घंटाघर होते हुए पुराना जायसवाल धर्मशाला तक पहुंचे। रास्ते भर में जगह जगह पट्टीदार दुकानदारो ने माला पहनाकर व फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया।मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई वही हेमंत जैन ने अपने साथी मनोज शुक्ला,अतुल मिश्र, विवेक श्रीवास्तव ने भी भव्य स्वागत किया।

इस स्वागत कार्यक्रम में मनमोहन गुप्ता, अजय, आसिफ,जय गुप्ता गोविंदानंदू कश्यप, अन्नू, राहुल राजपूत, विजय, नफीस अहमद, शकील अहमद,अकील अहमद, नदीम,दिनेश कश्यप,श्री पटेल,दीपू,सलमान, रवि, उस्मान, जावेद, परवेज, शिव शंकर साहू उर्फ स्वामी, नदीम अंसारी, ताज, सलीम, रामू, अरमान आरिफ, मायावती, किशन बोस, ओमी, प्रिया, उमा अंसारी अन्टी, शीला राजपूत बिट्टन आदि सम्मिलित रहे।

## बढ़नापुर में ग्राम चौपाल का आयोजन, ग्रामीणों को दी गई विकास योजनाओं की जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़, बाराबंकीः विकास खंड हैदरगढ़ के अंतर्गत ग्राम सभा बढ़नापुर में शनिवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। यह चौपाल ग्राम प्रधान श्री नाथ की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं की जानकारी देना और उनकी समस्याओं का समाधान करना था। ग्राम चौपाल की शुरुआत निर्धारित समय पर हुई इसके पश्चात ग्राम प्रधान राम नाथ ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत का उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं, बल्कि हर नागरिक को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना भी है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं तभी सफल होंगी जब आम जनमानस तक उनकी जानकारी पहुंचेगी और उनका सही लाभ मिलेगा।

ग्राम पंचायत सचिव श्री विंदराज यादव ने उपस्थित ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, आयुष्मान भारत योजना, राशन कार्ड वितरण, वृद्धावस्था पेंशन, किसान सम्मान निधि योजना, और उज्ज्वला योजना सहित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे इन योजनाओं के लिए आवेदन किया जा सकता है और पात्रता की क्या शर्तें हैं। चौपाल में आए ग्रामीणों ने खुलकर अपनी समस्याएं भी रखीं। इनमें मुख्य रूप से आवास की पात्रता सूची में नाम न होना, सड़क और नाली निर्माण में देरी, राशन वितरण में अनियमितता, वृद्धावस्था पेंशन में अड़चन जैसी समस्याएं सामने आईं। ग्राम प्रधान और सचिव ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। कुछ समस्याओं के समाधान के लिए निरीक्षण की भी बात कही गई। इसके अलावा चौपाल में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने, बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देने, ग्राम में नशा मुक्ति अभियान चलाने और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने पर भी चर्चा की गई। पंचायत सदस्यों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने बच्चों को स्कूल भेजें, महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ें और ग्राम में स्वच्छता बनाए रखें। कार्यक्रम के अंत में ग्राम प्रधान राम नाथ ने सभी उपस्थितों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की चौपालें नियमित रूप से आयोजित की जाएंगी ताकि शासन-प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद बना रहे।

## राजमाता अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति जयंती पर हैदरगढ़ एवं सुबेहा में भव्य कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़ बाराबंकी । हैदरगढ़ मंडल एवं सुबेहा के अंतर्गत नगर पंचायत हैदरगढ़ एवं नगर पंचायत सुबेहा के कार्यालय प्रांगण में पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की त्रिशताब्दी स्मृति जयंती के उपलक्ष्य में गरिमामयी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों का उद्देश्य राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के प्रेरणादायक जीवन, उनके योगदान और संघर्ष को जनसामान्य तक पहुंचाना था। नगर पंचायत हैदरगढ़ में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक श्री दिनेश रावत एवं विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत हैदरगढ़ के अध्यक्ष श्री आलोक तिवारी उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन एवं कार्यों पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए उनकी त्याग, सेवा और न्यायप्रियता की भावना को आज की पीढ़ी के लिए अनुकरणीय बताया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनके सामाजिक, धार्मिक एवं प्रशासनिक योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें युगप्रेरणा की संज्ञा दी। वहीं नगर पंचायत सुबेहा में ''नगर पंचायत महिला सशक्तिकरण सम्मेलन एवं सम्मान समारोह'' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा बाराबंकी के पूर्व जिलाध्यक्ष श्री अवधेश श्रीवास्तव रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला वक्ता सुश्री सविता रावत उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण को केंद्र में रखते हुए, महिलाओं के सामाजिक योगदान, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व क्षमता पर सारगर्भित संवाद हुआ। कई मातृशक्तियों को उनके क्षेत्रीय योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर हैदरगढ़ मंडल अध्यक्ष श्री मोहित मिश्रा, आदर्श तिवारी (दीपू), संतोष श्रीवास्तव, , टैक्स कलेक्टर राजेंद्र यादव मनोज यादव , सविता रावत , ऊषा मौर्या चांदनी रावत एवं सुबेहा मंडल अध्यक्ष श्री रणवीर सिंह मोनू, नगर पंचायत ईओ श्री अशोक कुमार खरवार, नगर पंचायत सुबेहा के चेयरमैन, लिपिक श्री सतीश श्रीवास्तव, तथा सम्मानित पार्टी पदाधिकारीगण, सभासदगण, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिक एवं मातृशक्ति की उपस्थिति रही। कस्बा हैदरगढ़ स्थित केशव मैरिज लॉन में आयोजित कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी हैदरगढ़ मोहम्मद शम्स तबरेज खान ने इसे सामाजिक एकता और सांस्कृतिक जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास बताया।

## बालाजी समर कैंप संस्कृति का यादगार समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। बालाजी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के समर कैंप ़संस्कृतिक़ का आज सांस्कृतिक रंगों से सराबोर वातावरण में अवसान हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान, योगाभ्यास एवं जोश से भरे ज़ुम्बा से हुआ, जिसमें छात्रों एवं शिक्षकों ने पूर्ण जोश और उमंग के साथ भाग लिया।इसके पश्चात उत्तर प्रदेश सरकार एवं भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ़बालाजी का बचपन बाराबंकीक़ की 15 दिवसीय विशेष प्रस्तुति कार्यशालाओं ऽ गायन एवं नृत्य ऽ का समारोह आयोजित हुआ। नृत्य कार्यशाला में बच्चों ने कथक नृत्य की विभिन्न मुद्राओं और तकनीकों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिसे श्रीमती सुनेना जायसवाल मैम द्वारा प्रशिक्षण दिया गया था। इस अद्भुत प्रस्तुति में आद्रिका, अलंकृता, सिमरत, अभया, मान्या, अंशिका गुप्ता, शगुन रस्तोगी, जान्हवी, शगुन वर्मा, स्तुति, अंशिका मिश्रा, मानवी और शांभवी ने भाग लिया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं दूसरी ओर, गायन कार्यशाला का संचालन प्रभात नारायण दीक्षित सर व मधुकर तिवारी (भातखंडे विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित शिक्षक) के मार्गदर्शन में हुआ, जिसमें प्रतिभागी विद्यार्थियों ने भारतीय संगीत की सुरमयी छटा बिखेरी। प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों में शीर्ष, अचिंत्य, विनायक, देवान्श, इशानी, मौलिक, प्रेक्षा, अमृत, शिवम, सैफ और अफशा प्रमुख रहे। इस प्रस्तुति को विशेष रूप से अनंत कुमार प्रकाश जी द्वारा तबले की संगत ने और भी गरिमा प्रदान की। इसके उपरांत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय की हेड्स ऽ सविता कौर, निखत परवीन, भारती माथुर, अना खान, अल्पना कौर ऽ ने बच्चों को न केवल उनकी मेहनत और समर्पण के लिए प्रमाण पत्र दिए, बल्कि एक पौधा भेंट कर उन्हें पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश भी दिया। ़संस्कृतिक़ समर कैंप न केवल प्रतिभा का एक मंच रहा, बल्कि यह बच्चों के व्यक्तित्व विकास, भारतीय कला-संस्कृति से परिचय और जीवन मूल्यों की शिक्षा का एक अनुपम अवसर बना। इस विशेष अवसर पर विद्यालय की समस्त शिक्षिकाएँ एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। जिनमें सविता कौर ,निखत परवीन, भारती माथुर, अना ख़ान , अल्पना कौर, सना, शफक, शगुन, शालू, उम्मे, प्रियंका, प्राची, रेखा, रिचा, नैंसी, नबीला, ख़ुशी, झील, गौरी, डॉली, रवनीत, नम्रता, अनन्या, अनम, अल्शिफा, अलीशा ज़ैदी, वर्दा, जागृति, शाज़िया, शिवानी, समीरा, भाव्या, रीति, ज़हीन, सना हुसैन, मरियम, हरप्रीत और याशी मैम शामिल रहीं ।

### पेड़ से टकराई बोलेरो 10 लोग जख्मी



बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। अयोध्या लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग से लिंक मार्ग कोटवा सड़क सिद्धौर मार्ग पर एक बुलेरो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में 10 लोग गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी रामसनेहीघाट भेजा गया, जहां पर गांव निवासी लालपुरा के फतेहबहादुर (55) पुत्र काशीराम और संजू देवी (40) की हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सभी लोग परी माता के दर्शन कर अपने घर लालपुरा लौट रहे थे।

### चोरी कर भाग रहे बदमाश को ग्रामीणों ने दबोचा

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुंघटेर थाना क्षेत्र के खंडसरा गांव निवासी महेंद्र पुत्र मनोहर ने घर में बीती रात चोरी की नियत से घुसे एक बदमाश को सरसों की बोरी ले जाते समय भाई व बाप समेत बलपूर्वक दबोच लिया। चोर चोर के शोर पर आस-पड़ोस के लोग जुट गए और बदमाश को रस्सी से बांध कर कब्जे में लिया। और तत्काल पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी निरीक्षक बेचू सिंह यादव ने बताया कि पकड़ा गया बदमाश सीतापुर के थाना सदरपुर के गोड़इचा गांव का निवासी है।

### गंगा दशहरा : आयोजन 31 मई से पांच जून को पूर्णाहुति ,भंडारा

निन्दूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड निंदूरा क्षेत्र के बिसई ग्राम पंचायत में गंगा दशहरा के उपलक्ष में नवहई कुटी माता राम जानकी व बाबा प्रसाद दास जी की समाधि पर परंपरागत लगने वाला मेला आगामी 31 मई से पांच जून तक आयोजित होगा इस पावन अवसर पर श्री राम महायज्ञ एवं सीताराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन आहुत है। महंत राणा दास ने बताया कि 31 मई को कलश यात्रा से आयोजन का शुभारंभ होगा और आगामी पांच जून को प्राण प्रतिष्ठा एवं पूर्णाहुति पश्चात विशाल भंडारा का आयोजन निश्चित है।उक्त तिथियों के मध्य मंडप प्रवेश वेदी निर्माण,वेदी पूजन एवं जलाधिवास,अग्निदेव का प्राकट्य,महास्नान नगर भ्रमण व वृंदावन की प्रसिद्ध रासलीला के तत्वावधान में समस्त आयोजन संपन्न होंगे।

### पम्पिंग सेट चोरी

निन्दूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुंघटेर थाना क्षेत्र के अकबरपुर मजरे दीनपनाह गांव निवासी संतराम के खेत में बोरिंग पर बंधा पंपिंग सेट अज्ञात बदमाश उठा ले गए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान, तकनीक खेती की सलाह

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को ग्राम पंचायत बड़ागांव मे आयोजित कार्यक्रम मे कृषि उपनिदेशक श्रवण कुमार ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, प्राकृतिक खेती की विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए तकनीक खेती करने की सलाह दी।

सहायक विकास अधिकारी कृषि विजय कुमार एव ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहमद की अध्यक्षता मे आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कृषि उपनिदेशक श्रवण कुमार ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि कृषि क्षेत्र मे किसानो को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है. इस अभियान का मकसद वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को खेतों तक पहुंचाना, किसानों की आय बढ़ायी जा सके जिससे हमारा देश को विश्व मे फूड बास्केट बन सके. अभियान के दौरान कृषि वैज्ञानिकों की टीमें रोज किसानों से सीधे मिलेंगी और नई तकनीक से खेती करने के उपाय बताएंगे। परीक्षण रिपोर्ट वितरण करते हुए जिला कृषि अधिकारी राजितराम ने बताया कि मृदा स्वास्थ्य परीक्षण रिपोर्ट वह दस्तावेज है जो किसानों को उनकी मिट्टी के स्वास्थ्य के बारे मे जानकारी मिलती रहेगी।

.इफको के प्रबंधक राजकुमार ने उर्वरक से पैदावार बढ़ाने के उपाय बताए। गन्ना अनुसंधान केंद्र लखनऊ से आये प्रधान वैज्ञानिक ए के द्विवेदी, वैज्ञानिक चन्द्रमणि राज, विज्ञान केंद्र हैदरगढ़ के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. अश्वनी कुमार सिंह ने भी किसानों को लाभप्रद जानकारी दी।

कार्यक्रम मे सहायक विकास अधिकारी कृषि विजय कुमार, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, टी ए सी मनजेश कुमार, विजय कुमार अजय कुमार गुप्ता सहित भारी संख्या मे किसान मौजूद रहे।

## नई प्रेरणा है लोकमाता' द्वारा सनातन धर्म के पुर्नस्थापना कार्य

**जनपद की नगर पंचायतों में आयोजित हुए कार्यक्रम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बाराबंकी। 'पुण्यश्लोक' पूज्य देवी अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान-2025 के अंतर्गत स्थानीय नगर पंचायत के सभागार में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का आयोजन किया गया। चेयरमैन रामशरण पाठक की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि पधारे वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व एमएलसी हरगोविन्द सिंह ने 'लोकमाता' अहिल्याबाई होल्कर जी के द्वारा सनातन धर्म के उत्थान और पुनर्स्थापना के लिए किए गए कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। कहा कि हम सभी के लिए एक नई प्रेरणा हैं।

इस सम्मेलन में टाउन के सभासद गणमान्य नागरिक व भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।इसी क्रम में पंचायत सिद्धौर कार्यालय प्रांगण में शुक्रवार को पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में भव्य समारोह एवं महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने महारानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन, उनके सामाजिक योगदान और आदर्श शासन प्रणाली पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होलकर नारी नेतृत्व की एक अद्वितीय मिसाल थीं, जिन्होंने शासन के साथ-साथ समाज सुधार में भी अहम भूमिका निभाई।कार्यक्रम में सिद्धौर ब्लॉक प्रमुख श्रीमती आरती रावत एवं नगर पंचायत सिद्धौर की अध्यक्षा श्रीमती रमंता रावत ने भी महारानी अहिल्याबाई के जीवन और उनके कार्यों को याद करते हुए महिलाओं के उत्थान की दिशा में प्रेरणादायक वक्तव्य दिए। इस अवसर पर नगर पंचायत की महिला सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया, व स्वच्छता अभियान में उनके योगदान को सराहा गया। कार्यक्रम में अधिशाषी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी, वरिष्ठ लिपिक श्रीष मिश्रा, चेयरमैन मैन प्रतिनिधि लल्लू रावत, महिला सभासदगण, व नगर पंचायत के कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

दरियाबाद से संवाददाता अमर सिंह राणा ने बताया कि नगर पंचायत टिकैतनगर के स्वामी विवेकानंद सभागार में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रानी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी स्मृति जयंती के अंतर्गत आयोजित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ता ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष दिलीप मिश्रा उपस्थित रहे। पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय भी कार्यक्रम में शामिल हुए। दोनों वक्ताओं ने रानी अहिल्याबाई होल्कर के महिला उत्थान में योगदान पर प्रकाश डाला। साथ ही उनके राष्ट्र और समाज के लिए किए गए कार्यों को याद किया।कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी शीलू अवस्थी, लिपिक राजकुमार पांडेय और कई सभासद मौजूद रहे। इनमें परशुराम रावत, उदयराज रावत, राजकुमार रावत, क्रांति कश्यप और पांचू रावत शामिल थे। बड़ी संख्या में महिलाएं भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। हैदरगढ़ में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विधायक दिनेश रावत , चेयरमैन आलोक तिवारी , आदर्श तिवारी दीपू समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे इस दौरान विधायक श्री रावत एवं चेयरमैन आलोक तिवारी द्वारा महिलाओं को सम्मानित भी किया गया ।

# प्रधानमंत्री आज भोपाल में देवी अहिल्याबाई महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन में करेंगे शिरकत

एजेंसी



भोपाल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार 31 मई को मध्य प्रदेश के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। वे यहां लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर भोपाल में महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन में शामिल होंगे। भोपाल के जम्बूरी मैदान में आयोजित महासम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी इंदौर मेट्रो तथा सतना और दतिया एयरपोर्ट का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री क्षिप्रा नदी पर 778 करोड़ के घाट निर्माण कार्यों का वर्चुअल भूमिपूजन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 483 करोड़ लागत के 1271 नवीन अटल ग्राम सेवा सदन (पंचायत भवन) की पहली किश्त का अंतरण भी करेंगे। जनसम्पर्क अधिकारी केके जोशी ने शुक्रवार को बताया कि महासम्मेलन में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केन्द्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत शामिल रहेंगे। इस महासम्मेलन के आयोजन में केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय का भी महत्वपूर्ण समन्वय है। उन्होंने बताया कि महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी लोकमाता देवी अहिल्याबाई को समर्पित डाक टिकट और सिक्का जारी करेंगे। मोदी आदिवासी, लोक और पारंपरिक कलाओं के क्षेत्र में एक महिला कलाकार को राष्ट्रीय देवी अहिल्याबाई पुरस्कार से सम्मानित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री संस्कृति विभाग ?द्वारा आयोजित लोकमाता देवी अहिल्याबाई के सुशासन, महिला सशक्तीकरण और संस्कृति पर आधारित प्रदर्शनी का भी अवलोकन करेंगे। लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती-

दरअसल, मध्य प्रदेश सरकार ?द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के मुख्य आतिथ्य में 31 मई को लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष में राज्य स्तरीय महिला महासम्मेलन का आयोजन भोपाल में किया जा रहा है। अहिल्याबाई को महिला नेतृत्व, न्यायप्रियता और प्रशासनिक दक्षता का प्रतीक माना जाता है, जिनसे प्रदेश की महिलाएं प्रेरणा लेती हैं। देवी अहिल्याबाई के सुशासन के मंत्र को अपनाते हुए प्रदेश सरकार की कई योजनाएं लाडली बहना योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना आदि संचालित की जा रही हैं। उन्होंने अपने शासनकाल में शिक्षा, धर्म, न्याय और महिला हितों को प्राथमिकता दी। प्रदेश की योजनाओं में भी इन्हीं मूल्यों को आधार बनाया गया है।

मध्य प्रदेश में हर वर्ष अहिल्याबाई की जयंती पर राजकीय कार्यक्रम, पुरस्कार और स्मृति समारोह आयोजित किए जाते हैं। लोकमाता अहिल्याबाई ने काशी, गया, द्वारका जी, सोमनाथ, रामेश्वरम जैसे धार्मिक स्थलों पर मंदिर निर्माण कर धार्मिक एकता और सांस्कृतिक संरक्षण का कार्य किया। उन्होंने अपने शासन में जाति, वर्ग और लिंग के भेदभाव को समाप्त करने की दिशा में काम किया।

# लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ब्रिक्स संसदीय फोरम में लेंगे भाग

एजेंसी



नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 3 से 5 जून तक ब्राजील के ब्रासीलिया में आयोजित होने वाले 11वें ब्रिक्स संसदीय फोरम में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल (आईपीडी) का नेतृत्व करेंगे। इस फोरम का मुख्य विषय अधिक समावेशी और दीर्घकालिक वैश्विक शासन विधि के निर्माण में ब्रिक्स संसदों की भूमिका है। लोकसभा सचिवालय के अनुसार, फोरम में ब्रिक्स देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, इथियोपिया, इंडोनेशिया और ईरान) और आमंत्रित देशों के संसदीय अध्यक्ष और सांसद भाग लेंगे।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला फोरम के पूर्ण सत्र में इंटर-पार्लियामेंट्री सहयोग के लिए जिम्मेदार और समावेशी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य विषयों पर बोलेंगे। फोरम में भारत की डिजिटल पहल, जिसमें भाषिनी भी शामिल है, पर प्रकाश डाला जाएगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल में राज्यसभा के उपाध्यक्ष हरिवंश, राज्यसभा सदस्य सुरेंद्र सिंह नागर, लोकसभा सदस्य विजय बघेल, विवेक ठाकुर, डॉ. शबरी बिरेड्डी, लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह और राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी शामिल होंगे।

फोरम का उद्देश्य ब्रिक्स संसदों की भूमिका को मजबूत करना और वैश्विक शासन में अधिक समावेशी और सतत विकास को बढ़ावा देना है। फोरम में विभिन्न सत्रों में ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग और समन्वय को बढ़ावा देने पर चर्चा होगी।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल की ब्रिक्स संसदीय फोरम में भागीदारी से भारत के वैश्विक संबंधों को मजबूत करने और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।

# मालदा की युवती बांग्लादेश की जेल में, सोशल मीडिया के जरिये बांग्लादेशी युवक से हुआ था संपर्क

एजेंसी

मालदा । बांग्लादेश की जेल में बंद एक भारतीय युवती को लेकर पश्चिम बंगाल के मालदा ज़िले में राजनीतिक घमासान शुरू हो गया है। परिवार का आरोप है कि युवती को सोशल मीडिया के जरिये बरगलाकर प्रेमजाल में फंसाया गया और सीमा पार बांग्लादेश ले जाया गया। अब परिजन यह नहीं समझ पा रहे कि वे बेटी को वापस भारत कैसे लाएं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मालदा ज़िले के बामनगोला थाना अंतर्गत गोविंदपुर-महेश्वरपुर ग्राम पंचायत की रहने वाली एक युवती पिछले कुछ दिनों से लापता थी। परिजनों ने बामनगोला थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। छानबीन में पता चला कि बांग्लादेश के नाओगांव ज़िले के सापाहर थाना अंतर्गत बामनपाड़ा इलाके में सीमा सुरक्षा बल 'बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश' (बीजीबी) ने युवती को बरामद किया। उस समय वह मसूद नाम के बांग्लादेशी युवक के साथ थी। सापाहर थाने की पुलिस ने युवती को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। युवती के परिजनों का कहना है कि मसूद से युवती की संपर्क सोशल मीडिया के जरिये हुआ था। वह उसे प्रेम का झांसा देकर बांग्लादेश ले गया। परिजनों के अनुसार, यह मामला संगठित महिला तस्करी से जुड़ा हो सकता है और बेटी की वापसी को लेकर बेहद चिंतित हैं।

भाजपा की उत्तर मालदा जिला इकाई की सह अध्यक्ष और पूर्व जिला परिषद सदस्य बीणा कीर्तिनया ने कहा कि मालदा ज़िले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर मानव तस्करी का गिरोह लगातार सक्रिय है। राज्य पुलिस की लापरवाही से ऐसी घटनाएं बढ़ रही हैं। वहीं, तृणमूल कांग्रेस की ओर से बामनगोला ब्लॉक के अध्यक्ष और वर्तमान जिला परिषद सदस्य अशोक सरकार ने पलटवार करते हुए कहा कि सीमा सुरक्षा की ज़िम्मेदारी केंद्र सरकार के अधीन आने वाली बीएसएफ की है।

# बीते 20 साल की जदयू-भाजपा सरकार में जो काम हुआ वह आज तक नहीं हुआ : नीतीश कुमार

एजेंसी

पटना/बिक्रमगंज । ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद बिहार के बिक्रमगंज में जनसभा को सम्बोधित करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जोरदार स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में बीते 20 साल के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार में बहुत काम हुआ है। नीतीश कुमार ने कहा कि जब 24 नवम्बर 2005 को राजग की सरकार बनी, जिसमें भाजपा और जदयू शामिल रही, उसके पहले जो सरकारें थी, उन्होंने राज्य में कोई काम नहीं किया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कितनी बड़ी संख्या में महिलाएं दिख रही हैं। इसके पहले वालों ने कोई काम किया था क्या ? जब से हम लोग सरकार में आए तब से हमने सबके लिए काम किया है । हम लोग पूरे तौर से बिहार के विकास में लगे हैं और अच्छे से काम हो रहा है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष कार्य किया गया। सड़क, पुल, पुलिया का बड़े पैमाने पर निर्माण कराया गया। पंचायत और नगरीय निकाय चुनावों में 50 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को दिया गया। गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ने का काम किया। अभी हाल में, कुछ नई बसावटें और कुछ नये घर बन रहे हैं। इस साल जून तक हर घर बिजली, हर घर शौचालय और हर घर नल का काम पूरा कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश ने कहा कि सात निश्चय-2 के तहत सभी योजनाओं में तेजी से काम चल रहा है। युवक और युवतियों को सरकारी नौकरी उपलब्ध करवायी जी रही है। पिछले साल भी हम घूमे और इस साल भी जनवरी से फरवरी के दौरान पूरे राज्य में घूमे हैं । तमाम मंत्री और अधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान हमने 50 हजार करोड़ रुपये के 430 नई योजनाएं शुरू की। प्रधानमंत्री मोदी ने इस पबार के बजट में बिहार को काफी कुछ दिया, जिसमें एयरपोर्ट, एक्सप्रेस-वे खास है। जो कुछ भी बिहार को मिला है वह गौरव की बात है। केंद्र सरकार ने जातीय जनगणना कराने की घोषणा की है, यह बहुत खुशी की बात है।

इससे पहले

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी का बिक्रमगंज में जोरदार स्वागत किया। मंच से नीतीश ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि रोहतास जिले के बिक्रमगंज में प्रधानमंत्री पधारे हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री की ओर से जो कार्य होने वाला है, जिसमें दो सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन, तीन रेल परियोजनाओं का लोकार्पण और चार योजनाओं, जिसमें सुपर पॉवर पलांट का निर्माण तथा पथों और पुलों के निर्माण शामिल हैं।

# पेज एक का शेष

## ऑपरेशन सिंदूर...

मिली है। एक समय था जब भारत अपनी सैन्य जरूरतों के लिए अपनी रक्षा के लिए दूसरे देशों पर निर्भर था। हमने उन हालातों को बदलने की शुरुआत की। यह पूरे यूपी के लिए गर्व की बात है की डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भरता में वह बड़ी भूमिका निभा रहा है। जैसे कानपुर में पुरानी ऑर्डिनेंस फैक्ट्रियां हैंए वैसी ऑर्डिनेंस फैक्ट्रियों को हमने बड़ी आधुनिक कंपनियों में बदल दिया है। उन्होने कहा कि आज यूपी में देश का बड़ा डिफेंस कॉरिडोर बन रहा है। इस कॉरिडोर का कानपुर नोड रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत का बड़ा केंद्र है। एक समय यहां से पारंपरिक उद्योग पलायन कर रहे थे वहां अब डिफेंस सेक्टर की बड़ी कंपनियां आ रही हैं। यहां पास में ही अमेठी में एके 20 राइफल का निर्माण शुरू हो चुका है। ऑपरेशन सिंदूर में जिस ब्रह्मोस मिसाइल ने दुश्मनों को सोने नहीं दिया उस ब्रह्मोस मिसाइल का नया पता है उत्तर प्रदेश। भविष्य में कानपुर और यूपी भारत को डिफेंस का नया एक्सपोर्टर बनाने में सबसे आगे रहेंगे। यहां नई फैक्ट्रियां लगेंगी बड़े पैमाने पर निवेश आएगा। यहां के हजारों युवाओं को रोजगार के अच्छे अवसर मिलेंगे।

श्री मोदी ने कहा कि यूपी और कानपुर को नई ऊंचाई पर लेकर जाना डबल इंजन सरकार की पहली प्राथमिकता है। यह तभी होगा जब यहां पर उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा जब कानपुर का पुराना गौरव फिर से लौटेगा। पिछली सरकारों ने आधुनिक उद्योगों की जरूरतों को नजर अंदाज करके रखा था। कानपुर से उद्योगों का पलायन होता गया परिवारवादी सरकारें आंख बंद करके बैठी रहीं। नतीजा केवल कानपुर ही नहीं पूरा यूपी पीछे हो गया। राज्य की औद्योगिक प्रगति के लिए दो सबसे जरूरी शर्तें हैं पहली ऊर्ज़ा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और दूसरी इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी। आज यहां कई पावर प्लांट्स का लोकार्पण हुआ है जो यूपी की ऊर्ज़ा जरूरत को पूरा करने के लिए बहुत बड़ा कदम है। इन पावर प्लांट्स के बाद यूपी में बिजली की उपलब्धता और बढ़ेगी। इससे यहां के उद्योगों को भी गति मिलेगी।

उन्होने कहा कि आज 47 000 करोड रुपए से अधिक की लागत के कई और विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया है। यहां बुजुर्गों को मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान वय वंदना कार्ड भी दिए गए हैं। अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को भी आर्थिक मदद प्रदान की गई है। यह योजनाएं यह विकास कार्यए कानपुर और यूपी की प्रगति के लिए हमारे कमिटमेंट को दिखाते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज केंद्र और प्रदेश की सरकार आधुनिक और विकसित यूपी के निर्माण के लिए काम कर रहे हैं। इसी का परिणाम है जो इंफ्रास्ट्रक्चरए जो सुविधाए जो संसाधनए बड़ी.बड़ी मेट्रो सिटीज में होते हैं वह सब आप अपने कानपुर में भी देखने लगे हैं। कुछ साल पहले हमारी सरकार ने कानपुर को पहली मेट्रो की सौगात दी थी। आज कानपुर मेट्रो की ऑरेंज लाइन कानपुर सेंट्रल तक पहुंच गई है। पहले एलिवेटेड और अब अंडरग्राउंड इस तरह का मेट्रो नेटवर्क कानपुर के महत्वपूर्ण इलाकों को जोड़ रहा है। कानपुर मेट्रो का यह विस्तार कोई साधारण प्रोजेक्ट नहीं है। कानपुर मेट्रो इस बात का सबूत है कि अगर सही इरादों मजबूत इच्छा शक्ति और नेक नीयत वाली सरकार हो तो देश के विकास के लिएए प्रदेश के विकास के लिए कैसे ईमानदारी से प्रयास होते हैं।

श्री मोदी ने कहा कि आज कानपुर और यूपी विकास के नए कीर्तिमान गढ़ रहा है। मेट्रो सेवा से कानपुर के लोगों को कितना फायदा होने जा रहा है। कानपुर व्यापार का इतना बड़ा केंद्र है। मेट्रो के कारण आज हमारे व्यापारियों और ग्राहकों दोनों के लिए नवीन मार्केट और बड़ा चौराहा पहुंचना आसान हो गया है। कानपुर आने जाने वाले लोगए आईआईटी के स्टूडेंट्सए सामान्य मानवीयए इन सबके लिए सेंट्रल रेलवे स्टेशन पहुंचने में कितना समय बचेगा। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि शहर की गति ही शहर की प्रगति बनती है। यह सुविधाए यह कनेक्टिविटी ट्रांसपोर्ट की आधुनिक फैसिलिटी आज यूपी के आधुनिक विकास की नई तस्वीर बन रही है।

उन्होने कहा आज हमारा यूपी आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी के मामले में बहुत आगे निकल रहा है। जिस यूपी की पहचान टूटी फूटी सड़कों और गड्ढों से होती थीए वह अब एक्सप्रेसवे के नेटवर्क के लिए जाना जाता है। जिस यूपी में लोग शाम के समय बाहर जाने से बचते थे वहां अब हाईवे पर 24 घंटे लोग ट्रैवल करते हैं। यूपी कैसे बदला है यह कानपुर वालों से बेहतर भला कौन जानता है। कुछ ही दिनों में कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे बनकर तैयार हो जाएगाए जिससे लखनऊ का सफर सिर्फ 40 से 45 मिनट का होने वाला है। लखनऊ से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से सीधे कनेक्टिविटी भी मिलेगी। कानपुर लखनऊ एक्सप्रेसवे को गंगा एक्सप्रेसवे से भी जोड़ा जाएगा। इससे पूरब और पश्चिम दोनों तरफ जाने के लिए दूरी भी और समय भी बचेगा।

श्री मोदी ने कहाकि कानपुर के लोगों को अब तक फर्रुखाबाद-अनवरगंज सेक्शन में सिंगल लाइन से दिक्कत होती रही है। एक.दो नहीं 18 रेलवे क्रॉसिंग से आपको संघर्ष करना पड़ता था। कभी यह फाटक बंद तो कभी वह फाटक बंद। आप लोग कब से परेशानी से मुक्ति की मांग कर रहे थे। अब यहां भी 1000 करोड रुपए खर्च करके एलिवेटेड रेल कॉरिडोर बनने जा रहा है। इससे यहां ट्रैफिक सुधरेगा स्पीड बढ़ेगी और प्रदूषण भी कम होगा। सबसे बड़ी बात कानपुर के लोगों का समय बचेगा। कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन को भी अपग्रेड करके विश्व स्तरीय लुक दिया जा रहा है। थोड़े ही समय में कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन भी एयरपोर्ट की तरह आधुनिक वर्ल्ड क्लास नजर आएगा। हमारी सरकार यूपी के 150 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित कर रही है। यूपी पहले ही देश में सबसे ज्यादा इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाला राज्य बन चुका है यानी हाईवेजए रेलवेज और एयरवेजए यूपी हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

उन्होने कहा कि हम यूपी को औद्योगिक संभावनाओं का राज्य बना रहे हैं। इस साल के बजट में हमने मेक इन इंडिया के लिए मिशन मैन्युफैक्चरिंग की घोषणा की है। इसके तहत लोकल उद्योगों के उत्पादन को बढ़ावा दिया जाएगा। कानपुर जैसे शहरों को इसका बहुत बड़ा लाभ मिलेगा। कानपुर के औद्योगिक सामर्थ्य में सबसे बड़ा योगदान यहां की एमएसएमई का होता था। आज हम यहां लघु उद्योगों की अपेक्षाओं को पूरा करते हुए काम कर रहे हैं। कुछ समय पहले तक हमारी एमएसएमई को इस तरह परिभाषित किया जाता था कि उन्हें विस्तार करने में भी डर लगता था। हमने उन पर पुरानी परिभाषाओं को बदला। हमने लघु उद्योगों को टर्नओवर और स्केल की सीमा को बढ़ाया। इस बजट में सरकार ने एक बार फिर एमएसएमईस के दायरे को बढ़ाते हुए उन्हें और भी छूट दी है। पहले के समय में एमएसएमई के सामने बड़ी दिक्कत क्रेडिट की भी होती थी लेकिन पिछले 10 वर्षों में हमने क्रेडिट की समस्या को खत्म करने के लिए एक के बाद एक कई बड़े फैसले लिए हैं। आज युवा अपना उद्योग शुरू करना चाहते हैं तो उन्हें मुद्रा योजना के तहत तुरंत पूंजी मिल जाती है। छोटे और मध्य मुद्दों को आर्थिक मजबूती देने के लिए हमने क्रेडिट गारंटी स्कीम चलाई। इस साल के बजट में एमएसएमई लोन पर गारंटी को बढ़ाकर 20 करोड़ कर दिया है। एमएसएमई के लिए 5 लाख तक की लिमिट वाले क्रेडिट कार्ड भी दिए जा रहे हैं।

श्री मोदी ने कहा कि हम यहां पर नए उद्योगों खासकर एमएसएमई के लिए अनुकूल माहौल बना रहे हैं। इसके लिए प्रक्रियाओं को सरल किया जा रहा है। कानपुर के पारंपरिक चमड़ा और होजरी उद्योग को वन जिला वन प्रोडक्ट के माध्यम से सशक्त किया जा रहा है। हमारे इन प्रयासों का लाभ कानपुर के साथ.साथ यूपी के सभी जिलों को भी मिलेगा। पीएम ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में निवेश का एक अभूतपूर्व सुरक्षित माहौल बना है। गरीब कल्याण की योजनाओं को जमीन पर उतारा जा रहा है। मध्यम वर्ग के सपनों को पूरा करने के लिए भी सरकार उनके साथ खड़ी है। इस बजट में हमने 12 लाख रुपए तक की आय को पूरी तरह टैक्स से मुक्त कर दिया है। इससे करोड़ों मध्यम वर्गीय परिवारों में नया विश्वास जागा है। हम सेवा और विकास के संकल्प के साथ इसी तरह तेजी से आगे बढ़ेंगे। हम देश कोए यूपी को नई ऊंचाई तक ले जाने के लिए मेहनत करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठकए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंहए मंत्री राकेश सचानए एके शर्माए प्रतिभा शुक्लाए अजीत पालए सोमेंद्र तोमरए सांसद अशोक रावतए देवेंद्र सिंह भोलेए रमेश अवस्थीए महापौर प्रमिला पांडेए जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल अरुण समेत अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी मौजूद रहे।

## आत्मनिर्भर...

मुख्यमंत्री योगी ने गिनाई ऊर्ज़ा क्षेत्र में यूपी की उपलब्धियांउत्तर प्रदेश की ऊर्ज़ा क्षेत्र का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पनकी, घाटमपुर, जवाहरपुर (एटा), ओबरा (सोनभद्र) और खुर्ज़ा (बुलंदशहर) में थर्मल पावर प्लांट्स की शुरुआत से प्रदेश की विद्युत क्षमता 15,000 मेगावाट से बढ़कर 25,000 मेगावाट तक पहुंच गई है। वर्ष के अंत तक इसमें 4000 मेगावाट की और बढ़ोतरी होगी। यूपी की उपलब्धियों को गिनाते हुए योगी ने बताया कि प्रदेश के एक लाख 21 हजार मजरे तक बिजली पहुंच चुकी है और 1.78 करोड़ गरीब परिवारों को मुफ्त कनेक्शन दिए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत अब तक 1.31 लाख घरों में मुफ्त रूफटॉप सोलर की सुविधा पहुंचाई गई है और 11 लाख से अधिक आवेदनों का लक्ष्य जल्द ही पूर्ण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कानपुर से शुरू हुई यह विकास यात्रा सिर्फ एक शहर की नहीं, बल्कि समूचे उत्तर प्रदेश की प्रगति की कहानी है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यूपी आज सुरक्षा से लेकर समृद्धि तक हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

## बकरीद...

परेशानी है, वहां कम से कम बकरे की क़ुर्बानी ज़रूर की जाए और उसकी सूचना प्रशासनिक दफ्तर में दर्ज करा दी जाए ताकि भविष्य में कोई समस्या न हो। जमीअत अध्यक्ष ने देश के मुसलमानों को ईद-उल-अज़हा के मौके पर साफ़-सफ़ाई का ख़ास ध्यान रखने की अपील करते हुए कहा कि जानवरों के अवशेषों को सड़कों, गलियों और नालियों में न फेंकें, बल्कि इस तरह से दफ़न किया जाए कि बदबू न फैले। हर मुमकिन कोशिश की जाए कि हमारी किसी हरकत से किसी को तकलीफ न पहुंचे। साम्प्रदायिक तत्वों की ओर से किसी भी तरह की उकसावे वाली कार्रवाई पर सब्र और संयम का प्रदर्शन करते हुए, मामले की शिकायत स्थानीय थाने में ज़रूर दर्ज करा दें। हमें हरगिज़ मायूस नहीं होना चाहिए, बल्कि अल्लाह पर पूरा भरोसा रखते हुए हालात का मुक़ाबला अमन-शांति, प्यार-मुहब्बत और सब्र-सुकून के साथ करना चाहिए।इस मौके पर उन्होंने ने यह भी अपील की कि प्रचार?-प्रसार और ख़ासतौर पर सोशल मीडिया पर क़ुर्बानी के जानवरों की तस्वीरें आदि साझा करने से बचा जाए।

## पाकिस्तानी ...

भी नागरिक को नुकसान नहीं पहुंचाया है। शाह ने कहा कि पाकिस्तान ने नागरिकों के घरों, मंदिरों, गुरुद्वारों और मस्जिदों को निशाना बनाया। पाकिस्तान ने नागरिकों को मानव ढाल के तौर पर इस्तेमाल किया। इस उकसावे के बाद ही हमारे बलों ने मजबूती और सटीकता के साथ जवाब दिया। शाह ने कहा कि क्षतिग्रस्त घरों, व्यवसायों और धार्मिक स्थलों के लिए केंद्र जल्द ही एक पैकेज पेश करेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तानी आक्रमण का दृढ़ जवाब देने के लिए बीएसएफ की सराहना की और कहा कि जम्मू सीमा पर जवाबी कार्रवाई में 118 से अधिक दुश्मन चौकियां नष्ट और क्षतिग्रस्त हो गईं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जम्मू और कश्मीर की अपनी पहली यात्रा के दौरान उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा बल ने दुश्मन के निगरानी नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया है, जिसे ठीक करने में उन्हें सालों लगेंगे। सुरक्षा स्थिति, अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करने और पाकिस्तानी गोलाबारी के पीड़ितों से बातचीत करने के बाद उन्होंने जम्मू क्षेत्र के अपने दो दिवसीय दौरे का समापन किया। शांति के समय में भी बीएसएफ की तत्परता की प्रशंसा करते हुए शाह ने कहा कि उनकी खुफिया जानकारी ने सटीक पूर्व-निवारक कार्रवाई को सक्षम बनाया। इस उपलब्धि को अपार देशभक्ति और बलिदान का प्रतिबिंब बताते हुए शाह ने कहा कि ऐसी बहादुरी तभी सामने आती है जब राष्ट्र पर गर्व हो, दिल में देशभक्ति की भावना हो और सर्वोच्च बलिदान का जुनून हो। तभी ऐसे परिणाम संभव हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बीएसएफ भारत की रक्षा की पहली पंक्ति के रूप में काम करना जारी रखता है, जो रेगिस्तान, पहाड़ों, जंगलों और बीहड़ इलाकों में अटूट समर्पण के साथ काम करता है। केंद्रीय गृह मंत्री ने सरकार और देश के नागरिकों की ओर से बीएसएफ जवानों के प्रति आभार व्यक्त किया।-

## पुंछ...

पर गोलीबारी की गई। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया पाकिस्तान के हमले की निंदा कर रही है। भारतीय सशस्त्र बलों ने नौ पाकिस्तानी हवाई ठिकानों को नष्ट करके मुंहतोड़ जवाब दिया और परिणामस्वरूप उन्हें संघर्ष विराम के लिए आगे आना पड़ा।

अमित शाह ने आगे कहा कि 7 मई की रात को भारतीय सशस्त्र बलों ने एक निर्णायक अभियान चलाया, जिसमें आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया। उन्होंने कहा कि यह करोड़ों भारतीयों की ओर से आतंकियों को करारा जवाब था। इस ऑपरेशन में सैकड़ों आतंकी मारे गए। उन्होंने कहा कि हमने आतंकियों पर हमला किया, लेकिन पाकिस्तान ने इसे खुद पर हमला माना। उन्होंने दुनिया को दिखा दिया कि वह ही आतंकियों को पनाह दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने संदेश दिया है कि भारत निर्दोष नागरिकों, भारतीय सशस्त्र बलों पर किसी भी हमले को बर्दाश्त नहीं करेगा और हर हमले का और अधिक सटीकता के साथ जवाब दिया जाएगा।

गृह मंत्री ने खानेतर में यूनिट मुख्यालय में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों से भी बातचीत की और ऑपरेशन सिंदूर में उनकी भूमिका की प्रशंसा की। शाह ने गोलाबारी में क्षतिग्रस्त धार्मिक स्थलों का दौरा किया और अमरनाथ यात्रा से पहले सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर का विकास जो 2014 में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के तहत शुरू हुआ था। हालिया उकसावे के बावजूद जम्मू-कश्मीर का विकास न रुकेगा, न धीमा होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि भारत को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने वालों को ल्लकड़ी और निर्णायकङ्क प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ेगा।

## भारत ...

और टॉरपीडो से कई सफल फायरिंग की, जो प्लेटफॉर्म, सिस्टम और चालक दल की युद्ध तत्परता को दिखाता है। इन लंबी दूरी के सटीक हमलों ने दुश्मन के खिलाफ हमारे इरादों और तत्परता को भी दिखाया और दुश्मन इसी से रक्षात्मक मुद्रा में आ गया।

ऑपरेशन 'सिंदूर' के दौरान आईएनएस विक्रांत की तैनाती ने हमारे इरादे और क्षमता का प्रभावशाली संकेत दिया। आपकी इस मजबूत तैयारी ने दुश्मन के हौसले को पहले ही पस्त कर दिया। पाकिस्तान के लिए आपकी तैयारी मात्र ही बहुत थी। आपको तो एक्शन की जरूरत ही नहीं पड़ी, आपकी तैयारी से ही दुश्मन सकते में आ गया। पाकिस्तान ने भारतीय नौसेना की प्रचंड शक्ति, उसकी सैन्य सूझबूझ और विध्वंसक क्षमताओं को न सिर्फ महसूस किया, बल्कि वे उससे भयभीत भी हुए। आपकी मौजूदगी ने दुश्मन को शुरू होने से पहले ही रोक दिया।

रक्षा मंत्री ने कहा कि आज हम गोवा के तट से कुछ ही दूरी पर हैं। आप सभी जानते होंगे कि 1961 में गोवा की आजादी के ऑपरेशन में भी भारतीय नौसेना ने दुश्मनों के युद्धपोतों और उनके सैन्य ठिकानों पर अलग-अलग ऑपरेशन किया था। उस अभियान ने भारत से उपनिवेशीकरण को खत्म कर दिया था। उस ऑपरेशन में भी पूर्ववर्ती आईएनएस विक्रांत ने भारतीय नौसेना के बेड़े की अगुवाई की थी। आज एक बार फिर आईएनएस विक्रांत अपने नए अवतार में उग्रवादियों के खिलाफ भारत के संकल्प का नेतृत्व कर रहा है।

## अंकिता ...

ने तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अदालत के बाहर आज सुरक्षा के लिहाज से भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। साथ ही सुबह से ही अदालत परिसर में भीड़ जमा हो गयी। पुलिस ने भीड़ को रोकने के लिये बेरिकेटिंग की व्यवस्था कीए लेकिन भीड़ ने बेरिकेटिंग को तोड़ दिया। पुलिस ने हालांकि समय रहते भीड़ पर नियंत्रण पा लिया था।

